फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 14 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -203, पृष्ठ - 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर 16

मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे में उर्फी जावेद 2

2019 से कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र
- खरीद तिथि, खरीददार के नाम और मूल्य का दिया है विवरण

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी के बीच राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे, जिनमें से 22,030 बॉण्ड को भुनाया गया। शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में, एसबीआई ने कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को व्यावसायिक कामकाज बंद होने से पहले भारत निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण उपलब्ध करा दिया है। हलफनामें में कहा गया है कि प्रत्येक चुनावी बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीददार के नाम और खरीदे गए बॉण्ड के मूल्यवर्ग सहित सभी विवरण प्रस्तुत किए गए हैं।

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉण्ड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिए हैं। इसमें कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 की अवधि के दौरान कुल 22,217 बॉण्ड खरीदे गए। हलफनामे में कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 11 अप्रैल 2019 के बीच कुल 3,346 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए और 1,609 भुनाए गए। इसमें आगे कहा गया है कि 12 अप्रैल, 2019 से इस साल 15 फरवरी तक कुल 18,871 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए और 20,421 भुनाए गए। निर्वाचन आयोग अपनी वेबसाइट पर 15 मार्च को जानकारी साझा करेगा।

न भुनाए गए बॉण्ड पीएम राष्ट्रीय राहत कोष को भेजे

बैंक की ओर से निर्वाचन आयोग को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान 15 दिनों की वैधता अवधि के भीतर राजनीतिक दलों द्वारा जिन चुनावी बॉण्ड को भुनाया नहीं गया था, उन्हें दो जनवरी 2018 के राजपत्र अधिसूचना संख्या 20 के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस महीने की 11 तारीख को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण मुहैया कराने का आदेश दिया था।

निवेशकों के डूबे 13.47 लाख करोड़

- सेंसेक्स ने लगाया 906 अंक का गोता, निफ्टी 338 अंक टूटा

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से अधिक का गोता लगाते हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांकों में तीव्र गिरावट के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

निवेशकों के 13.47 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 13,47,822.84 करोड़ रुपये घटकर 3,72,16,602.67 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। लेकिन दोपहर के कारोबार में बिकवाली दबाव से सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 906.07 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,761.89 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,152.25 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 338 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,997.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड में सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

नियंत्रण से बाहर नहीं बाजार : उदय कोटक

बीएसई 'स्मॉलकैप' सूचकांक 5.11 प्रतिशत जबकि 'मिडकैप' सूचकांक 4.20 प्रतिशत नीचे आया। इस बीच, जाने-माने उद्योगपति उदय कोटक ने बुधवार को कहा कि बाजार में 'थोड़ा बुलबुला' हो सकता है, लेकिन बाजार नियंत्रण से बाहर नहीं हैं। कोटक का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच बयान के दो दिन बाद आया है। उन्होंने कहा था कि छोटे और मझोली कंपनियों के शेयरों में तेजी को लेकर कुछ 'बुलबुले' की गुंजाइश है और नियामक इसपर एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए विचार कर रहा है।

एक नजर

मणिपुर में स्वयंभू सेना प्रमुख सहित दो गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में पुलिस, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने एक संयुक्त अभियान में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पी) (यूएनएलएफ-पी) के दो अहम सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि प्रतिबंधित संगठन के स्वयंभू सेना प्रमुख थोकचोम थोइबा और यूएनएलएफ (पी) से जुड़े लेफ्टिनेंट कर्नल लाइमायुम इंगबा को संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है। थोइबा और इंगबा को गिरफ्तार करने के तुरंत बाद विमान से दिल्ली ले जाया गया, जहां एनआईए के अधिकारी पूछताछ करेंगे।

कैंसर की नकली दवा बनाने में छात्र गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कैंसर की 'नकली' दवा बनाने वाले गिरोह में कथित संलिप्तता को लेकर बुधवार को आईआईटी-बीएचयू के एक पूर्व छात्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस मामले में एक दिन पहले सात लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि आदित्य कृष्ण (23) पुणे और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कैंसर की नकली दवाओं की आपूर्ति करता था। उसे बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली से नीरज चौहान (38) सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया था।

पहले सरकारें विवाद खड़ा करती थीं, अब किया जाता है समाधान

मुख्यमंत्री योगी ने कहा-गंगा एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा फर्रुखाबाद, लोकार्पण करने आऊंगा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद/उन्नाव

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उन्नाव और फर्रुखाबाद में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन और अन्य दलों पर जमकर प्रहार किया।

फर्रुखाबाद में उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा और इसका उद्घाटन करने मैं फिर आऊंगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां क्रिश्चियन कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि जब गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर गोलियां चलवाते हैं, लेकिन जब अच्छी और संवेदनशील सरकार आती है तो रामभक्तों को सिर माथे पर बिठाती है। आज रामभक्तों को अयोध्या में सुगम दर्शन कराया जा रहा है। पहले की सरकारें केवल विवाद खड़ा करती थीं, आज विवाद नहीं, हर समस्या का समाधान किया जाता है। मुख्यमंत्री ने फर्रुखाबाद के लिए 288 करोड़ रुपये से 102 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने एग्री स्टेक योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 10 मिनट में लोन की सुविधा प्रदान करने के पॉयलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ भी किया। लोकसभा का चुनावी बिगुल फूंकते हुए उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में बाहरी लोग प्रवेश कर रहे हैं। इन्हें मुंह की खिलानी है। सांसद मुकेश राजपूत को पिछले चुनाव से दोगुने ज्यादा मतों से विजयी बनाना है। उन्होंने पांच छात्रों को टेबलेट भी दिए।

इससे पहले उन्नाव में मुख्यमंत्री ने बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर चौरासी अंतर्गत नवोदय विद्यालय प्रांगण में आयोजित जनसभा में कहा कि एक समय था जब भारत पर कब्जा करके ब्रिटेन ने 200 साल तक राज किया था। लेकिन आज मोदी सरकार में देश ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में ब्रिटेन को पछाड़ दिया है। देश और देशवासियों को दुनिया में आज सम्मान की नजर से देखा जाता है। भारत बीते 10 वर्षों में विश्व में नेतृत्वकर्ता के रूप में खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री ने जनता से कहा कि आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार है। आप लोग बताओ, क्या कांग्रेस या सपा राम मंदिर बनवा सकती थी।

उन्नाव के चंद्रिका खेड़ा गांव में शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा और स्मारक का किया अनावरण

मुख्यमंत्री ने फतेहपुर चौरासी क्षेत्र स्थित चंद्रिका खेड़ा गांव में अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा और स्मारक का लोकार्पण करने के साथ ही जिले के लिए 241.261 करोड़ की विकास योजनाओं का भी लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। इस दौरान उन्नाव से भाजपा प्रत्याशी, मौजूदा सांसद साक्षी महाराज के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने की अपील की।

- फर्रुखाबाद में 288 करोड़, उन्नाव में 241 करोड़ की योजनाओं का किया गया लोकार्पण-शिलान्यास

सुप्रीम कोर्ट याचिका पर कल करेगा सुनवाई

निर्वाचन आयुक्त नियुक्ति विवाद

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए बनी समिति में प्रधान न्यायाधीश को शामिल नहीं किए जाने को चुनौती देने वाली एक गैर-सरकारी संगठन की याचिका पर 15 मार्च को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। शीर्ष अदालत ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आयोग को ''राजनीति और कार्यपालिका के हस्तक्षेप'' से दूर रखने के आधार पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। भूषण ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि मुझे अभी प्रधान न्यायाधीश से संदेश मिला है कि इसे शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। एनजीओ ने 'मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम, 2023' के एक प्रावधान की वैधता को चुनौती दी है।

फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

तीन दशक पुराने केस में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- अदालत ने अंसारी पर 2 लाख 2 हजार का जुर्माना भी लगाया

अमृत विचार : तीन दशक पुराने फर्जी शस्त्र लाइसेंस के मामले में दोषी पाए जाने के बाद बुधवार को मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने उसपर 2 लाख 2 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अंसारी को दूसरी बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अब तक आठ मामलों में माफिया को सजा सुनाई जा चुकी है।

न्यायालयों में चल रहे मामलों में राज्य सरकार द्वारा की जा रही प्रभावी पैरवी के कारण माफिया मुख्तार अंसारी को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट वाराणसी, अवनीश गौतम की अदालत ने मुख्तार अंसारी को डीएम-एसपी के फर्जी हस्ताक्षर पर शस्त्र लाइसेंस लेने के मामले में सजा सुनाई है।

साल 1990 में थाना मोहम्मदाबाद गाजीपुर में दर्ज तीन और कोतवाली गाजीपुर में दर्ज एक मामले में हुई सुनवाई और प्रभावी पैरवी के बाद चारों धाराओं में अलग अलग सजा सुनाई गई है। इसमें 420/120 बी आईपीसी में सात साल, 467/120 बी आईपीसी में आजीवन कारावास, 468/120 बी में 7 वर्ष और 30 आयुध अधिनियम में 6 माह की सजा सुनाई गई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। इसके अलावा मुख्तार अंसारी पर अलग-अलग कुल 2 लाख दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 1 साल 1 हफ्ते के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान है। मालूम हो कि इससे पहले राज्य सरकार की प्रभावी पैरवी के कारण कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में भी माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सुनाई जा चुकी है।

लोकसभा चुनाव : भाजपा की दूसरी सूची में गडकरी, गोयल और खट्टर समेत 72 प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुराग ठाकुर

नितिन गडकरी

पीयूष गोयल

मनोहर लाल खट्टर

- अनुराग ठाकुर हमीरपुर तो प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से लड़ेंगे

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमशः मनोहर लाल खट्टर और बसवराज बोम्मई सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं। गडकरी एक बार फिर नागपुर से चुनाव लड़ेंगे जबकि गोयल मुंबई (उत्तर) से पहली बार लोकसभा चुनाव मैदान में उतरेंगे। खट्टर को हरियाणा के करनाल से और बोम्मई को हावेरी से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एक बार फिर हमीरपुर से, प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से, भगवंत खूबा महाराष्ट्र के बीदर और भारती प्रवीण पवार डिंडोरी से मैदान में होंगे। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के दामाद सीएन मंजूनाथ को बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है जहां उनका मुकाबला कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश से होगा। पार्टी ने पूर्वी दिल्ली से गौतम गंभीर की जगह हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से हंसराज हंस की जगह योगेंद्र चंदौलिया को उम्मीदवार बनाया है।

खतरनाक कुत्तों के आयात ब्रीडिंग पर रोक की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र सरकार ने राज्यों को भेजा प्रतिबंध लगाने संबंधी पत्र

इन दिनों खतरनाक कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। देश के कई हिस्से से लोगों पर कुत्तों के हमला करने की खबरें आ रही हैं। जिसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद केंद्र सरकार खतरनाक कुत्तों के पालने पर रोक लगाने की सोच रहा है। केंद्र ने पिटबुल, रॉटवीलर, टेरियर, वोल्फ डॉग और मैस्टिफ्स जैसे खतरनाक प्रजाति के कुत्तों के आयात, ब्रीडिंग और खरीद-फ़रोख्त पर रोक लगाने के लिए राज्यों को पत्र लिखकर कहा है कि सरकार अपने राज्य में स्थानीय निकायों से बात करके इस पर प्रतिबंध लागू करवाएं।

दरअसल दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वो तीन महीने के अंदर सभी स्टेकहोल्डर्स से बात कर फैसला लें। ऐसे में जिन लोगों के पास पहले से इन प्रजाति के कुत्ते हैं, उनको भी स्टेरिलाइजिंग करने पर जोर दिया गया है, ताकि वो ब्रीडिंग ना कर सकें। जिन प्रजातियों को प्रतिबंध करने की बात की गई है, उनमें लगभग दो दर्जन खतरनाक प्रजाति के कुत्ते शामिल हैं, जिनमें पिटबुल और रॉटविलर भी शामिल हैं।

पुलिस भर्ती परीक्षा : पेपर आउट कराने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- परीक्षा की दूसरी पाली में की थी सेंधमारी, पेपर व उत्तर कुंजी बरामद
- दिल्ली पुलिस का जवान था पेपर आउट कराने का मुख्य साजिशकर्ता

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पकड़ने में यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ ने पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान महेन्द्र शर्मा बराह खुर्द थाना कोतवाली जनपद जींद, हरियाणा के रूप में की गई है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक प्रश्न-पत्र, एक उत्तर कुंजी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ थाना कंकरखेड़ा जनपद मेरठ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एसटीएफ ने हरियाणा में थाना कोतवाली जींद के पिल्लुखेडा रेलवे फाटक के पास स्टेट बैंक की बेसमेंट में बनी दुकान से आरोपी महेन्द्र को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी महेन्द्र शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह जींद की एक दुकान में काम करता था। 15 फरवरी 2024 को उसके गांव का विक्रम पहल, जो दिल्ली पुलिस में है, उसे अपने साथ मानेसर गुरुग्राम स्थित रिसोर्ट पर ले गया तथा बोला कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न-पत्र आने वाला है। मेरा सहयोग करो, तुमको भी एक-दो लाख रुपये दे दूंगा।

गुरुग्राम के रिसॉर्ट में रची साजिश

16 फरवरी 2024 को लगभग 11 बजे विक्रम पहल अपने साथियों के साथ यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र व उत्तरकुंजी लेकर आया था। उसके साथ मोनू शर्मा निवासी ढाकला जनपद झज्जर, विक्रम दहिया जनपद सोनीपत एवं कुछ अन्य लोग भी थे। गुरुग्राम रिसॉर्ट में परीक्षार्थियों को पेपर पढ़वाने की बात हुई थी।

राष्ट्रपति ने उत्तराखंड के यूसीसी बिल को दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- उत्तराखंड शासन को भेजी सूचना, जल्द लागू होगा कानून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक-2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। राष्ट्रपति भवन की ओर से उसकी सूचना उत्तराखंड शासन को दे दी गई है। राज्य सरकार की ओर से इसकी अधिसूचना भी जारी की गई है। यूसीसी की नियमावली बनते ही इसका नोटिफिकेशन लागू किया जाएगा और उत्तराखंड समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधेयक को मंजूरी देने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार जताया है। साथ ही कहा कि जल्द ही इस कानून को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 6 फरवरी को समान नागरिक संहिता विधेयक विशेष सत्र में विधानसभा के सदन में पेश किया था। इसके बाद विधानसभा में विधेयक पारित हो गया था। यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत था इसलिए इस विधेयक को कानून बनाने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी लेना अनिवार्य था।

पेटीएम फास्टैग को 15 मार्च से पहले बदल लें

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने और टोल प्लाजा पर असुविधा से बचने के लिए 15 मार्च से पहले किसी अन्य बैंक से नया फास्टैग लेने की सलाह दी है। इससे यात्री राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या दोहरे शुल्क से बच सकेंगे। बयान में कहा गया है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से संबंधित प्रतिबंधों पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के बाद पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं के पास 15 मार्च, 2024 के बाद अपने बैलेंस को रिचार्ज या टॉप-अप करने का विकल्प नहीं होगा।

कांग्रेस देगी गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये

धुले (महाराष्ट्र), एजेंसी

- सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण भी देंगे : राहुल गांधी
- पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने की पांच नारी न्याय गारंटी देने की घोषणा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पांच नारी न्याय गारंटी दी जाएगी जिनमें गरीब महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये वार्षिक जमा किए जाने के साथ ही सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत महाराष्ट्र के धुले जिले में एक महिला रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने ''पांच नारी न्याय गारंटी'' की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गरीब महिलाओं के बैंक खातों में वार्षिक एक लाख रुपये जमा किए जाएंगे और सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

राहुल गांधी ने यह भी वादा किया कि मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए बजट में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उनके मामले लड़ने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। गांधी ने पांच गारंटियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश के हर जिले में महिलाओं के लिए सावित्रीबाई फुले छात्रावास स्थापित किए जाएंगे।

आधी आबादी को देंगे उसका पूरा हक : खरगे

गांधी के भाषण से पहले पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो बयान में कहा था कि महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब महिलाओं के बैंक खातों में सालाना एक लाख रुपये जमा कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी पूरा हक, जिसका मतलब है सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए केंद्र सरकार का बजटीय हिस्सा दोगुना किया जाएगा।

आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को हटाएंगे : रमेश

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। पिछली कांग्रेस सरकारों द्वारा शुरू की गई अनुसूचित जाति योजना और अनुसूचित जनजाति उप-योजना को नरेंद्र मोदी सरकार ने खत्म कर दिया था। उनकी पार्टी की सरकार सत्ता में आने पर विभिन्न जातियों और समुदायों की आबादी के अनुसार बजटीय हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए एक कानून लाएगी।

ऐसा लग रहा है जैसे फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं: पंत

14 महीने बाद क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार, बीसीसीआई ने आईपीएल के लिए किया था फिट घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

दुर्घटना में चोटिल होने के 14 महीने बाद क्रिकेट के लिए तैयार ऋषभ पंत किसी पदार्पण करने वाले खिलाड़ी की तरह ही नर्वस महसूस कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट घोषित कर दिया था। वह दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा, जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से होगा।

पंत दिसंबर 2022 में अपने घर रुड़की जाते समय दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने अस्पताल और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लंबा समय

- मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होने वाले मैच में दिल्ली की करेंगे अगुवाई

बिताया। पंत ने कहा कि मैं उत्साहित हूं लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं। ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं। मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलना चमत्कार से काम नहीं है। मैं अपने शुभचिंतकों तथा बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं। उनका प्यार और समर्थन मुझे मजबूती प्रदान करता रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व अभ्यास शिविर से जुड़ने के बारे में पंत ने कहा कि मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी को लेकर उत्साहित हूं। यह ऐसा टूर्नामेंट है जिसे खेलने का मैं पूरा लुत्फ उठाता हूं। हमारी टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ ने शुरू से मेरा समर्थन किया, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के परिवार और प्रशंसकों के सामने खेलने को लेकर बेताब हूं। बीसीसीआई ने पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर फिट घोषित किया है और संभावना है कि वह यह दोनों भूमिका निभाएंगे। पंत ने भारत की तरफ से 33 टेस्ट, 30 वनडे और 66 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं : शमी

नई दिल्ली। मोहम्मद शमी के टखने के ऑपरेशन के बाद अब टांके काट दिए गए हैं और इस तेज गेंदबाज ने बुधवार को कहा कि वह उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी चोट से इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले

महीने टखने का ऑपरेशन करवाया था और इस कारण वह आईपीएल में भी नहीं खेल पाएंगे। शमी ने अपनी तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, सभी को नमस्कार। मैं अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया का अपडेट देना चाहता हूं। ऑपरेशन को 15 दिन हो गए हैं और हाल में टांके काट दिए गए। मैं इस प्रगति से खुश हूं और उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं।

बुमराह की जगह अश्विन बने शीर्ष गेंदबाज

दुबई, एजेंसी

अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बुधवार को जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी हुई है।

अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट मैच की पहली पारी में 4 और दूसरी में 5 विकेट लिए थे। उन्होंने 36वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की थी। इस टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में 5 स्थान का सुधार किया। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज केन विलियमसन से 108 रेटिंग पीछे हैं। यशस्वी



आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

जायसवाल (आठवें) और शुभमन गिल (20वें) भी सर्वश्रेष्ट रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। बुमराह दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वह इस स्थान को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के साथ साझा कर रहे हैं। हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए दूसरे टेस्ट में 6 विकेट लिए थे। खब्बू स्पिनर कुलदीप यादव करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पाने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (12वें स्थान पर) भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में पहले जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर बने हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (आठवें) और हेनरी (11वें) भी अपनी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रहे।

खेल डायरी

आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे बेयरस्टो धर्मशाला में दो मैच खेलेगा पंजाब

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत दौरे के बाद स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी। कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आईपीएल के सूत्रों ने कहा कि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज बेयरस्टो 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे तथा टीम के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

जेद्दा (सऊदी अरब), एजेंसी। सऊदी अरब की टीम अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर फुटबॉल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अल हिलाल ने अल इतिहाद को 2-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल करने के साथ एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के बीच पहले चरण का मैच भी अल हिलाल ने जीता था और उसने अपने घरेलू प्रतिद्वंदी अल इतिहाद को 4-0 के अंतर से पराजित किया। सऊदी अरब की घरेलू लीग में 18 बार की चैंपियन अल हिलाल ने वेल्स की टीम द न्यू सेंट्स के 2016-17 के सत्र में लगातार 27 जीत दर्ज करने के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। अल हिलाल ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल 21 सितंबर को मैच नहीं जीता था।

बार्सिलोना और आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में

बार्सिलोना, एजेंसी। स्पेन के शीर्ष क्लब बार्सिलोना ने चार साल जबकि इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल ने 14 साल बाद चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांच बार के यूरोपीय चैंपियन बार्सिलोना ने नैपोली को 3-1 से हराकर अंतिम 8 में जगह सुरक्षित की। इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच 1-1 से बराबर रहा था और इस तरह से बार्सिलोना ने 4-2 के कुल योग से जीत हासिल की। बार्सिलोना के लिए फर्मिन लोपेज़, जोआओ कैंसलो और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने गोल किए। नैपोली की तरफ से एकमात्र गोल अमीर रहमानी ने किया। बार्सिलोना दो वर्षों में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ा था। वह 2019-20 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार मिली थी।

रचिन रवींद्र 'सर रिचर्ड हैडली मेडल' से पुरस्कृत होने वाले बने सबसे युवा खिलाड़ी

क्राइस्टचर्च, एजेंसी। भारत में पिछले साल हुए विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रचिन रवींद्र बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुने जाने के बाद सर रिचर्ड हैडली पदक पाने वाले कम उम्र के खिलाड़ी बने। महिलाओं में एमेलिया केर ने वार्षिक पुरस्कारों में प्रमुख पुरस्कार जीते हैं। केन विलियमसन को टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एएनजेड साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें पुरुष वर्ग में प्रथम श्रेणी में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'रेडपाथ कप' से सम्मानित किया गया। रवींद्र महज 24 साल की उम्र में 'सर रिचर्ड हैडली मेडल' विजेता हैं। वह पिछले सत्र में टेस्ट और सीमित ओवर की क्रिकेट में न्यूजीलैंड टीम के मुख्य स्तंभ के तौर पर उभरे हैं। पिछले साल मार्च में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद रवींद्र ने भारत में खेल गए विश्व कप में 64 की औसत से 578 रन बनाए। उन्होंने तीन शतक और दो अर्धशतक जड़े। इस प्रदर्शन के बाद रवींद्र 2023 के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए खिलाड़ी चुने गए थे। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ साढ़े तीन लाख डॉलर का अनुबंध भी हासिल किया। उन्होंने तीनों प्रारूप में अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। इस बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बे ओवल में खेले गए टेस्ट में 240 रन बनाए थे। उन्होंने इसके साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भी दमदार प्रदर्शन किया। केर ने महिला श्रेणी के प्रमुख पुरस्कारों में सूपड़ा साफ किया। वह 'एएनजेड' वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई। उन्हें 'डेबी हॉकले मेडल' से सम्मानित किया गया।

खिताब के लिए एक दिन और करना होगा मुंबई को इंतजार

42वां रणजी ट्राफी: विदर्भ की टीम ने चौथे दिन 5 विकेट पर 248 रन बनाए

मुंबई, एजेंसी

करूण नायर (74) और कप्तान अक्षय वाडकर (56 नाबाद) ने जीत के लिए 538 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल के चौथे दिन पांच विकेट पर 248 रन बनाकर विदर्भ को मैच में बनाए रखा और 42वां रणजी खिताब जीतने के लिए मुंबई को एक दिन और इंतजार करना होगा।

पहले ही दिन से दबाव में आई विदर्भ को जीत के लिए असंभव सा लक्ष्य मुंबई की ओर से मिला। लेकिन उसके बल्लेबाजों ने चौथे दिन उम्दा खेल दिखाते हुए मेजबान गेंदबाजों को परेशान किया। इस सत्र की शुरूआत में ही विदर्भ से जुड़े नायर ने 220 गेंदों का सामना करके 287 मिनट तक बल्लेबाजी की और वह मुशीर खान की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मुशीर ने दूसरी पारी में 136 रन बनाने के बाद शानदार

- 538 रन का दुरूह लक्ष्य मुंबई ने रखा विदर्भ के सामने

गेंदबाजी भी की। कप्तान वाडकर चौथे दिन 56 रन बनाकर और हर्ष दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वाडकर ने 91 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। उन्होंने नायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 173 गेंद में 90 रन जोड़े। विदर्भ को अभी भी 290 रन चाहिए और उसके पांच विकेट

बाकी है। मुंबई की टीम ने पहले दो सत्र में दो-दो और फिर नायर का विकेट आखिरी सत्र में लिया।

वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर मुंबई की टीम ने सब कुछ आजमा लिया। मुंबई के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और दोनों स्पिनरों ने बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर करने की पूरी कोशिश की। विदर्भ की टीम के बल्लेबाजों की दाद देनी होगी कि इतने कठिन लक्ष्य के जवाब में भी उन्होंने आसानी से घुटने नहीं टेके। मुशीर ने मुंबई के लिए 17 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए और सबसे असरदार रहे। उन्होंने बेहतरीन गेंद पर नायर को आउट किया। तनुष कोटियान ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने ध्रुव शोरे (28) और यश राठौड़ (सात) को पवेलियन भेजा।

विदेशी बोर्ड से गठजोड़ पर रोक की तैयारी में लगा भारतीय बोर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस पर 18 मार्च को बीसीसीआई की बैठक में फैसला होगा।

बीसीसीआई को इस फैसले के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी के लिए बातचीत की है। इसकी पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड से प्रस्ताव मिला है। सूत्र ने बताया कि राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं, लेकिन ऐसी साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है। सभी बीसीसीआई के जरिए आगे बढ़ाए जाने चाहिए। शीर्ष परिषद की आगामी बैठक में क्रिकेट मैचों के आयोजन

- 18 मार्च को होने वाली शीर्ष बैठक में बोर्ड इस मामले पर ले सकता है फैसला

के लिए राज्य इकाइयों का विदेशी बोर्ड के साथ गठजोड़ पर चर्चा की होगी। इसके बाद बीसीसीआई इस पर फैसला करने का अधिकार अपने हाथ में ले लेगा। नेपाल की टीम इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारत के दौरे पर आ सकती है।

नेपाल क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पिछले महीने बीसीसीआई सचिव जय शाह के साथ बैठक की थी। बीसीसीआई इससे पहले भी एसोसिएट देशों की मदद करता रहा है। एक समय अफगानिस्तान ने भारत को अपना घरेलू स्थल बनाया था। उसने तब देहरादून और ग्रेटर नोएडा में अभ्यास करने के अलावा मैच भी खेले थे। एसोसिएट देश मदद के लिए केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य पूर्णकालिक सदस्य देशों से भी संपर्क कर रहे हैं।

अल्कराज क्वार्टर फाइनल में, सिनर की 18वीं जीत

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी

कार्लोस अल्कराज ने फैबियन मारोज्सन से पिछली हार का बदला लेते हुए बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चैंपियन यानिक सिनर ने लगातार 18वां मैच जीता।

अल्कराज पिछले साल इटालियन ओपन में हंगरी के खिलाड़ी से हार गए थे, लेकिन यहां उन्होंने सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। नोवाक जोकोविच की लुका नार्डी के हाथों हार के बाद स्पेन के अल्कराज को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अल्कराज का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद जीत हासिल की। सिनर ने बेन शेल्टन को हराकर लगातार 18वीं जीत हासिल की। इटली का यह खिलाड़ी 2024 की शुरुआत से लेकर अभी तक 15 मैच जीत चुका है। यह हार्डकोर्ट पर उनकी 150वीं जीत है। सिनर क्वार्टर फाइनल में जिरी लेहेका से

बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट

भिड़ेंगे, जिन्होंने स्टेफानोस सिटसिपास पर जीत हासिल की। महिला वर्ग में यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक ने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को और अनास्तासिया पोटापोवा ने जैस्मीन पाओलिनी को हराया।

कुलदीप को एहसास था कि वह मेरा टेस्ट क्रिकेट में 700वां विकेट बनेगा: एंडरसन

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास था कि वह उनका टेस्ट में 700वां विकेट बनेंगे। एंडरसन ने धर्मशाला टेस्ट में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके 700वां विकेट लिया था। एंडरसन यह उपलब्धि पाने वाले पहले और कुल तीसरे गेंदबाज बने। उन्होंने 187वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि पाई।

एंडरसन ने कहा कि कुलदीप ने मेरी एक गेंद थर्ड मैन पर खेल कर

एक रन लिया। जब वह नॉन स्ट्राइकर छोर पर पहुंचा तो तब मैं रनअप पर जा रहा था। तब उसने कहा, 'मैं आपका 700वां विकेट बनने जा रहा हूं। उसके कहने का मतलब यह नहीं था कि वह आउट होने की कोशिश कर रहा है। वह सिर्फ यह बता रहा था कि उसे ऐसा एहसास हो रहा है। उसकी बात पर हम दोनों हंस पड़े थे। एंडरसन ने कहा कि अगर इंग्लैंड यह श्रृंखला जीती होती तो उनकी खुशी दोगुना होती। उन्होंने कहा कि मैंने जश्न नहीं मनाया। जश्न मनाने के लिए कुछ था भी नहीं। एक दर्शनीय मैदान पर उपलब्धि हासिल करना अच्छा पल था लेकिन अगर हमने जीत हासिल की होती तो मैं अधिक उत्साहित होता। मैं रिकॉर्ड के लिए क्रिकेट नहीं खेलता, मैं अपनी टीम को मैच जिताने के लिए क्रिकेट खेलता हूं।

बॉलीवुड हलचल

सलमान को पसंद आयुष की फिल्म रुसलान

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता सलमान खान को अपने बहनोई आयुष शर्मा की फिल्म 'रूसलान' का टीजर पसंद आया है। आयुष 2018 में लवयात्री और 2021 में सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में थे। आयुष अब एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुसलान' में नजर आएंगे। सलमान खान ने इसका टीजर इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। साथ ही आयुष शर्मा समेत बाकी टीम को बधाई दी है। सलमान खान के पोस्ट के बाद आयुष शर्मा ने इस पर रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट में कहा, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया भाई। निर्देशक करण एल बुटानी ने भी सलमान को धन्यवाद दिया। करण ने कमेंट लिखा, आपके सपोर्ट और प्यार के लिए धन्यवाद सर। करण बुटानी के निर्देशन में बनी 'रुसलान' 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला

मुंबई, एजेंसी। अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला रिलीज हो गया है। गीत के माध्यम से अंकुश राजा ने अवध की होली का बखान किया है और बताया है कि कैसे रामलला भी अवध में होली खेला करते थे। अंकुश राजा का यह होली गीत उनके अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल अंकुश राजा भक्ति पर रिलीज हुआ है। होली खेले रामलला में अंकुश राजा ने भगवान राम की रघुराई और अवध की होली को अपने गीत में प्रयोग कर पेश किया है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि होली में अलग-अलग तरह के गीत-संगीत का दौर चलता रहता है, लेकिन हमने इस बार रामलला के आगमन की खुशी में यह गीत बनाया है और हम उनके चरणों में समर्पित भी करते हैं। होली खेले रामलला के गीतकार छोटू रावत और संगीतकार रजनी रंगीला हैं। वीडियो आशीष सत्यार्थी का है। डीओपी संतोष यादव हैं।

विवान ने परिजनों का जताया आभार

जिन्होंने उन्हें भारतीय साहित्य की गहराई को समझाया

नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक शाह ने 'मोटली प्रोडक्शंस' नामक थियेटर ग्रुप में अथाह श्रम और समय निवेश किया है और उन्हीं के कारण रंगमंच में अनुशासन की अहमियत को विवान शाह अच्छी तरह समझते हैं। उन्हें साहित्य से बेहद लगाव है और वे कहते हैं, "मेरे माता-पिता ने इस्मत चुग़ताई और मंटो की कहानियों का मंचन किया है और उनकी वजह से मैं भारतीय साहित्य की समृद्धता से परिचित हूं। प्रेमचंद मेरे पसंदीदा लेखक है और 'गुल्ली डंडा' उनकी सबसे मर्मस्पर्शी कहानियों में से एक है। 'कोई बात चले' जैसी श्रृंखला का हिस्सा होना और सीमा पाहवा के निर्देशन में काम करना भी मेरे लिए बेहद खुशी, सम्मान और आदर की बात थी। कहानी के कई किरदारों को बिना एक बड़े सेट के और बेहद नपी तुली आवाज़ के ज़रिए निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विवान को 'गुल्ली डंडा' के सूक्ष्मार्थ को उजागर करने में खासा आनंद मिला। उनका कहना है, प्रेमचंद उन बातों का बहुत सूक्ष्मता से वर्णन करते हैं जिन्हें हम अक्सर अनदेखा करते हैं। सीमा जी ने इस कहानी के कई आयामों को उजागर करने में मेरी मदद की और भाषा की विविधताओं के साथ न्याय करने में भी वो मेरी सहायक बनीं। विवान को कलाकार के रूप में यह अनुभव बहुत समृद्ध कर गया और वो कहते हैं, एक कहानी के मूल भाव को उजागर कर पाना आपके अभिनय कौशल में सुधार करता है और इस कहानी की सार्थकता को संवादित करना मेरे लिए बहुत ख़ास था। कहानी केवल दोस्ती के बारे में नहीं है बल्कि यह दिखाती है कि सामाजिक और आर्थिक अंतर किस प्रकार रिश्तों को प्रभावित करते हैं। उन्हें आशा है कि प्रेमचंद जो कहना चाहते थे, दर्शक उसे समझेंगे। वह कहते हैं, यह कहानी दिखाती है कि मानवता और सहानुभूति हमारे सर्वोपरि गुण होने चाहिए. पैसा या सामाजिक स्तर ही सब कुछ नहीं है। यह कहानी यह भी दिखाती है कि भारतीय साहित्य कितना समृद्ध और विविध है, और अगर अधिक लोग 'कोई बात चले' के माध्यम से इसे पढ़ें और खोजें तो बहुत अच्छा होगा।

बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी में जलवा बिखेरेंगी मानुषी और अलाया

मुंबई, एजेंसी। अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। इसका गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। यह गाना अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया फर्नीचर वाला पर फिल्माया गया है। गाना विशाल ददलानी, विशाल मिश्रा और दीपाक्षी ने गाया है। म्यूजिक कंपोजर विशाल मिश्रा हैं। लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे हैं, कोरियोग्राफर बॉस्को सीजर हैं। फिल्म वासु और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज और अलाया एफ हैं।

मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में अनूप जलोटा और उर्फी जावेद

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'मैडनेस मचाएंगे- इंडिया को हंसाएंगे' में भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ इंटरनेट सनसनी और फैशन प्रभावकार उर्फी जावेद शिरकत करेंगे। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में अनूप जलोटा के साथ उर्फी जावेद का स्वागत किया जाएगा, जहां कॉमेडी-मीट-फैशन-मीट-म्यूजिक होगा। अपने 'एनिमल स्पूफ' के साथ मंच का संचालन करते हुए, कॉमेडियन केतन सिंह, कुशल बद्रीके और गौरव दुबे फिल्म के किरदारों और संवादों को सबसे मजेदार ढंग से पेश करेंगे। साथ ही सभी कॉमेडियन अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ सभी को खूब हसाएंगे। केतन सिंह ने कहा, एनिमल स्पूफ के पहले भाग को पहले एपिसोड में खूब सराहा गया था और हमें विश्वास है कि भाग 2 एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लेगा और आपको जमकर हंसाएगा। जहां हमें किरदारों को चित्रित करने में बहुत मजा आया, हास्य का समावेश करते हुए फिल्म के सार को बनाए रखना काफी मांग वाला था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

स्टांप वाद निस्तारण को हर माह लगेगी लोक अदालत

कानपुर देहात। आयुक्त स्टांप डॉ. रूपेश कुमार के दिए गए निर्देशों के क्रम में एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में स्टांप कलेक्टर के न्यायालयों में काफी संख्या में स्टांप वाद लंबित हैं। विभाग द्वारा लक्षित राजस्व की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सभी मंडल व जनपदों में विचाराधीन स्टांप वादों के सापेक्ष शुल्क की वसूली के लिए प्रभावी कार्रवाई कर उनका निस्तारण किया जाए। इसके लिए प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को लोक अदालत लगाकर लंबित स्टांप वादों का त्वरित निस्तारण कराया जाएगा। प्रत्येक लोक अदालत के पहले कम स्टांप शुल्क राशि तथा लंबित अवधि के आधार पर स्टांप वादों को चिंहित कर निस्तारण करने की कार्रवाई की जाएगी।

सड़क दुर्घटना में चार घायल

रसूलाबाद। बेला थाना क्षेत्र के हरदू गांव निवासी अनिल कुमार, मनोरमा, सूर्या व सुरेश सड़क दुर्घटना में घायल हुए। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य रसूलाबाद में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कानपुर हैलट अस्पताल रेफर किया गया है।

दो बाइक सवार घायल

सिकंदरा। संदलपुर पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर खड्ड में गिरकर घायल हो गए। बुधवार की शाम बाइक सवार महेशपुर निवासी बदल अपने मामा अकोढ़ी निवासी लाल के साथ मंगलपुर से अपने घर महेशपुर जा रहा था। तभी संदलपुर पेट्रोल पंप के पास बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। जिससे बाइक सवार बदल गंभीर रूप से घायल हो गए। संदलपुर चौकी पुलिस ने घायल को सीएचसी हवासपुर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक डॉक्टर दिलीप सक्सेना ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सपा लोहिया वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष बने नदीम

रसूलाबाद। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने नार खुर्द निवासी मोहम्मद नदीम सोनू को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नदीम सोनू ने बताया कि वह पूरी तन्मयता के साथ पार्टी द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे। साथ ही समाजवादी पार्टी की नीतियों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करके लोगों को जोड़ने का कार्य करेंगे।

नवागत पूर्ति निरीक्षक का राशन डीलरों ने किया स्वागत

शिवली। मैथा तहसील क्षेत्र के राशन दुकानदारों ने संगठन के तहसील अध्यक्ष एडवोकेट विजय मिश्रा की अगुवाई में नवागत पूर्ति निरीक्षक गौरव राजपूत का अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। भोगनीपुर से स्थानांतरित होकर मैथा आए पूर्ति निरीक्षक ने राशन दुकानदारों का आभार जताते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

आंगनबाड़ी केंद्रों की कक्षाओं में बनाए जाएंगे लर्निंग कॉर्नर

परिषदीय विद्यालयों में संचालित प्रति केंद्र को मिलेंगे 8110 रुपये

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- कक्षा में छात्रों को रोचक तरीके से पढ़ाया जाएगा

अमृत विचार। आंगनबाड़ी केंद्रों की प्री-प्राइमरी कक्षाओं में लर्निंग कॉर्नर (सीखने का कोना) बनाया जाएगा। इसकी मदद से कक्षा में छात्रों को रोचक तरीके से पढ़ाया जाएगा। कक्षा में चार लर्निंग कॉर्नर बनाए जाएंगे। इसमें रीडिंग कॉर्नर, आर्ट कॉर्नर, ब्लॉक कॉर्नर और परफार्मेंस कॉर्नर होंगे। इसके लिए प्रति विद्यालय 8110 रुपये की दर से धनराशि उपलब्ध कराई गई है।

परिषदीय विद्यालयों के परिसर में संचालित हो रहे को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में लर्निंग कॉर्नर तैयार करने के लिए स्कूलों में पांच सदस्यों वाली एक समिति का गठन भी किया जाएगा। जिसमें अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, विद्यालय के प्रधानाध्यापक-इंचार्ज अध्यापक सदस्य सचिव, संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सदस्य, संबंधित क्षेत्र की सुपरवाइजर सदस्य और नोडल अध्यापक प्री-प्राइमरी भी इसके सदस्य होंगे। इसके लिए प्रति केंद्र 8110 रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जो विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में जाएगा। लर्निंग कॉर्नर तैयार करने के लिए शिक्षण सामग्री खरीदी जाएगी। बच्चों की रुचि बनाए रखने के लिए समय-समय पर लर्निंग कॉर्नर की सामग्री को बदला जाएगा। इससे छात्रों को खेलने और सीखने की सुविधा मिलेगी। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों की प्री-प्राइमरी कक्षाओं में लर्निंग कॉर्नर बनाने के लिए प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रति विद्यालय 8110 रुपये स्वीकृत किया है। जहां बच्चों को सीखने के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण व्यवस्था होगी।

प्री-प्राइमरी कक्षाओं में बनेंगे लर्निंग कॉर्नर

- रीडिंग कार्नर-वर्णमाला के ब्लॉक, आराम दायक रैक, पिक्चर एवं स्टोरी बुक्स, हस्त निर्मित उच्चारण बुकमार्क, स्लेट व पोस्टर तथा चार्ट

आधारित रीडिंग सामग्री

- आर्ट कार्नर-हस्त निर्मित पेपर, ग्लेज पेपर, स्पॉन्ज, फल-सब्जी एवं पशुओं के प्लास्टिक मॉड्यूल जिसमें वले भरे जा सकें। आइसक्रीम स्टीक, टूथब्रश आदि।
- परफार्मेंस कार्नर-काल्पनिक खेल आदि के लिए कपड़े की अलग-अलग पोशाक, डफली, हैट, मास्क एवं स्कार्फस, किचेन सेट, डॉक्टर्स सेट, डॉल, फूड सेट आदि।
- ब्लॉक कार्नर-पिक्चर पजल्स, रंगीन लकड़ियों के ब्लॉक्स, नंबर एवं हिंदी वर्णमाला के अल्फाबेट्स ब्लॉक तथा क्लिपबोर्ड आदि का एक कॉर्नर होगा।

टाटानगर-जम्मूतवी एक्स. ठहराव की तैयारियां शुरू

संवाददाता रूरा/मंगलपुर

अमृत विचार। रूरा व झींझक स्टेशनों पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव का पत्र जारी होने के बाद लोगों में खुशी है। वहीं शुक्रवार से ट्रेन के ठहराव को तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

रूरा रेलवे स्टेशन पर टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस का ठहराव होने के लिए स्टेशन अधीक्षक को अधिकृत पत्र मिला है। जिससे लोगों को दूरदराज स्टेशनों पर आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। बुधवार को रूरा स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार व नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गए है। इसी तरह झींझक पर कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक के प्रयास से प्रयागराज-बीकानेर एक्सप्रेस का ठहराव होने की जानकारी पर लोगों ने खुशी जताई है। बता दें कि झींझक नगर पालिका अध्यक्ष अमित तिवारी (सोनू) ने बीते नवंबर माह में कन्नौज सांसद को पत्र सौंपकर खाटू श्याम के लिए ट्रेन के ठहराव की मांग की थी। सांसद सुब्रत पाठक के प्रयास से अप व डाउन की प्रयागराज-बीकानेर एक्सप्रेस का झींझक रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज किया गया है। जिसपर झींझक श्याम सत्संग मंडल अध्यक्ष रविंद्र पालीवाल, राहुल गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, विशाल गुप्ता, रूबी जैन, विश्वनाथ संखवार, अजय प्रताप, विनय सिंह, आदि ने जताई खुशी। ट्रेन प्रयागराज से चलकर कानपुर सेंट्रल, झींझक, आगरा, मथुरा वृंदावन, बालाजी, खाटू श्याम, जयपुर आदि स्टेशनों पर रुकेगी।

रूरा रेलवे स्टेशन। अमृत विचार

- अकबरपुर सांसद कल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

सार-संक्षेप

खारजा बंबे की टूटी पुलिया व घुमावदार मोड़ से निकलते वाहन। अमृत विचार

खारजा बंबा की एक साल से टूटी पड़ी पुलिया

रूरा। मिण्डाकुआं-रूरा मुख्य मार्ग पर गुटैहा गांव से निकले खारजा बंबा की पुलिया की रेलिंग करीब एक साल से टूटी पड़ी है। जिससे घटनाएं होती रहती है और वाहन सवार आए दिन घायल होते रहते हैं। शिकायत के बावजूद जिम्मेदारों ने टूटी पुलिया की मरम्मत कराना मुनासिब नहीं समझा है।रसूलाबाद तहसील क्षेत्र से जिला मुख्यालय जाने के लिए मिण्डाकुआं-रूरा मुख्य मार्ग है। ऐसे में प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। वहीं गुटैहा गांव के पास से निकले खारजा बंबा की पुलिया पिछले एक साल से टूटी पड़ी है। सबसे बड़ी बात है कि यहीं पर तीव्र मोड़ के साथ ही पुलिया की रेलिंग क्षतिग्रस्त है। ऐसे में आए दिन वाहन सवार हादसे का शिकार हो जाते हैं। बीते दो माह पूर्व मथुरा की भजन-कीर्तन मंडली चलाने वाले एक युवक की इसी जगह हादसे में मौत भी हो चुकी है। जबकि उसका साथी बुरी तरह से घायल हो गया था। वहीं रूरा मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण एक साल पूर्व हुआ था। आज तक लोक निर्माण विभाग ने पुलिया की रेलिंग का निर्माण कार्य नहीं कराया।

अन्ना गोवंशों को नंदना गौशाला में संरक्षित कराते बीडीओ शिव गोविंद।

बीडीओ ने बीस अन्ना गोवंशों को कराया संरक्षित

संदलपुर। डीएम के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम घूमने वाले गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित कराने की कवायद तेज कर दी गई है। बुधवार को डेरापुर विकासखंड क्षेत्र के नंदना गांव में बनी गौशाला में खंड विकास अधिकारी शिव गोविंद सिंह पटेल के नेतृत्व में बीस अन्ना गोवंशों को संरक्षित कराया गया। यह अन्ना मवेशी लंबे समय से इधर-उधर भटक रहे थे और खेतों में किसानों की मेहनत से तैयार फसलों को नुकसान पहुंचाते थे। साथ ही मार्गों पर बैठने पर दुर्घटनाएं भी होती थी। बीडीओ ने कहा कि अन्ना गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित कराने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से शुरू

पुखरायां। कस्बा के रामस्वरूप महाविद्यालय के तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता गुरुवार से शुरू होने जा रही है। जिसके चलते बुधवार को प्राचार्य प्रोफेसर रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी ने क्रीड़ा प्रशिक्षक संजय कुमार, डॉक्टर पर्वत सिंह व अन्य शिक्षकों के साथ मैदान का जायजा लिया। प्राचार्य ने बताया कि 14 मार्च से तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो रही है। जिसमे पहले दिन सौ मीटर दौड़, गोला फेंक, सौ मीटर दौड़ फाइनल, चक्का फेंक, बैटमिंटन होगा। जिसके निर्णायक मंडल डॉक्टर निधि अग्रवाल एवं सभी प्राध्यापक होंगे। इसी प्रकार 15 मार्च को दो सौ मीटर दौड़, भाला फेंक, चार सौ मीटर दौड़, खो, खो तथा 16 मार्च को ऊंची कूद, टेबल टेनिस, लंबी कूद, शूटिंग आदि खेल होंगे।

कारागार मंत्री दारा सिंह को बुके देते कमलेश दिवाकर व संजय चौहान।

कारागार मंत्री से लखनऊ में भेंटकर दी बधाई

रसूलाबाद। यूपी सरकार द्वारा मंत्रिमंडल विस्तार कर दारा सिंह चौहान को कारागार मंत्री बनाने पर पूर्व विधायक ने उनसे लखनऊ जाकर भेंट की और बधाई दी। प्रदेश सरकार ने हाल ही में अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया है। जिसमें सहयोगी दलों के नेताओं को भी मंत्री पद दिया गया है। मंत्रिमंडल में जहां सुभाषपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को अल्पसंख्यक कल्याण व पंचायती राज का प्रभार दिया है। वहीं एमएलसी दारा सिंह चौहान को भी जगह मिली है। उन्हें कारागार मंत्री बनाया गया है। जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। बिल्हौर-विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रहे कमलेश चंद्र दिवाकर ने लखनऊ पहुंचकर कारागार मंत्री से मुलाकात की। इस मौके पर समाजसेवी संजय चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप

रूरा। थाना ग्राउंड में चल रहे श्रीविष्णु महायज्ञ के प्रथम दिवस में बुधवार को व्यास ज्ञान गंगा अवस्थी ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से उसका भय मन से मिट जाता है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया। वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है। भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है।

सुविधा : खराब स्ट्रीट लाइटों की हुई मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। जिला मुख्यालय के सीएमओ कार्यालय जाने वाली सड़क पर लगी दो स्ट्रीट लाइटों की महीनों पर मरम्मत हो सकी है। जिससे रात में आवागमन करने अफसरों व लोगों को राहत मिलेगी।

बता दें कि पिछले साल तत्कालीन डीएम नेहा जैन की तैनाती के दौरान कानपुर देहात महोत्सव पर माती जिला मुख्यालय के सीएमओ कार्यालय मार्ग पर रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइटों को लगाया गया था। जिससे रात के समय ईको पार्क, जिला पंचायत अध्यक्ष आवास समेत कार्यालय जाने वाले अफसर, कर्मचारियों व आम लोगों को आवागमन में सहूलियत मिली थी। देखरेख न होने के चलते सीएमओ कार्यालय की सड़क पर मुड़ते ही दो स्ट्रीट लाइटें करीब चार माह से खराब पड़ी थी। जिससे आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही थी। वहीं पूर्व के दौरान सीएमओ कार्यालय के पीछे एक महिला स्वास्थ्य कर्मी से लूट के चलते भय भी बना रहता था। जानकारी पर नगर पंचायत अध्यक्ष दीपाली सिंह ने स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के निर्देश दिए थे। अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन ने बताया कि नगर पंचायत में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं।

सीएमओ कार्यालय रोड पर खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करते कर्मी।

- चार माह से स्ट्रीट लाइट खराब होने से रात को आवागमन में थी दिक्कत

मायने रखने वाले मुद्दों की आवाज उठाना ही वकालत: जितेंद्र सिंह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। वकालत का मतलब उन मुद्दों के लिए खड़े होना और अपनी आवाज उठाना है, जो मायने रखते हैं। यह बात सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने वकालत पेशे में प्रवेश कर रहे नव पंजीकृत अधिवक्ता को बैंड बांध कर शुभकामना देते हुए कही।

उन्होंने कहा कि वकालत पेशे की मूलभूत शर्त अच्छी नैतिकता है। छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़े क्रांतिकारी प्रभावशाली परिवर्तन ला सकते हैं। ऐसे में वकील को सक्रिय होना चाहिए और अपने अनुभव व क्षमताओं को प्रचारित करना चाहिए। ताकि दूसरों को पता चले कि वह सक्षम रूप से क्या कर सकते हैं। वकील को कानून की प्रक्रियाओं का उपयोग केवल वैध उद्देश्यों के लिए ही करना चाहिए, न कि दूसरों को परेशान करने या डराने के लिए। अनैतिक गतिविधि न केवल एक वकील की प्रतिष्ठा को ख़राब करती है। बल्कि यह कदाचार के दावों को भी जन्म दे सकती है। अधिवक्ता धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विधि व्यवसायी का कर्तव्य सामान्य परिस्थितियों तक सीमित नहीं होता। उसे समाज के गरीब व शोषित वर्ग के अधिकारों के प्रवर्तन, न्यायालय में उनकी पहुंच बढ़ाने व निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने का दायित्व भी होता है। कार्यक्रम में वकालत पेशे में प्रवेश कर रहे नव पंजीकृत अधिवक्ता नरेंद्र सिंह को बैंड बांधा गया। इस मौके पर उमेश सिंह राजावत, योगेंद्र प्रताप सिंह चौहान, सत्य मनुराज सिंह, प्रदीप कमल समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

नव पंजीकृत अधिवक्ता के बैंड लगाते वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह।

संतुलित हो आहार, ऊर्जा देता अपार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। खाद्य सुरक्षा जागरूकता को लेकर एडीएम न्यायिक अमित कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट से स्कूली छात्रों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान छात्र जागरुकता पोस्टर व बैनर प्रदर्शित कर निकले और आज से चीनी, नमक, तेल थोड़ा कम-थोड़ा कम, ईट राईट-ईट हेल्थी, स्वस्थ संतुलित हो आहार, ऊर्जा दे शरीर को अपार आदि नारा लगाते रहे।

जागरूकता रैली डीएम कार्यालय से प्रारंभ होकर जिला पंचायत कार्यालय, एसपी कार्यालय, विकास भवन होते हुए अमूल डेयरी तक गई। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि आगामी होली त्योहार में अत्यधिक रंगीन खाद्य पदार्थ नमकीन तथा कचरी के प्रयोग से बचें। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेष दीक्षित ने बच्चों को जागरूकता पुस्तिका दी। एमएलसी अरुण पाठक के प्रतिनिधि बालजी शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेशचंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील पांडेय, युवा मंत्री दिलीप ओमर, कृष्ण कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार द्विवेदी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र, सुबोध कुमार, सुधा कनौजिया, रुचि बाजपेयी, विनीता यादव, राम बिहारी, शिक्षक रामजीत सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते एडीएम न्यायिक अमित राठौर।

- खाद्य सुरक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट से निकली छात्रों की जागरूकता रैली

सामाजिक कुरीतियों के प्रति करें जागरूक

संदलपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मीना मंच कार्नर बनाकर बच्चों को सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करें। मीना मंच के गठन एवं प्रत्येक कक्षा में से एक-एक बालिका को पावर एंजल के रूप में शामिल कर बालिकाओं को ही अपने गांव में शत-प्रतिशत नामांकन, सुशिक्षित बनाकर सामाजिक बदलाव के काम में लाना मीना मंच का उद्देश्य। यह बात बीईओ संदलपुर अशोक कुमार सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान कही।

बुधवार को बीआरसी संदलपुर में मीना मंच के सुगमकर्ता शिक्षकों को आकर्षक पोस्टर के साथ दिया जागरूकता का प्रशिक्षण दिया गया। कमलेश कुमारी, ऊषा देवी, अजब सिंह, दीपक कटियार, जितेंद्र पांडेय, सर्वेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

खाटू श्याम के नाम से पूजे जाते वीर बर्बरीक

संवाददाता शिवली

अमृत विचार। श्री सांवरा श्याम मंदिर बैरी दरियांव में चल रही श्याम कथा के अंतिम दिन चुलकाना धाम से आई श्यामा दीदी ने बताया कि महाभारत में वर्णित है कि बर्बरीक दुनिया का सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर थे। उनके लिए तीन बाण ही काफी थे। जिसके बल पर वह कौरव-पांडवों की पूरी सेना को समाप्त कर सकते थे।

उन्होंने बताया कि महाभारत युद्ध के मैदान में भीम पौत्र बर्बरीक ने दोनों खेमों के मध्य यह घोषणा कर डाली कि वह हारते हुए पक्ष की तरफ से लड़ेंगे। इसपर श्रीकृष्ण चिंतित हो गए। क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण यह बात जानते थे कि बर्बरीक प्रतिज्ञावश हारने वाले का ही साथ देगा। यदि कौरव हारते हुए नजर आए तो फिर पांडवों के लिए संकट खड़ा हो जाएगा और यदि जब पांडव बर्बरीक के सामने हारते नजर आए तो फिर वह पांडवों का साथ देगा। मोनू त्रिवेदी, सोनू त्रिवेदी, प्रकाश नारायण, श्रीनारायण मिश्र, बउवा शुक्ला, छुनान शुक्ला, अयोध्या गुप्ता, रजनीश मिश्र, निर्मला त्रिपाठी, रचना, सुनीता, संगीता, पूनम त्रिवेदी समेत सैकड़ों भक्तों ने कथा का रसपान किया।

श्यामा दीदी।

माहे रमजान | इफ्तार के वक्त मस्जिदों में रोजदारों से बढ़ी रौनक, बाजारों में खरीदारी

एक के बदले मिलता 70 नेकियों का शबाब

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। मुकद्दस रमजान माह शुरू होते ही मुस्लिम समाज के लोग रोजे की हालत मे अल्लाह की इबादत मे मशगूल हो गए हैं। बुधवार को दूसरे रोजे पर मस्जिदों मे इबादत का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा। इफ्तार के वक्त मस्जिदों में रोजदारों से रौनक बढ़ी। मगरिब की अजान बुलंद होते ही मस्जिदों व घरों मे इफ्तार किया गया। उसके बाद मुल्क की तरक्की और हिफाजत के लिए हाथ उठाकर दुआ की गई।

राजपुर कस्बे की पुरानी जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना नियामत उल्लाह ने रोजे की फजीलत के बावत बताया कि रमजान का महीना अल्लाह को राजी करने का महीना है। रोजे की हालत में एक नेकी के बदले खुदा से 70 नेकियों का शबाब मिलता है। बताया कि रमजान को तीन आशरे में बांटा गया है। प्रत्येक आशरा दस-दस दिनों का होता है। जिसमे पहला आशरा रहमत, दूसरा आशरा बरकत और तीसरा अशरा जहन्नुम से मगफिरत का है।

आखरी आशरे में रोजेदार दस दिनों तक मस्जिद में रहकर इतिकाफ में बैठकर अल्लाह की इबादत करते हैं। आखिरी आशरे का रमजान-उल-मुबारक में बहुत बड़ा मरतबा है। इसी आशरे में शब-ए-कदर की रात भी होती है, जो 11 महीने से सभी रातों से अफजल मानी गई है। कहा जाता है कि शबे कदर की रात जो मुसलमान जगकर अल्लाह की इबादत करता है। उस पर जहन्नुम की आग हराम हो जाती है। रमजान माह के चलते जल्लापुर, सिकंदरा, खासबरा, अफसरिया, सट्टी, शाहजहांपुर व रमऊ की मुस्लिम बस्तियों में दूसरे रोजे पर मस्जिदों और घरों में खुदा की इबादत की गई। बाजारों में इफ्तार का सामान खरीदने के लिए खरीददारों की भीड़ नजर आई और खजूर, चिप्स, फल व सब्जियां खरीदी गई।

रोजा इफ्तार करते रोजेदार। अमृत विचार

पुजारी से मारपीट कर मंदिर से घंटे चोरी

रूरा। थाना क्षेत्र के सिमरामऊ गांव स्थित पंचवटी ब्रह्मदेव बाबा मंदिर के पुजारी से मारपीट कर चोरों ने पीतल के घंटे चोरी कर लिए। पुलिस ने छानबीन शुरू की है। सिमरामऊ गांव स्थित पंचवटी ब्रह्मदेव मंदिर के पुजारी शिवशंकर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात करीब एक बजे तीन अज्ञात लोग उससे अकारण मारपीट करने लगे। इसके बाद में लगे पीपल पेड़ में बंधे 20 से 25 पीतल के घंटे खोल कर ले गए। उन्होंने सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर थाने में सूचना दी। बताते चलें कि रूरा क्षेत्र के ही रोशनमऊ गांव स्थित मंदिर में चोरी होने के चौबीस घंटे भी नही बीते थे कि एक और मंदिर में घंटे चोरी कर लिए। थाना प्रभारी ने कहा कि जांच हो रही है।

मारपीट के आरोपियों की रिमांड नामंजूर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- गजनेर सीएचसी का मामला एक आरोपी बीएसएफ का जवान

अमृत विचार। सात साल से कम सजा के मामले में थाना गजनेर पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड देने से न्यायालय ने इंकार कर दिया। यह जानकारी आरोपी संजय सिंह व विजय प्रताप सिंह के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी है।

उन्होंने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध थाना गजनेर में गजनेर पीएचसी के चिकित्सक व सहयोगी कर्मचारियों के सरकारी कार्य में बाधा व मारपीट, गालीगलौज, धमकी, जरूरी कागजात फाड़ने की रिपोर्ट बीते 12 मार्च को दर्ज की गई थी। विवेचक ने विवेचना के दौरान मेडिकल सुरक्षा अधि. की धारा बढ़ाई थी। वहीं आरोपी को प्रक्रिया पूर्ण किए व बिना कोई नोटिस दिए गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर चौदह दिन की न्यायिक अभिरक्षा वारंट की प्रार्थना केस के विवेचक ने की थी। जिसका विरोध आरोपियों के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने किया। रिमांड मंजूर न होने के बाद विवेचक आरोपियों को वापस थाना गजनेर लेकर चले गए। अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि आरोपियों को शाम 06:40 बजे तक रिहा नहीं किया था, जो मौलिक अधिकारों का हनन है। जबकि आरोपियों में एक भारतीय सीमा सुरक्षा बल का सिपाही भी है।

आचार संहिता से पहले विकास कार्यों की हड़बड़ी

कार्यों में तेजी

कानपुर। आचार संहिता लगने से पहले विकास कार्यों की रफ्तार तेज हो गई है। सांसद सत्यदेव पचौरी ने बुधवार को वार्ड 46 और 47 के अंतर्गत कोयला नगर और श्याम नगर में 10 सड़कों का निर्माण शुरू करा दिया। सांसद ने बताया कि क्षेत्रीय जनता की समस्या देखते हुए इन सड़कों को बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। इसके बाद डूडा को काम मिलने पर कोयला नगर और श्याम नगर में तीन करोड़ लागत से 10 सड़कों का शिलान्यास करके निर्माण शुरू करा दिया गया है। काम पूरा होते ही सड़कें जनता को समर्पित कर दी जाएंगी।

41 लाख से तीन सड़कों और नाले का शिलान्यास

- सांसद ने शुरू कराया तीन करोड़ से 10 मार्गों का काम
- सांसद पचौरी के प्रस्ताव पर श्याम नगर और कोयला नगर में इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण

कानपुर। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बुधवार को 41 लाख रुपये से बनने वाली तीन सड़कों एवं नाली के काम का शिलान्यास किया। आनंद नगर लेडी मरियम स्कूल से भूरा सिंह के मकान तक सड़क 22.50 लाख से बनेगी। सैयद नगर में इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली के काम की लागत 8.60 लाख रुपये है। नमक फैक्ट्री से शनेश्वर मंदिर चौराहे तक रोड सुधार कार्य की लागत 10 लाख है। विधायक ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इन सड़कों के साथ नाली का निर्माण नहीं हुआ था। इससे स्कूली रिक्शे बच्चों एवं बुजुर्ग व महिलाओं के साथ ही एंबुलेंस का निकलना दूभर था। बरसात में पूरी सड़क नाली के रूप में बजबजा जाती थी। शिलान्या के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शुक्ला, पार्षद विनय शुक्ला, जितेंद्र गांधी, शुभम कुशवाहा, ललित शर्मा, सोनेलाल, आशीष दिवाकर, राहुल सिंह, आर्यन कुशवाहा, रामदीन सिंह, चरणजीत सिंह मौजूद रहे।

फावड़ा चलाकर काम की शुरुआत करते विधायक सुरेंद्र मैथानी। अमृत विचार

18 करोड़ से बनीं सड़कें लापरवाही की भेंट चढ़ीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़क बनाने के बाद नाला निर्माण किए जाने से जगह जगह उखड़ीं
- जोन-6 आवास विकास में काम कराने के लिए नगर निगम को मिला था धन

अमृत विचार। आवास विकास विभाग ने 18 करोड़ रुपये नगर निगम को चार सड़कों और नाला निर्माण के लिए दिए थे। निगम ने सड़कें तो बनवा दीं पर नाला बनाना भूल गया। सड़क निर्माण के बाद नाला निर्माण किए जाने के कारण नई बनाई गईं सड़कें बर्बाद हो रही हैं। नियम के विपरीत हो रहे कार्य की शिकायत क्षेत्रीय भाजपा पार्षद ने नगर आयुक्त से करते हुए दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

विनायकपुर वार्ड 54 के पार्षद कौशल मिश्रा ने बताया कि आवास विकास-1 के अंतर्गत आवास विकास की ओर से हस्तांतरित 18 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई सड़कों में अनियमित एवं मानक के विपरीत कार्य हो रहा है।

प्रगति विहार पार्क से अशोक वाटिका चौराहे तक नौ मीटर डामर सड़क बनाई गई है। इस पर नाले का निर्माण बाद में किया जा रहा है। इससे नई सड़क उखड़ गई है।

इसी तरह क्षेत्र में बेबी लॉन से ब्रह्मदेव चौराहे तक नौ मीटर डामर सड़क बनाने के बाद नाले का निर्माण बाद में हो रहा है। इसी तरह केशव वाटिका से मामा चौराहे तक और करिजया मोटर गैराज से नागेश्वर अपार्टमेंट होते ओ ब्लॉक तक भी सड़क बनाने के बाद नाला बनाया जा रहा है, जिससे नई बनी सड़कें उखड़ गई हैं। इसी तरह कई सड़कों के निर्माण के दौरान नालियां नहीं बनाई गई हैं, जिससे जलभराव की स्थिति बनी रहती है। अब इस मामले की जांच होगी तो दूध का दूध पानी का पानी होगा।

पांडु नदी में पड़ा मिला फैक्ट्री कर्मचारी का शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने फैक्ट्री संचालक समेत तीन पर लगाया हत्या का आरोप, एफआईआर दर्ज

अमृत विचार। दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पान मसाले का रैपर बनाने वाली फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मी का नौरैयाखेड़ा स्थित पांडु नदी में शव मिलने के मामले में परिजनों की तहरीर पर फैक्ट्री मालिक, ठेकेदार समेत तीन लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया।

बिधनू के रमईपुर निवासी विनोद राजपूत (30) दादा नगर स्थित पान मसाला के रैपर बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। परिजनों के मुताबिक माता-पिता का काफी समय निधन हो गया था। दो बहनें रामबेटी व पिंकी देवी है, जिनकी शादी हो चुकी है। रामबेटी ने बताया कि विनोद पिछले 10 सालों से फैक्ट्री में काम कर रहा था। बीते पांच मार्च को वह काम पर गया था। वहां से सुबह तक नहीं लौटा तो तलाश शुरू की, पता न चलने पर गोविंद नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

फैक्ट्री में काम करने वाले साथी कर्मचारियों ने बताया कि रात करीब तीन बजे तक विनोद साथ में था। इसके बाद पता नहीं कहां गया। वहीं मंगलवार रात नौरैया खेड़ा के पास से पांडु नदी के पास शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंचे दादा नगर चौकी इंचार्ज अंकुर मलिक ने शिनाख्त कराई तो पहचान विनोद राजपूत के रूप में हुई, जिस पर परिजनों फैक्ट्री मालिक विजय अग्रवाल, सोनू अग्रवाल व ठेकेदार अनिल त्रिवेदी पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने शव को फैक्ट्री के बाहर रख दिया।

सूचना पर एडीसीपी अंकिता शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। गोविंद नगर इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्र ने बताया कि तहरीर पर फैक्ट्री संचालक, ठेकेदार समेत तीन के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच होगी

कमिश्नरेट बनने के बाद 11 गुमशुदा बच्चे ही हुए बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शासन के निर्देश के बाद कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ऑपरेशन स्माइल अथवा मुस्कान अभियान चला रही है। इसमें गुमशुदा बच्चों को ढूंढा जाता है। अभियान के तहत पुलिस ने 165 परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लाने का दावा किया है। शासन के निर्देश पर होली से पहले अभियान फिर से तेजी से सक्रिय किया गया है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि कमिश्नरेट बनने के बाद से पुलिस मात्र 11 गुमशुदा बच्चे ही बरामद कर पाई है। हालांकि हाल ही में फूलबाग से अपहृत दो वर्षीय बच्चे कार्तिक के अपहर्ताओं को एनकाउंटर में घायल कर बच्चे की सकुशल बरामदगी कर पुलिस ने जिस तरह परिवार की खुशियां वापस लौटाई हैं, उससे कानपुर के 165 परिवारों को अपने गुमशुदा सदस्यों के मिलने की उम्मीदों को पंख लग गए हैं।

ऑपरेशन स्माइल, लापता बच्चों को बचाने व पुनर्वास करने के लिए गृह मंत्रालय (एमएचए) की एक पहल है। यह एक महीने का समर्पित अभियान है, जिसमें राज्य पुलिस कर्मियों की ओर से लापता बच्चों का पता लगाने और उन्हें बचाने और उनके परिवारों से मिलाने के प्रयार किए जाते हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थानों और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल से इनपुट एकत्र किया गया है। इसके आधार पर 165 लोग गुमशुदा पाए गए हैं। इन मामलों में पुराने विवेचकों से जानकारी इकट्ठा करके एक-एक मामले पर काम शुरू किया जाएगा। पूरे अभियान की समीक्षा डीसीपी मुख्यालय करेंगे।

जरूरत पड़ने पर सर्विलांस टीम की मदद ली जाएगी। पुलिस के अनुसार कुछ मामले ऐसे हैं, जिनमें सीसीटीवी काम कर सकता है, उसमें फुटेज की मदद भी ली जाएगी।

शेल्टर होम्स, प्लेटफार्म से सूचना

अभियान के तहत शेल्टर होम्स, प्लेटफॉर्म, बस स्टेशनों, सड़कों और अन्य विभिन्न स्थानों पर मिलने वाले बच्चों के संबंध में प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की ओर से गहन छानबीन व आवश्यक सूचना इकट्ठी की जानी है। जो बच्चे लापता या गुमशुदा की श्रेणी में पाए जाएंगे उनके बारे में एक निर्धारित फॉर्म पर सभी जरूरी सूचनाएं संकलित होंगी, इसमें उस बच्चे की फोटो भी होगी। आवश्यकतानुसार वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाएगी। अभियान में मिले बच्चों की पूरी डिटेल संबंधित राज्यों द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के मिसिंग चाइल्ड पोर्टल पर अपलोड कराया जाएगा। जिससे उनके माता-पिता, आश्रित एवं संबंधित थानों की पुलिस को जानकारी हो सके।

किस आयु वर्ग के कितने गुमशुदा

- 4 से 9 वर्ष के 34
- 9 से 14 वर्ष के 22
- 14 से 22 वर्ष के 18 युवक
- 4 से 9 वर्ष की 13 किशोरियां
- 9 से 14 वर्ष की 35 किशोरियां
- 14 से 22 वर्ष की 43 किशोरियां व युवतियां

हर जोन के लिए बनाई गईं टीमें

पुलिस अधिकारियों ने हर जोन में तीन-तीन महिला और पुरुष सब इंस्पेक्टर, छह-छह सिपाही और छह-छह होमगार्ड की टीम बनाई गई है। ये टीम परिवार वालों से संपर्क करेंगी और परिवार के इतिहास के बारे में जानकारी लेगी। अगर गुम हुए व्यक्ति के पास मोबाइल होगा तो सर्विलांस की मदद ली जाएगी। चार से 14 वर्ष के गुम हुए बच्चे, किशोर, किशोरियों की तलाश के लिए आसपास के जिलों की पुलिस की मदद ली जाएगी। डीसीआरबी और एनसीआरबी का डाटा भी तलाशा जाएगा। कमिश्नरेट में जो लोग इस काम में पुलिस की मदद करेंगे, उन्हें इनाम दिया जाएगा।

किस जोन से कितने लोग गुम

सेंट्रल जोन	47
पूर्वी जोन	29
पश्चिमी जोन	34
दक्षिण जोन	55

गुमशुदा बच्चों की तलाश ह्यूमन ट्रैफिकिंग और पुलिस करती रहती है। इस मामले में सर्विलांस सेल की मदद भी ली जाती है। शासन के निर्देश पर त्योहार के समय में अभियान चलाया जाता है।

-हरीश चंदर, संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था

फीस जमा करने के नाम पर युवती से 54 हजार ठगे

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र में साइबर ठगों ने फीस जमा करने के नाम पर एक युवती को अपना निशाना बना लिया। ठगों ने उसे खाते से 54 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़िता ने मामले की शिकायत थाना पुलिस और साइबर सेल से की है।

पनकी के सुंदर नगर निवासिनी युवती रचना सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका खाता यूको बैंक के गंगागंज शाखा में है। 27 नवंबर को उनके पास एक कॉल आया और उनकी बड़ी बहन की कॉलेज की फीस ऑनलाइन जमा करने की बात कही। जिस पर उन्होंने बताए गए यूपीआई पर 27 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

आरोप है कि आरोपी ने दोबारा फोन कर खाते में रकम न आने की बात कहकर फिर से रुपये डालने की बात कहीं, जिस पर उन्होंने दोबारा 27 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब दो बार रुपये कटने का मैमेज आने के साथ ही परिजनों को दी तो उन्हें अपने साथ साइबर ठगी का एहसास हुआ। जिस पर पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस के साथ-साथ साइबर सेल से की। पनकी पुलिस ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दोषी को किसी भी स्थिति में पकड़ लिया जाएगा।

केडीए में लगे नामांतरण समाधान शिविर में आवेदनों की जांच करते केडीए अधिकारी। अमृत विचार

चार आवेदकों को मिले नामांतरण पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केडीए में बुधवार को एक बार फिर से लगा नामांतरण समाधान शिविर

अमृत विचार। केडीए में बुधवार को एक बार फिर से नामांतरण समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान पिछले दिनों मिले आवेदनों में से नियमानुसार चार आवेदकों को नामांतरण पत्र जारी किए गये। इसके साथ ही 32 नये आवेदन भी मिले। अधिकारियों ने कहा कि आगे भी शिविर लगाया जायेगा।

जिलाधिकारी व केडीए वीसी राकेश कुमार सिंह की पहल पर प्राधिकरण की सम्पत्तियों को लेकर प्राधिकरण अभिलेखों में दाखिल खारिज (नामान्तरण) कराये जाने के लिये अत्यधिक समय से लम्बित आवेदनों के निस्तारण के निर्देश दिये गये है। इसको लेकर बुधवार को 11 बजे से दोपहर दो बजे के बीच नामांतरण समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 32 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। विक्रय अनुभाग-1 के 07, जोन-2 के 04, जोन-3 के 08 एवं जोन-4 के 06, विश्व बैंक के 04, किराया सम्पत्ति के 02 एवं मलिन बस्ती अनुभाग का 01 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। शिविर में पूर्व में प्राप्त प्रार्थना पत्र एवं अन्य लम्बित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते दीना नाथ पांडेय, रूबी पोरवाल, सुनीता, और सुशील कुमार जायसवाल का प्राधिकरण अभिलेखों में नाम दर्ज करते हुए नामांतरण पत्र निर्गत किये गये। शिविर में अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला, अजय कुमार सहित सभी विक्रय अनुभाग के सह-प्रभारी, लेखाकार एवं योजना लिपिक उपस्थित रहे। अपर सचिव ने प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण किये जाने का निर्देश दिये।

मोबाइल दुकान का शटर तोड़ चोरी, दो हिरासत में

कानपुर। आवास विकास हंसपुरम में मंगलवार देर रात मोबाइल शॉप के शटर का ताला तोड़ कर चोरों ने 11 मोबाइल, 80 हजार नकदी व अन्य सामान पार कर दिया। सुबह दुकान का ताला टूटा देख पीड़ित ने नौबस्ता पुलिस को घटना की जानकारी दी। सीसीटीवी में चार युवक कैद हो गए। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया।

आवास विकास निवासी विशाल गुप्ता ने बताया कि उनके घर के नीचे ही उनकी आर्यन टेलीकॉम के नाम से मोबाइल शॉप है। मंगलवार रात करीब तीन बजे शॉप के शटर का ताला तोड़ कर घुसे चोरों ने 11 मोबाइल, एसेसरीज समेंत 80 हजार नकदी पार कर दी।

सुबह आसपास के दुकानदारों ने ताला टूटा देख घटना की जानकारी दी। सूचना पर नौबस्ता पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें चार युवक घटना को अंजाम देते हुए कैद हो गए। पीड़ित ने नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

गोविंद नगर कच्ची बस्ती नाले की सफाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- युवक के नाले में घुसने के बाद नींद से जागे नगर निगम के अधिकारी

गोविंद नगर कच्ची बस्ती के नाले की सफाई का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। गोविंद नगर कच्ची बस्ती के भरे नाले की सफाई बुधवार को शुरू हो गई। मंगलवार को क्षेत्रीय युवक के नाले में उतरकर प्रदर्शन करने के बाद नगर निगम अमला जागा। अधिकारियों ने आठ सफाई कर्मचारियों द्वारा नाले की सफाई शुरू कराई।

नगर आयुक्त शिवशरप्पा जीएन के निर्देश पर बुधवार को अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव गोविंद नगर मलिन बस्ती स्थित भरे पड़े नाले पर पहुंचे। मौके पर जोनल स्वच्छता अधिकारी व क्षेत्रीय अवर अभियन्ता उपस्थित मिले। अवर अभियंता ने बताया कि पिछले वर्ष नाला सफाई का कार्य प्राविधानित किया गया है। जिसके बाद निविदा करा ली गयी है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष यह कार्य माह मई व जून में कराया जाता है लेकिन नाला भरा होने के कारण जनहित में इस कार्य को प्रारम्भ करा दिया गया है।

यहां क्षेत्रीय निवासियों द्वारा निरंतर रूप से घरेलू कूड़ा कचरा डाले जाने के कारण यह नाला हमेशा चोक हो जाता है। घनी आबादी व संकरी गलियां होने के कारण नाला सफाई कार्य मानव बल के माध्यम से ही कराया जाता है।

बुधवार को आठ कर्मचारी नाला सफाई कार्य करते पाये गये। कुछ देर सफाई कार्य के बाद नाले में पानी का स्तर 6 इंच तक कम हो गया। अपर नगर आयुक्त ने जोनल अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता को निर्देशित किया कि अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर युद्ध स्तर पर नाले की तलीझार सफाई करायी जाये, जिससे क्षेत्रीय निवासियों को जलभराव का सामना न करना पड़े।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं **राम भरोसा तिवारी पुत्र वशिष्ठ तिवारी, निवासी- ग्राम व पोस्ट पचपोखरी थाना नोखा जिला रोहतास बिहार** मेरे पुत्र का सही नाम रूद्र तिवारी है जबकि विद्यालय अभिलेख में उसका का नाम त्रुटिवश सार्थक तिवारी अंकित हो गया है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम रूद्र तिवारी अंकित है। जिसका आधार नं0-9409 0814 6219 है। मेरे पुत्र का नाम विद्यालय अभिलेखों में सार्थक तिवारी के स्थान पर रूद्र तिवारी अंकित किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैं **इशरत अली पुत्र स्व0 जुल्फीकार, निवासी- मोहल्ला दामादपुरवा मशमूला मलकाना कस्बा व थाना व तहसील सण्डीला जिला हरदोई**, मेरा पुत्र इसरार व उसकी पत्नी रहनुमा, रिहान पुत्र इसरत अली व उसकी पत्नी महक का चाल चलन ठीक नहीं है वो आये दिन आपस में वाद विवाद करते है इनके मध्य रोज होने वाले वाद विवाद से मेरा परिवार बहुत परेशान रहता है इस कारण मै। अपने पुत्र इसरार पुत्र इसरत अली व इनकी पत्नी रहनुमा पत्नी इसरार व अपने पुत्र रिहान पुत्र इशरत अली व इनकी पत्नी महक पत्नी रिहान से समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति बेदखल कर दिया है। अब मेरा उनसे कोई वास्त व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र सत्येन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह का चाल-चलन ठीक नहीं है। वह आए दिन झगडा- फसाद करता है। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। **बलवीर सिंह (पिता), निवासी- ग्राम-हथिका, तहसील- मैथा कानपुर देहात**

सूचना

सूचित हो कि मैं **राजेंद्र कुमार एवं संतोष कुमार पुत्र स्व0 दरगाही लाल, निवासी- सोहरामत रोड बहाराजपुर सौरमऊ सुलतानपुर,** मैने एक किता बैनामा दिनाँक 10-05-1988 को राम सुचित पुत्र बैजनाथ व भुइला देवी पत्नी राम सुचित से कय किया था जो गाटा संख्या 21ब सौरमऊ परगना मीरानपुर सदर सुलतानपुर के संबंध में था जिसकी जिल्द संख्या 1450, पृष्ठ संख्या 53/55, दान 2020 था वास्तव में खो गया है।

बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. डिलौलिया वि.खं. अमरौधा तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 15/03/2024 को ग्राम सभा डिलौलिया के पंचायत भवन परिसर में समय सुबह 10 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुआ समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं

निवेदक- वीर सिंह पुत्र बलवान सिंह मुख्य प्रवर्तक प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. डिलौलिया विकासखंड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात

बैठक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. दौलतपुर विकासखंड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के गठन किए जाने हेतु आवश्यक बैठक दिन शुक्रवार दिनांक 15/03/ 2024 समय 12: 30 बजे दोपहर दौलतपुर पंचायत भवन में संपन्न होगी। अतः न्याय पंचायत करियापुर के समस्त ग्राम पंचायतों के व्यक्ति जो समिति के सदस्य बनना चाहते हैं तो बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

निवेदक- कुंवर लाल निषाद
ग्राम दौलतपुर ,भोगनीपुर कानपुर देहात।

सेहत की बात | सीएसजेएमयू का कल्याणपुर के होरा कछार गांव में लगा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

स्वच्छता का संकल्प दिलाकर डिजिटल भारत से जोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

विशेष शिविर में जानकारी देते मौजूद राष्ट्रीय सेवा योजना के लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। सीएसजेएम विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर विकासखंड कल्याणपुर के होरा कछार में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन बुधवार को पहले ग्रामीणों को बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया, फिर डिजिटल भारत के संबंध में बताया गया। शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। ग्रामीणों को स्वच्छता-स्वास्थ्य का संकल्प दिलाकर डिजिटल भारत से जोड़ा गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर 17 मार्च तक आयोजित होगा। बुधवार को प्रथम सत्र में आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रवीन कटियार ने विभिन्न बीमारियों और उनके फैलने के कारण बताते हुए बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दूषित जल से बीमारी तेजी से बढ़ती है।

अशुद्ध जल से टाइफाइड, डायरिया, अमीबायसिस जैसी बीमारी हो सकती है। इसके साथ ही सफाई व व्यक्तिगत हाइजीन पर ध्यान देकर बीमारियों से बच सकते हैं। ग्रामीणों को समझाया गया कि कूड़ा घर के बाहर गंदगी न डालें। घर के बाहर व अंदर गंदा पानी एकत्र न होने दें। दूसरे सत्र में डॉ. ममता तिवारी ने डिजिटल भारत के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न योजनाएं जो ग्रामीणों के लिए चलाई जाती हैं, उनके संबंध में बताया। बाद में वालंटियर्स ने गांवों में घर-घर जाकर बीमारियों के संबंध में बचाव की जानकारी दी। ग्रामीणों को डिजिटल भुगतान करना भी सिखाया। सांस्कृतिक संध्या में महक, आरोही व गुंजन ने देश रंगीला पर नृत्य प्रस्तुत किया। दीपाली, सीता ने भारत मेरी पहचान गाने पर नृत्य किया। इस मौके पर प्रो. संदीप कुमार सिंह, डॉ. अजय कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

पुलिस कमिश्नर से मिली बहू-बेटों से परेशान महिला

कानपुर। चकेरी की रानी कुशवाहा ने बुधवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिलकर अपनी बहू पर घर का ताला काटकर चोरी करने के आरोप लगाया और शिकायत की।

पीड़िता के अनुसार वह बेटे बहू को उनके आचरण की वजह से बेदखल कर चुकी है। बताया कि दिसंबर माह में बहू ने घर का गेट कटवा कर दाखिल हो गई थी। जिसके बाद वह वहां से नहीं जा रही है।

होली के लिए घर से बाजार तक हो रही तैयारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। रंगों का त्योहार होली नजदीक आते ही घरों में तैयारियां तेज हो गई हैं। महिलाएं व युवतियों ने चिप्स व पापड़ बनाने का काम शुरू कर दिया है। इसलिए आम तौर पर सूनी रहने वाली छत व छज्जे गुलजार हो गए हैं। इससे गांवों व कस्बों में रंगोत्सव माहौल तैयार होने लगा है।

रंगों के त्योहार होली में सिर्फ 12 दिन का समय बचा है। शहर से लेकर गांवों में होली की तैयारी जोरों पर हैं। इन दिनों घर-घर चिप्स पापड़ बन रहे है। छतों पर कहीं ननद-भाभी, तो कहीं सास-बहू या देवरानी-जेठानी हंसी ठिठोली के बीच चिप्स, पापड़, लच्छे व कचरी तैयार कर रहीं हैं। सबसे सुंदर नजारा तो गांव में देखने को मिलता है, जहां महिलाएं होली गीतों का लुत्फ उठाते हुए चिप्स, पापड़ बनाने में जुटी दिख रही हैं। महिलाएं त्योहार में बाजार के मंहगे चिप्स, पापड़ खरीदने के बजाय इनको घर में ही तैयार करने में जुटी हैं। महिलाओं का कहना है कि घर के बने चिप्स पापड़ की तुलना में बाजार के रंग बिरंगे चिप्स, पापड़ टिक नहीं पाते हैं। लोग घरों में तैयार किए गए आइटमों का भरपूर आनंद भी लेते हैं। महिलाओं का कहना है कि रेडीमेड पापड़ तीन से साढ़े तीन सौ रुपए व चिप्स 80 से 90 रुपये किलो की दर से बिक रही है। त्योहार में इनके दामों में और बढ़ोत्तरी की संभावना है। ऐसे में 15 से 20 रुपये किलो आलू व 80 रुपये किलो साबूदाना खरीद कर घर पर ही चिप्स व पापड़ तैयार करना बेहद मुफीद है।

सेहत नहीं बिगाड़ते घरेलू पापड़

डाक्टरों का कहना है कि घर में तैयार होने वाले चिप्स व पापड़ स्वादिष्ट होने के साथ ही सेहत के हिसाब से सही भी होते हैं। बाजार में त्योहार पर इनके दाम भी आसमान छूने लगते हैं। इससे इनको घर में ही तैयार करना अधिक लाभकारी रहता है। इसके अतिरिक्त मिलावट का भी कोई खतरा नहीं रहता। बाजार के चिप्स,पापड़ आदि को आकर्षक बनाने के लिए खराब व केमिकल रंग व घटिया तेल मिलाया जाता है। इससे यह काफी लुभावने तो दिखते हैं, लेकिन यह लोगों की सेहत खराब कर सकते हैं।

होली आई रे...

- गांवों से लेकर कस्बों तक बनने लगी होली की खाद्य सामग्री
- घरों में बनाए जा रहे चिप्स पापड़, बाजार में दुकानें सजीं

तालाब में अवैध निर्माण रोकने को ईओ से गुहार

धाता। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का दावा नगर पंचायत धाता में खोखला साबित हो रहा है। कार्रवाई न होने से कब्जेदारों के हौसले बुलंद हैं। नगर पंचायत धाता के वार्ड नंबर-2 ज्योतिबा फुले नगर के मजीजगंज मोहल्ले के निवासी राजेंद्र पटेल ने प्रार्थना पत्र देकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से तालाब में हो रहे अवैध निर्माण को रोकने की मांग की है। राजेंद्र पटेल ने बताया कि मजीजगंज मोहल्ले में कुछ लोगों द्वारा तालाब की जमीन पर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। जिसे रोकना आवश्यक है।

'देहदान करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता के पिता अमर देहदानी देवेंद्र प्रसाद गुप्ता अवकाश प्राप्त अध्यापक का निधन 24 फरवरी को हो गया था। जिनका पार्थिव शरीर कन्नौज मेडिकल कालेज को परिवार के लोगों ने समर्पित किया है। बुधवार को केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति शोक संतृप्त परिवार से मिलने उनके आवास चौक पहुंची। परिवार के लोगों को ढांढस बंधाते हुये देहदानी और विनोद की पत्नी ममता गुप्ता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। साध्वी ने उनके इस ऐतिहासिक कदम को बहुत सराहा। कहा कि इस परिवार के तीन सदस्यों का देहदान हुआ है। इसके पूर्व 2007 में इनकी माता जी तपेश्वरी देवी एवं बहन उषा गुप्ता का पार्थिव शरीर मेडिकल कालेज को दान किया गया था। देहदान के लिये अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिये। पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, दिनेश खलीफा, राम प्रकाश गुप्ता, अरूण जायसवाल एडवोकेट, शैलेंद्र शरन सिंपल, संजय मोदनवाल, रज्जन गुप्ता रहे।

दिवंगत को श्रद्धांजलि देतीं केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति।

एक नजर

अपहरण का आरोपी गिरफ्तार हुआ

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली पुलिस ने बहरौली गांव निवासी अकेश पुत्र जगत पाल के खिलाफ अपहरण, छेड़छाड़ समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

खनन की सूचना पर पहुंची टीम ने एक को पकड़ा

चौडगरा। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के भाऊपुर गांव के पास जीएस की जमीन पर औंग थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव का रहने वाला खनन माफिया जो काफी समय से ट्रैक्टर ट्राली लगाकर वन विभाग की अनुबंधित जमीन से मिट्टी खोदकर पुराई व भट्ठे में बिक्री कर रहा था। बुधवार को मामले की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल जीतेंद्र सिंह व एसाई चंद्रपाल सिंह व प्रभारी निरीक्षक कल्यानपुर खनन स्थल पर जा पहुंचे। जहां क्षेत्रीय लेखपाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि जमीन सुनील कुमार विजय कुमार पुत्र राम बच्चन के नाम है। शिकायतकर्ताओं की सूचना पर भाऊपुर राजस्व टीम, पुलिस के साथ मौके पर जा पहुंची। जहां पर रावतपुर गांव का रहने वाला गोविंद जो ट्रैक्टर पर मिट्टी भर रहा था। जिसे पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया और थाने ले गई। वहीं दूसरे ट्रैक्टर का चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। टीम उसकी तलाश में जुट गई है।

मंत्री जी कह गए थे, फिर भी गाजीपुर विजयीपुर मार्ग का निर्माण शुरू नहीं

लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने तय की थी निर्माण की तिथि

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। तमाम कवायदों के बाद भी बहुप्रतीक्षित गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग का निर्माण नहीं शुरू हो सका है। जबकि लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री के समक्ष लोक निर्माण विभाग निर्माण शुरू कराने की तिथि की घोषणा भी कर चुका है। बावजूद इसके अभी तक निर्माण कार्य नहीं शुरू हो सका। जिससे क्षेत्रीय लोगों में खासा रोष देखने को मिल रहा है।

बीते 28 फरवरी को लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री जिले आगमन पर उन्होंने गाजीपुर से बिजयीपुर 33 किलोमीटर मार्ग का शिलान्यास करते हुए खुले मंच से विभाग के उच्चाधिकारियों से पूछा था कि गाजीपुर से बिजयीपुर मार्ग दशकों से खराब है, सांसद और विधायक की बराबर पैरवी के बाद 90 करोड का बजट इस सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए पास हुआ है। विभाग बताए कि कार्य कब से शुरू करेंगे। इस पर लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारी का जवाब आया कि 3 मार्च से कार्य प्रारंभ होगा और मार्च 2025 तक पूर्ण हो जायेगा। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली थी कि दशकों से जर्जर सड़क से मुक्ति मिलेगी। लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा तय की गई निर्माण तिथि भी झूठी निकली। इससे यही साबित होता है कि जब अपने विभाग के कैबिनेट मंत्री के समक्ष सड़क निर्माण की तिथि मुकर्रर करने के बाद भी कार्य नहीं शुरू किया तो विधायक, सांसद, डीएम इनके लिए कोई मायने नहीं रखते हैं।

बदहाल पड़ा गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग।

सड़क न बनने पर मतदान बहिष्कार की धमकी

यदि जल्द ही सड़क निर्माण नहीं शुरू हुआ तो आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका बहुत बड़ा खामियाजा प्रत्याशियों को भुगतना पड़ सकता है। लोक निर्माण विभाग की वादाखिलाफी से नाराज़ आधा सैकड़ा गांव के ग्रामीणों ने गांव-गांव में पीडब्ल्यूडी विभाग झूठा है, चोर है भ्रष्टाचार, के स्लोगन लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

2022 में इस मार्ग को स्टेट हाईवे का दर्जा मिला था

जनवरी 2022 में इस मार्ग को राज्य सरकार ने राज्य मार्ग (स्टेट हाइवे) का दर्जा दे दिया था, लेकिन आज तक इस सड़क पर पैदल चलना मुश्किल है। जगह जगह जानलेवा गड्ढे हैं। जिसमें आए दिन राहगीर गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। जबकि इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए सरकार ने 34 करोड़ का बजट 2020 में दिया था जिसमें 34 करोड़ व्यय होने के बावजूद जगह जगह जानलेवा गड्ढे हैं।

> इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण का टेंडर नव भारत ट्रेडिंग कंपनी प्रयागराज को मिला है। प्लांट लगाने के लिए कार्य दाई संस्था जमीन की तलाश कर रही है। जमीन मिलने के बाद प्लांट लगाकर कार्य प्रारंभ होगा।
>
> -अनिल कुमार शील, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग

महिला को उठा ले जाने की धमकी एफआईआर दर्ज

किशनपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बकेवर थाना क्षेत्र के रेहरा गांव निवासी राजकुमार पर फोन पर धमकी देने व अश्लील तरीके से बात करने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत पुलिस से की है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित महिला का आरोप है कि चार मार्च की शाम बकेवर के रेहरा गांव निवासी राजकुमार ने उसे फोन किया। महिला के फोन उठाने के बाद आरोपी राजकुमार महिला से अश्लील बातें करने लगा। जिस पर महिला ने अश्लील बातों का विरोध किया। जिससे आरोपी महिला को भद्दी भद्दी गालियां देने लगा। गाली गलौज का विरोध करने पर आरोपी ने महिला को सात दिन के अंदर घर से उठा ले जाने की धमकी दी और अब आयदिन महिला को फोन कर अश्लील बातें करता है। कहीं भी शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी देता है। महिला ने आरोपी की शिकायत पुलिस से की है। मामले में थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

फीता काटकर उद्घाटन करते भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सिंह।

बांदा रोड पर ट्रेडर्स का हुआ उद्घाटन

फतेहपुर। राधा नगर बांदा सागर रोड पर स्थित परमेश्वर महाकाल ट्रेडर्स का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने बुधवार को फीता काटकर किया। दुकान के संचालक अखिलेश सिंह चौहान व सौरव गुप्ता ने बताया कि दुकान में सरिया, मौरंग, गिट्टी, सीमेंट थोक व फुटकर रेट पर मिलेगी। दुकान में पूजा अर्चना के बाद जिलाध्यक्ष द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर अभिषेक चौहान, सोल्डी गुप्ता, आयुष अग्रहरि, विजय, शकुंतला देवी आदि लोग मौजूद रहे।

रूठे पति-पत्नी में कराया गया समझौता

फतेहपुर। पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की दैनिक कार्यवाही में बुधवार को काउंसलर सदस्य रेखा सरोज व कविता रस्तोगी, महिला आरक्षी ममता शर्मा, यशस्वी शर्मा द्वारा काउंसलिंग कराते हुए तीन मामलों में समझौता कराया गया।

चेकिंग अभियान में 52 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। एसपी के निर्देश पर बुधवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 52 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

भाकियू ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा, समस्या दूर करने की मांग

असोथर फतेहपुर। भाकियू अराजनैतिक की मासिक पंचायत असोथर ब्लाक मुख्यालय के सभा कक्ष में की गई। किसानों की समस्याओं को उठाकर निस्तारण के लिए पहल की गई। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक असोथर ब्लाक की मासिक बैठक में गेहूं, मटर के बीज की सब्सिडी काफी किसानों के खातों में नहीं पहुंची है, अन्ना मवेशियों की समस्या को भी उठाया गया। गेहूं खरीद व क्षेत्र में टूटी सड़के, क्षतिग्रस्त नहरों की समस्या को मुद्दा बनाया गया। ब्लाक मुख्यालय में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता सोनू सिंह गौतम व महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की। पदाधिकारियों ने समस्याओं पर चर्चा की। उसके बाद समस्याओं का ज्ञापन खंड विकास अधिकारी विश्वनाथ पाल को सौंपा गया। उपाध्यक्ष रविदेव सिंह गौतम, अजय सिंह, पवन वर्मा, हर्षित सिंह, पिंटू लंबरी समेत अन्य किसान भी मौजूद रहे।

धान क्रय केन्द्र प्रभारी पर मारपीट, लूट की एफआईआर

फतेहपुर। धान क्रय केंद्र प्रभारी से धान बिक्री का पैसा मांगने पर किसान को प्रभारी ने मारपीट कर चेन छीन ली थी और मोबाइल तोड़ कर जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने केंद्र प्रभारी के खिलाफ मारपीट कर लूट करने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशनपुर थाना क्षेत्र के चितनपुर मजरे गढ़ा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार ने न्यायालय में याचिका दायर कर बताया था कि उसने पिछले वर्ष क्षेत्र के जनानतारा मजरे गढ़ा निवासी संदीप त्रिपाठी उर्फ सानू के केंद्र में धान बेचा था। जिसका रुपया मांगने गया तो सानू ने गालीगलौज करते हुए मारपीट किया। गले में पड़ी आठ ग्राम की सोने की चेन छीन लिया और मोबाइल भी पटक कर तोड़ दिया। जिसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया था। जिसके बाद पीड़ित थाने गया जहां सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। तब जाकर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी केंद्र प्रभारी संदीप त्रिपाठी उर्फ सानू के खिलाफ मारपीट कर लूट करने और तोड़फोड़ का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

दुकानों व ठेलों पर धधक रहे घरेलू गैस सिलेंडर

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। खान पान के होटलों, दुकानों व खोम्चों पर रसोई गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। कहने को शासन से सख्ती से रोक लगाए जाने के निर्देश है, पर विभाग पूरी तरह से मौन धारण किए हुए है। इससे मुख्य बाजार हो या फिर गली मोहल्ले, सभी जगह घरेलू गैस लिलेंडर का इस्तेमाल हो रहा है, इससे शासन के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। हालांकि जिम्मेदारों का कहना है अगर कोई व्यक्ति घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यापार में उपयोग कर रहा है तो यह नियम विरुद्ध है। इसे वह दिखवाकर कार्रवाई करेंगे।

शहर में खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर घर में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडरों को दुकानदार और चाय नाश्ता ठेले और कई नाश्ता दुकान वाले अपने व्यापार के लिए उपयोग कर रहे हैं। शहर के करीब-करीब हर मार्ग के किनारे ठेलों व खोम्चों में सबसे ज्यादा हालात खराब है। वहां पर जितनी भी दुकानें लगी हैं, उनमें ज्यादातर पर घरेल गैस सिलेंडर इस्तेमाल किए जा रहे है। कई ठेले वालों ने और दुकानदारों ने अपने नाम पर व्यावसायिक सिलेंडरों का रजिस्ट्रेशन तो करा रखा है लेकिन ये सिलेंडर मंहगा पड़ने की वजह से सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडरों का उपयोग वह खुलेआम अपनी दुकानों पर कर रहे हैं।

एक हजार से अधिक दुकानें

शहर की बात करें तो नाश्ते और मिठाई की के ठेले और दुकानें मिलाकर एक हजार से अधिक दुकानें लगती हैं। जिसमें कुछ ही दुकानदार व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं। बाकी ज्यादातर गुमटी ठेले और दुकानदार ही घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग अपने व्यवसाय में कर रहे हैं।

ट्रैक्टर की टक्कर से बच्ची की मौत, चालक को बनाया बंधक

बिंदकी। ट्रैक्टर की टक्कर से घर के बाहर खेल रही दो वर्ष की बच्ची की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को बंधक बना लिया। पुलिस ने बंधक बनाए चालक को छुड़ाया और कोतवाली ले गए। वहीं पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

कस्बे के निकट ललौली रोड जाफराबाद मोड़ के पास ट्रैक्टर की टक्कर से सर्वेश की दो वर्ष की पुत्री पीहू की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि जीवित रहने की आशंका पर उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लगी रही। गुसाये ग्रामीणों ने दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर के चालक को बंधक बना लिया।

दो घरों में घुसे चोर नकदी-जेवर ले गए

संवाददाता जाफरगंज

अमृत विचार। मंगलवार की रात चोरों ने दो घरों को अपना निशाना बनाते हुए लाखों का माल पार कर दिया। घर के पीछे से ईंटे हटाकर चोर घर में घुस गए। दो सगे भाइयों के घर से नकदी समेत जेवरात चोरी कर भाग निकले। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

जाफरगंज क्षेत्र के भारतपुर गांव निवासी दिलीप निषाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम खाना खाकर वह सो गए थे। घर के पीछे भी एक दरवाजा है जो छुट्टा ईंटें लगाकर बंद किया गया था। रात में अज्ञात चोर ईंटें निकाल कर पीछे से घर में घुस गए, 30 हजार रुपए की नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। घर के अंदर से सीढ़ियों के सहारे छोटे भाई शत्रुघन के घर में घुस गए और 12 हजार नकदी सहित चांदी के पायल, सोने की अंगूठी, दो चांदी की चैन व बच्चों के हाथ पैर एवं गले का कीमती हार चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह का कहना है जांच की जा रही है, घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

बुधवार को एसपी ऑफिस पहुचे पीड़ित।

पुलिस के सुस्त रवैये से नहीं हुआ चोरी का खुलासा

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के सलेमपुर कनेरा (भगौनापुर) गांव निवासी सुधीर कुमार पुत्र नंद कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 13 फरवरी की रात उसके घर पर चोरी की घटना हुई थी। पीड़ित के मुताबिक घर से 50 हजार रुपए नगद, एक जोड़ी बाला सोने के, दो मंगलसूत्र, दो अंगुठी सोने की, दो टप्स सोने के, तोडिया चांदी की और चार जोड़ी मीना (बिछिया) चांदी की चोरी हुए थे। मामले में पुलिस ने 17 फरवरी को मुकदमा भी दर्ज किया था। आरोप लगाया कि मामले की विवेचना में शिथिलता बरती जा रही है। शक व संदेह के आधार पर गांव के ही रहने वाले दो युवको के बारे में विवेचक को जानकारी दी थी लेकिन अभी तक उन लोगों से कोई पूछताछ नहीं की गई और न ही पुलिस घटनास्थल पहुंची। पीड़ित ने मामले में जल्द खुलासा करने की मांग की है।

सेहत की बात | कोल्ड वायरल का खतरा भी बढ़ा, मरीजों को सर्दी से बचाव के उपाय बता रहे डॉक्टर

सुबह-शाम सर्दी, दिन में गर्मी कर रही बीमार

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। मौसम में बार-बार बदलाव हो रहा है। सुबह व शाम के समय सर्दी, दिन में तेज धूप लोगों को बीमार कर रही है। सर्दी, जुकाम व बुखार के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। डॉक्टर मरीजों को दवाई के साथ सर्दी से बचाव के उपाय बता रहे हैं। जिला अस्पताल में बुधवार को करीब एक हजार पर्चे बनाए गए।

पिछले एक महीने से मौसम में बार-बार परिवर्तन हो रहा है। कभी सर्दी तेज हो जाती है तो कभी लोगों को गर्मी का एहसास होने लगता है। इस समय सुबह-शाम सर्दी पड़ रही है। जबकि दिन में तेज धूप पड़ रही है। जिसके चलते लोग सर्दी, जुखाम व बुखार आदि बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मूलचन्द्रा ने बताया कि सुबह शाम की सर्दी लगने से लोग बीमार हो रहे हैं।

सरकारी अस्पताल में ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

निजी अस्पतालों में भी बढ़ रही भीड़

सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी अस्पतालों में सर्दी जुखाम व बुखार के मरीजों की भरमार है। सुबह से शुरू हुई मरीजों की भी देर रात तक लगी रहती है। कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप का बोलबाला है।

कोल्ड वायरल के लक्षण

- मांसपेशियों में दर्द होना, खांसी के साथ बलगम आना
- छींके आना, पूरे शरीर में अच्छा महसूस न करना
- सर्दी लगना, थकान, पूरे शरीर में दर्द या बुखार
- आंखें नम होना, आंखों में खुजली होना या लालपन होना
- गले में खराश होना सीने में जकड़न का होना आदि

ऐसे में एकदम से गर्म कपड़ों का प्रयोग बंद ना करें। अस्पताल में मरीजों की अधिक भीड़ रही। ओपीडी में डॉक्टरों को दिखाने के लिए मरीजों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। ओपीडी में करीब एक हजार पर्चे बनाए गए। दवा काउंटर पर मरीज व तीमारदारों की भीड़ लगी रही।

जंगल में बंधा पड़ा मिला किशोर, एफआईआर दर्ज

संवाददाता किशनपुर

- गांव के एक युवक पर परिजनों ने लगाया आरोप

अमृत विचार। एकडला गांव में मंगलवार की देर शाम एक किशोर जंगल में झाड़ियों के बीच में बंधा पड़ा मिला। आसपास से गुजर रहे लोगों ने किशोर के रोने की आवाज सुनी। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर को झाड़ियों से बाहर निकाला और जांच पड़ताल मे जुटी हुई है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के एकडला गांव निवासी राजेंद्र सोनकर का 12 वर्षीय पुत्र साजन मंगलवार की दोपहर से घर से गायब था। परिजन साजन की तलाश कर रहे थे। इस दौरान साजन के जंगल में बंधे पड़े होने की सूचना मिली। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने साजन को झाड़ियों से बाहर निकाल मामले की जांच पड़ताल में जुटी। वहीं राजेंद्र के परिजनों का आरोप है कि गांव के ही रहने वाले गया सोनकर ने पुरानी रंजिश को लेकर साजन को अगवा कर उसके हाथ पैरों को रस्सी से बांध जंगल में छिपा दिया था।

गया सोनकर साजन की हत्या करना चाहता था। वही ग्रामीणों का मानना है कि खेत में बकरी चराने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद फर्जी तरीके से षड्यंत्र रचा जा रहा है। मामले में एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रमजान माह शुरू होते ही फलों की कीमतों में आया जबरदस्त उछाल

चार दिन के अंदर ही फलों की मांग बढ़ने से दस फीसदी से ज्यादा बढ़ गईं कीमतें

बाजारों में सजी फलों की दुकानें। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। रमजान माह शुरू होते ही महंगाई भी बढ़ने लगी है। सहरी व इफ्तार के मौके पर रोजेदारों की पहली पसंद फल हैं। ऐसे में रमजान माह के चलते फलों की मांग तेजी से बढ़ी है। मांग के अनुरूप आपूर्ति न हो पाने से अचानक खरीद से फलों की कीमतों में कई गुना वृद्धि हो गई है। ऐसे हालात में रोजेदारों को इफ्तार और सहरी का सामान महंगा खरीदना पड़ रहा है।

रमजान का पाक महीना मंगलवार से शुरू हो गया है। बदलते मौसम और रमजान का महीना शुरू होने से फसलों की मांग में कई गुना बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। आमतौर पर रोजों के लिए चना और खजूर का फल उपयोगी माना जाता है। रोजा खोलने के लिए इन्ही खाद्य पदार्थों का बहुतायत से प्रयोग किया जाता है। विभिन्न प्रकार की सेवईयां व खजूर के बंद पैकेटों के साथ तरह-तरह के मेवे की मांग रहती है। बीते कुछ अरसे से नारियल पानी की मांग चढ़ गई है। इसी को देखते हुए फलों की दुकानों में अचानक ही नारियल का थोक भाव 40 से बढ़कर 50 रुपये पहुंच गया। मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव को देखते हुए रोजेदार मौसमी, संतरा, केला, अंगूर को इफ्तार के दस्तखान पर पेश कर रहे हैं। फिलहाल खजूर के दाम स्थिर है। हालांकि बाजार में ईरान और ईराक के खजूर की मांग बढ़ गई है। मगरूम, सगई, अजवा, हयात आदि को अधिक पसंद कर रहे हैं।

फल के दाम इस तरह बढ़े

फल	पहले के दाम	अभी के दाम
अंगूर	50	60
केला	50	60
पपीता	30	40
मौसमी	50	60
संतरा	40	60
अनार	110	120
सेब	120	140
तरबूज	30	35
नारियल	40	50

नोट : फलों की कीमत प्रति किलो में

रोजा मुकम्मल होने पर कई जगह रोजा-इफ्तार

रमजान का पहला और दूसरा रोजा मुकम्मल हो गया है। शाम को मगरिब की अजान बाद रोजा इफ्तार किया गया। घरों से लेकर मस्जिदों में रोजा इफ्तार को दस्तरखान सजे और रोजेदारों ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया। रमजान के पहले रोजे से कई बच्चों ने भी रोजा कुशाई की। पहला रोजा रखने की खुशी में नन्हे रोजेदार खुश दिखाई दिए। पहले रोजा को लेकर बच्चों के घर वालों ने नन्हे रोजेदारों के लिए खास इंतजाम कराए। नन्हे रोजेदारों की रोजा कुशाई में परिवार व रिश्तेदार भी शामिल हुए।

प्रयोगात्मक परीक्षा देने का आज आखिरी मौका

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। यूपी बोर्ड ने इन्हें एक और मौका दिया है। आज यानि 13 एवं 14 मार्च को निर्धारित केंद्रों पर इनकी प्रयोगात्मक परीक्षा होंगी। यह आखिरी मौका होगा। ऐसे परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पर जाना होगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि यूपी बोर्ड की ओर से प्रायोगिक परीक्षा न दे पाने वाले इंटरमीडियट के विद्यार्थियों की परीक्षाएं फरवरी माह में कराई गई थी। कई स्कूलों से जानकारी मिली है कि अभी कुछ परीक्षार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा नहीं दे सके हैं। छात्रहित में ऐसे छूटे हुए परीक्षार्थियों को बोर्ड ने अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा 13 एवं 14 मार्च को आयोजित की जाएंगी।

- यूपी बोर्ड ने इंटर के छात्रों को दिया एक और मौका
- मुख्यालय के तीन केन्द्रों में 13 एवं 14 मार्च को होगी परीक्षा

उन्होंने बताया कि भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान की प्रयोगिक परीक्षाएं शहर के राजकीय इंटर कालेज, गृह विज्ञान की राजकीय बालिका इंटर कालेज एवं भूगोल की परीक्षा सदाशिव इंटर कालेज रेल बाजार में सम्पन्न कराई जाएगी। उन्होंने ऐसे छात्रों को चेतावनी दी है कि यह अंतिम मौका है, इसके बाद बोर्ड की तरफ से किसी प्रकार से मौका नहीं दिया जाएगा।

सार-संक्षेप

दौड़ में स्थान पाने वाले मेधावियों को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

दौड़ प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुए मेधावी

असोथर। नगर में बुधवार को मेरा भारत विकसित भारत नारी शक्ति फिटनेस रन 500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा कल्याण अधिकारी गोपेश पांडेय के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में उत्साह के साथ प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम अंजली देवी, द्वितीय किरन देवी व तृतीय स्थान में शिवानी देवी रहीं। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर रामकिशोर सिंह इंटर कॉलेज बौंडर के प्रधानाचार्य, प्रबंधक मलखान सिंह, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशुतोष विश्वकर्मा, सुलखान सिंह आदि मौजूद रहे।

फाइलेरिया उन्मूलन में सीएचओ मददगार

फतेहपुर। सीएचओ को एमएमडीपी और ई- कवच में निश्चय दिवस पर फीडिंग करनी होगी। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इसमें सहायता समूह की ओर से भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में दिन में दो बार पैर धोने और व्यायाम करने से लेकर अन्य बिन्दुओं पर भी जानकारी दी जाएगी। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले भर के कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) को नए मरीजों को खोजने एवं योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
यह जानकारी उप जिला मलेरिया अधिकारी कीर्ति रंजन ने दी। बताया कि सीएचओ को फाइलेरिया के नए मरीजों को खोजने की जिम्मेदारी को सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में सभी को निक्षय दिवस पर ज्यादा से ज्यादा लक्षण युक्त लोगों की जांच, उनकी ई-कवच पोर्टल पर एंट्री और पाजिटिव मरीज के इलाज की जिम्मेदारी होगी। अधिक से अधिक फाइलेरिया मरीजों को चिन्हित करने और इलाज दिलाने के लिए उनके लक्षण, जांच, पहचान और उपचार पर जानकारी होना जरूरी है।

दीक्षांत समारोह में नौनिहालों ने प्रतिभा दिखा कर मचाया धमाल

संवाददाता, चौडगरा फतेहपुर

अमृत विचार। मलवां विकास खंड के वाणी इंटरनेशनल एकेडमी अलीपुर में बुधवार को दीक्षांत समारोह के रूप में ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। यूकेजी के बच्चे अपनी प्री प्राइमरी शिक्षा को पास करके कक्षा एक में प्रवेश किया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके मन मोह लिया।

बेस्ट टीम ग्रेट अथर्व द्विवेदी, बेस्ट स्माइल काव्या दीक्षित, सुपर साइंटिस्ट अथर्व प्रताप, बेस्ट एक्टर अचल सिंह, मोस्ट क्रिएटिव टिंकर आर्या, बेस्ट एक्ट्रेस आराध्या रही। वहीं सांग प्रस्तुति में मैं निकला गड्डी लेकर...,बड़े मियां छोटे मियां...,ये तो सच है कि भगवान है...,सवेरेटा...आदि पर बच्चों द्वारा धमाकेदार डांस प्रस्तुत किया गया। आयोजन में अभिभावकों से अनेक प्रकार की पहेली पूछी गई और उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाध्यापक शिवेंद्र कुमार, एकेडमिक हेड एएस कृष्णन, युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़, पंकज यादव, स्नेहा सिंह, सना, गौसिया, योगेंद्र यादव, ध्रुवेंद्र प्रताप सिंह, राकेश पांडेय, संजय मौर्य आदि रहे।

दीक्षांत समारोह में भाग लेते बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

कानपुर से बिंदकी को फिर दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें, लोग खुश

खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण और यातायात सुविधा में सुधार को लेकर कानपुर से बिंदकी मार्ग पर इलेक्ट्रिक बसें चलाकर यातायात को फिर से सुगम किया गया। बताते चले कि दो माह पहले इन बसों के संचालन को अचानक बंद कर दिया गया था। जिसे लेकर यात्रियों को अपने गंतव्य में पहुंचने में असुविधा उत्पन्न हो गई थी। जिसे अमृत विचार ने प्रमुखता के साथ उजागर किया किया था। इलेक्ट्रिक बसें फिर से चलाये जाने की मांग को लेकर महिला व्यापारिक संगठन ने आंदोलन करने तक की चेतावनी दे डाली थी।

मंगलवार को छह इलेक्ट्रिक बसों का संचालन फिर शुरु किया गया तो लोगों ने कहाकि पहले की तरह उतनी ही बसों का संचालन फिर कराया जाये जो अभी नाकाफी है।

बिंदकी से फिर शुरू हुई इलेक्ट्रिक बस सेवा। अमृत विचार

अमृत विचार ने 6 मार्च को खबर छापी थी।

ढाई माह अधिक से कानपुर से बिंदकी को चलने वाली इलेक्ट्रिक बसें बंद थीं। जिससे यात्रियों, व्यापारी व छात्र के साथ गैर जनपदों को आने जाने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता था। जि महिला व्यापारिक संगठन ने चेतावनी दी थी कि यदि पूरी तरह से सेवाएं बहाल नहीं की गई तो आन्दोलन करने को बाध्य होंगी।

हर कोई दिख रहा था परेशान

बिंदकी व्यवसायिक नगरी है, जिले सहित कानपुर शहर के अलावा कानपुर देहात, उन्नाव, रायबरेली, बांदा के सीमावर्ती से व्यापार जुड़ा है। एक साल पहले इन बसों के संचालित होने पर लोगों में आस जगी थीं कि कानपुर से बिंदकी का आवागमन जहां सुगम होने से साथ किराया दर भी सस्ती होंगी लेकिन इलेक्ट्रिक बसों के बंद होने से स्थानीय व्यापार प्रभावित था। अब सेवा शुरू होने से लोग खुश हैं।

सहूलियत के साथ सस्ता किराया

बीते साल यात्रियों के सहूलियत के लिए कानपुर से बिंदकी मार्ग में 16 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया कराया गया था। जिन्हे दिसंबर माह के पहले पखवारे में अचानक बंद कर दिया गया। जब बिंदकी वासियों ने विभाग से बसें बंद होने के कारण जानने की कोशिश की तो बताया गया अयोध्या पहुंचने वाले भक्तों की सुविधा के लिए भेज दी गई।

महिला व्यापार मंडल ने उठाई थी आवाज

महिला व्यापार मण्डल की पदाधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा था कि महिलाओं की समस्याओं का निराकरण नहीं कराया गया तो आंदोलन करने में पीछे नहीं रहेंगी। इलेक्ट्रिक बस सेवा बंद होने के बाद से यात्री आवागमन को जूझते रहे।

सस्ता किराया के साथ वातानुकूलित की सुविधा

कानपुर से बिंदकी का किराया रोडवेज बस में 92 रूपये जबकि इलेक्ट्रिक बस 69 रूपये प्रति यात्री किराया है। सस्ते किराये में सफर करना फिर लोगों के लिए आसान होने से हर्ष व्यक्त किया है।

एक नजर

अराजकता फैलाने पर की जाएगी कार्रवाई

बहुआ। पीस कमेटी का आयोजन बुधवार को ललौली थाने में जाफरगंज सीओ होरीलाल सिंह, तहसीलदार अमित प्रभात की मौजूदगी में सीएए, रमजान, होली और लोकसभा चुनाव को देखते हुए पीस कमेटी का आयोजन किया गया। जहां लोगों से शांतिपूर्वक पर्व मनाने की अपील की गई। कहा कि किसी भी तरह की अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बहुआ चेयरमैन प्रतिनिधि कांमता सोनी भी मौजूद रहे।

आबकारी अधिकारी सस्पेंड

फतेहपुर। भ्रष्टाचार के आरोप में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर जिलाधिकारी सी इंदूमती ने जिला आबकारी अधिकारी सुरेश कुशवाहा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शासन ने मामले की जांच के लिए सयुंक्त आबकारी आयुक्त वाराणसी जोन को नामित किया है। डीएम ने आबकारी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के भी आदेश दिए है।

माखन चोरी लीला देख कर भक्तों ने लगाई जय-जयकार

संवाददाता, बकेवर फतेहपुर

अमृत विचार। देवमई ब्लाक के मुसाफा गांव में विशाल रुद्रमहायज्ञ एवं रासलीला का आयोजन हो रहा है। प्राचीन स्वयम्भू शिवलिंग बाबा श्रीबूढ़ेनाथ स्वामी मंदिर में लोगों की आस्था उमड़ रही है। यज्ञाचार्य शिवाकांत शास्त्री अपने अन्य आचार्यो के साथ बुधवार को यज्ञ की पूर्ण आहुति कराई गई। आशीष गुप्ता ने अपनी पत्नी के साथ यजमान की भूमिका निभाई। इसी के साथ रुद्रमहायज्ञ का समापन हो गया। बताया गया कि 14 मार्च की रात्रि तक रासलीला का आयोजन चलता रहेगा। वृंदावन से पधारे रासलीला मंडली के मुखिया अनिल तिवारी के कलाकारों ने मंगलवार की रात्रि को माखन चोरी लीला का मंचन किया।

रुद्र महायज्ञ में जुटे भक्त। अमृत विचार

- 14 मार्च की रात्रि तक वृंदावन से आई मंडली करेगी मनोहारी रासलीला

व्यासाचार्य, भागवताचार्य भुवनेश पाठक ने अपनी वाणी से समा बांध दिया। इस दौरान राधे शुक्ला, अमित तिवारी, गौरव शुक्ला, शुभम अवस्थी, आशीष, मनू, संजय, प्रतीक, कृष्णा, प्रशांत, दीपक, अभिषेक, अनुभव, आकाश आदि लोग मौजूद रहे।

विद्यालय से ही होती है शिक्षक की पहचानः बीईओ

संवाददाता, खागा फतेहपुर

अमृत विचार। मलवां ब्लाक से तबादले पर पहुंचे खंड शिक्षाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बुधवार को धाता कस्बे के एक मैरिज हाल में प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधानों एवं एसएमसी अध्यक्षों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह ने शिक्षकों से कहा कि विद्यालय से ही शिक्षकों की पहचान होती है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राज नारायण सिंह, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष भाजपा विवेक सिंह रहे। बीईओ ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य डीबीटी, कायाकल्प तथा निपुण भारत के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। जिसमें प्रधानाध्यापकों के साथ कायाकल्प के लिए प्रधानों का सहयोग बहुत ही आवश्यक है, बिना उनके सहयोग के कायाकल्प यानी विद्यालयों में 19 पैरामीटर को प्राप्त किया जाना संभव नहीं है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी अजय कुमार तिवारी को इंगित करते हुए कहा कि कायाकल्प के अंतर्गत विकासखंड के 153 विद्यालयों में से 6 विद्यालयों सेमरहटा, अमदरा, बछरौली, मऊदीन का पुरवा, कोट एवं गनही में बाउंड्री वॉल नहीं हैं। जिसे बनवाने के लिए आपका सहयोग की आवश्यकता है। 19 पैरामीटर्स में से जहां भी कार्य अधूरे हैं उनकी सूचना शीघ्र पहुंचा दी जाएगी। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापकों ने विद्यालय की समस्याओं को भी रखा। जिसका जवाब देते हुए खंड विकास अधिकारी अजय कुमार तिवारी ने कहा कि जहां भी कोई समस्या है, पूरा सहयोग दिया जाएगा। एआरपी हनुमंत प्रताप सिंह ने सर्व शिक्षा अभियान के तहत शारदा कार्यक्रम में चर्चा करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा नामांकन से न छूटे। शिक्षा की मुख्यधारा से सभी बच्चों को जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि विद्या के समान कोई अन्य नहीं है। संसार में जितनी भी प्राप्तियां हैं वह विद्या से ही प्राप्त होती हैं। अध्यापक अपने दायित्वों का निर्वाह करते हुए निपुण भारत को हासिल करने का प्रयास करें। वहीं मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राज नारायण सिंह राजू ने कहा कि विद्यालय की समस्याओं के निदान के लिए प्रयास किया जाएगा। वहीं केशव रायपुर केवटमई कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन जय चन्द्र पाण्डेय द्वारा किया गया। इस मौके पर एआरपी नरेश सहगल, हनुमंत प्रताप सिंह समेत समस्त एआरपी आदि लोग मौजूद रहे।

गोष्ठी को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह।

- खंड शिक्षाधिकारी संजय कुमार सिंह ने प्रधानाध्यापकों को दी नसीहत
- प्रधानाध्यापकों की त्रिस्तरीय कार्यशाला में स्कूल को निपुण बनाने पर रहा जोर

बढ़ती महंगाई त्योहारों के सीजन में सब्जियों की महंगाई दे रही लोगों की जेब को तगड़ा झटका

सब्जियों का तेवर चढ़ा, रसोई का बिगड़ा बजट

आलू-टमाटर से लेकर सभी सब्जियों के दाम बढ़ गए। अमृत विचार

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- आलू समेत हरी सब्जियों के दामों में तेजी से आया उछाल

अमृत विचार। त्योहारी सीजन में गृहणियों के रसोईघर का बजट गड़बड़ा गया है। सब्जियों के दामों में तेजी से उछाल आई है। एक तो सब्जियों का राजा आलू भाव खा रहा है तो टमाटर भी लाल हुआ जा रहा है। मटर के दामों में भी दोगुनी उछाल आई है। रसोईघर का बजट सब्जियों के दामों में उछाल के कारण गड़बड़ा गया है। इस वजह से गृहणियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

फरवरी में सब्जियों के दामों में दोगुनी कीमत होने से वह परेशान हैं। यदि आलू का भाव देखा जाए तो 10 रुपए में बिकने वाला आलू अब 20 रुपए हैं। वहीं टमाटर 20 रुपए प्रति किलो से 40 रुपए प्रति किलो पहुंच गया है। मटर के भाव 20 से 50 रुपए प्रति किलो पहुंच गए हैं। इसके अलावा प्याज बढ़कर 30 रुपए में बिक रहा है। शिमला मिर्च का भाव दोगुना 80 रुपए हो गया है। भिंडी 80 रुपए में बिक रही है। तुरई के रेट भी 80 रुपये किलो है।

गृहणियों ने बयां किया दर्द

आलू समेत टमाटर, मटर, लहसुन, प्याज, शिमला मिर्च आदि का मूल्य दोगुना हुआ है। पिछले महीने में रेट कम थे लेकिन न जाने क्यों अब दोगुने हो गए हैं। जिससे बजट गड़बड़ हो रहा है।

-गर्विता सिंह

रसोई का बजट सब्जियों के दामों में बढ़ोत्तरी से गड़बड़ा गया है। हरी सब्जियां के दाम भी बढ़े हैं। मंडी से ठेले में बिकने वालीं सब्जियों के दाम और बढ़ जाते हैं।

-पूजा श्रीवास्तव

टमाटर, प्याज, लहुसन के दामों में बेहद बढ़ोत्तरी हुई है। इन चीजों को सब्जी में शामिल करने पर स्वाद बढ़ा देती है। लहुसन के दाम तो आसमान छू रहे हैं।

-कृष्णा देवी

लापता वृद्ध का नहीं लगा पता, परिजनों को हत्या की आशंका

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र से पिछले दो महीनों से लापता वृद्ध का सुराग नहीं लग सका। भैसौली गांव निवासी ज्ञान प्रकाश 70 वर्षीय अविवाहित वृद्ध संदिग्ध रूप से पिछले माह अचानक गायब हो गया था। आज तक उसका कोई पता नहीं लग पा रहा है। जिसकी गुमशुदगी बकेवर थाने में दर्ज कराई गई थी।

गायब वृद्ध के भतीजे विनय कुमार ने जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर 1076 पर जनसुनवाई के दौरान बताया कि चाचा ज्ञान प्रकाश 10 जनवरी की शाम को गायब हो गए थे। खोजबीन पर कोई पता न लग सका। इस पर 12 जनवरी को भाई ओमप्रकाश ने बकेवर थाने में गुमशुदगी का शिकायती पत्र दिया था। परिजनों को आशंका है कि भूमि के लालच में उनका अपहरण कर उनकी हत्या कर शव को गायब कर दिया गया।

कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिया जीत का 'मंत्र'

संवाददाता जहानाबाद

अमृत विचार। कस्बे के एक गेस्ट हाउस में बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को जितने के लिए एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व सांसद राजा रामपाल ने मौजूद कार्यकर्ताओं से देश की विषम स्थिति पर एकजुट होकर काम करने की बात कही।

सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, पूर्व सांसद अशोक पटेल, पूर्व मंत्री इंद्रजीत कोरी, नगर पंचायत अध्यक्ष सैयद आबिद हसन ,पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन यादव,पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर दयाल दयालु,समरजीत सिंह, महेंद्र सिंह बच्चा, लोक गायिका चिरैया प्रजापति व ब्लॉक प्रमुख रीता प्रजापति,जिला पंचायत सदस्य संगीताराज, पूर्व जिला अध्यक्ष दलजीत निषाद, जिला महासचिव मंजर यार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर वर्तमान केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करना चाहिए। पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर दयाल दयालु सहित विपिन यादव ने कहा कि हर एक कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ जीतने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कार्यकर्ताओं से जहानाबाद विधानसभा को समाजवादी का गढ़ बताते हुए कहा कार्यकर्ताओं को मायूस होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा पिछले चुनाव में जहानाबाद विधानसभा कुछ मतों से समाजवादी पार्टी पीछे थीं जिसे पूरा करने के लिए सभी एकजुट हों।

कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम। अमृत विचार

एक नजर

बंदरों से बचने में वृद्ध छत से गिरकर जख्मी

छिबरामऊ, कन्नौज। आवास विकास कालोनी निवासी एक वृद्ध अपने घर की छत पर किसी कार्य के लिए गया था। वहां मौजूद बंदरों ने हमला कर दिया, जिससे बचने के प्रयास में वह अपना संतुलन खो बैठा और छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। नगर की माली वाली गली आवास विकास कॉलोनी निवासी 61 वर्षीय रघुनाथ ने बताया कि वह बुधवार की सुबह 4 बजे किसी कार्य के लिए अपने घर की छत पर गया था। इसी दौरान वहां मौजूद बंदरों ने हमला कर दिया। बचने के प्रयास में संतुलन बिगड़ने से छत से नीचे बरामदे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गिरने की आवाज सुनकर दौड़े परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां वृद्ध का उपचार किया जा रहा है।

बाइक व सोने की जंजीर न मिलने पर की मारपीट

गुरसहायगंज, कन्नौज। दहेज में बाइक व सोने की जंजीर न मिलने पर पति व ससुर ने विवाहिता से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। मैनपुरी के थाना बेवर ग्राम बल्लूपुर निवासी रामनरेश का कहना है कि उसने अपनी पुत्री रजनी की शादी ग्राम तेराजाकेट लाड़पुर निवासी राजू से की थी। शादी के बाद पति राजू, ससुर रतीराम ने दहेज में अपाचे बाइक व सोने की जंजीर की मांग की। मांग पूरी न होने पर 12 मार्च को पति व ससुर ने उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सूखे कुएं में गिरकर वृद्ध घायल, भर्ती

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम नगला धनी में सूखे कुएं की दीवार पर बैठे वृद्ध का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह गिरकर घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे निकालकर सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला धनी निवासी 60 वर्षीय विश्राम सिंह पुत्र रनधीर कुमार बुधवार को गांव में ही स्थित सूखे पड़े कुएं की दीवार पर बैठा था। तभी किसी प्रकार संतुलन बिगड़ गया और वह लगभग 10 फीट गहरे कुएं में गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में कुएं से बाहर निकाल कर सौ शैया अस्पताल पहुंचाया।

खाना बनाते समय झुलसी महिला

छिबरामऊ, कन्नौज। अपने घर में चूल्हे पर खाना बना रही महिला पर अचानक गर्म सब्जी आ गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। ग्राम कुंवरपुर कंडौली निवासी शकुंतला देवी पत्नी सिखदार सिंह बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे अपने घर में खाना बना रही थी। तभी अचानक किसी कार्य के लिए उठते ही उसके पैर से लकड़ी उछल गई और चूल्हे पर पक रही सब्जी ऊपर जा गिरी, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। उसका तत्काल उपचार किया गया।

मारपीट कर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज-कन्नौज। ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी ताहिर का कहना है कि 10 मार्च की सुबह लगभग 10 बजे मोहल्ले के शकील, सरफराज, मिनहाज व तस्लीम ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर घर में घुसकर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई होगी।

कन्नौज में प्रदीप यादव ने दौड़ाई थी पहली 'साइकिल'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी की स्थापना होने के बाद कन्नौज लोकसभा सीट पर पहली बार 'साइकिल' प्रदीप यादव ने दौड़ाई थी। 12वीं लोकसभा में साल 1998 में उन्होंने यह सीट भाजपा से छीन कर पार्टी की झोली में डाल दी थी।

पूर्व सांसद प्रदीप यादव।

इसके बाद तो 20 साल तक सपा का कब्जा बरकरार रहा। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव व अखिलेश यादव के कारण इस सीट को देश की वीआईपी सीटों में गिना जाने लगा था। वर्ष 1998 में हुए लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने इटावा जिले के मूल निवासी प्रदीप यादव को टिकट दिया था। उनकी लड़ाई भाजपा के तत्कालीन सांसद चंद्रभूषण सिंह उर्फ मुन्नूबाबू से थी। सपा इस रणनीति में कामयाब हुई और प्रदीप ने यह सीट भाजपा से छीन ली। इसके बाद 1999 में मुलायम सिंह यादव ने स्वयं मैदान में उतरकर इस सीट को वीआईपी का दर्जा दिला दिया। उन्होंने भाजपा-लोकतांत्रिक कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह को करारी शिकस्त दी। चूंकि तब वे संभल से भी लड़े और जीते थे तो इसलिए कन्नौज सीट से इस्तीफा दे दिया। साल 2000 के उपचुनाव में अपने बेटे अखिलेश यादव की राजनीति यहीं से शुरू करा दी। इसके बाद वह तीन बार लगातार सांसद रहे। 2012 में प्रदेश में सपा को बहुमत मिला तो मुलायम ने पुत्र की मुख्यमंत्री पद पर ताजपोशी कर दी। इसके बाद यहां उपचुनाव हुआ तो अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव निर्विरोध सांसद चुनीं गईं। 2014 में सोलहवीं लोकसभा के चुनाव में भी जीत का सेहरा डिंपल के सिर पर बंधा, जबकि देश में मोदी लहर चल रही थी। यह बात अलग है जीत का अंतर खासा कम रहा था। इस तरह कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में 1998 से 2019 तक लगातार साइकिल दौड़ती रही।

इस बार भी सपा पर टिकीं निगाहें

- 2024 के लोकसभा चुनाव में इस बार सभी की सपा पर निगाहें हैं। अभी तक पार्टी मुखिया ने किसी प्रत्याशी का एलान नहीं किया है, जिससे लोग असमंजस में हैं। हालांकि इस सीट से वह स्वयं फिर से मैदान में उतरने के संकेत दे रहे हैं, लेकिन सूची जारी न होने से स्थिति स्पष्ट नहीं है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सपा की मुश्किलों को और बढ़ाने का दांव खेला है। देखना होगा कि बसपा की रणनीति सपा के लिए क्या हालात खड़े करती है।

- 12वीं लोकसभा में भाजपा को हराकर सपा से बने थे पहले सांसद
- दो दशक तक रहा सपा का कब्जा, बसपा का नहीं खुला खाता

कंटेनर ने बाइक व स्कूटी को मारी टक्कर, दो लोग घायल

संवाददाता, तिर्वा

अमृत विचार। अनियंत्रित कंटेनर ने बाइक व स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक व स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर को पकड़कर कोतवाली में खड़ा कराया।

बुधवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के अमानपुर्वा गांव निवासी रमेश चंद्र बाइक से कन्नौज तिर्वा मार्ग से किसी काम से तिर्वा जा रहे थे। जैसे बाइक सवार क्षेत्र के फगुहा भट्ठा के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे अनियंत्रित कंटेनर ने टक्कर मार

दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद भागते समय कंटेनर ने एक अन्य स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। पुलिस ने कंटेनर को चालक समेत पकड़ लिया और कोतवाली ले आए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

किशोरी को बंधक बनाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

पाइपलाइन बिछाने वाले श्रमिकों ने नशे में की वारदात, तीनों गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मानीमऊ क्षेत्र के एक गांव में हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन डाल रहे तीन श्रमिकों ने गांव की एक किशोरी को पंचायत भवन में बंद कर सामूहिक दुष्कर्म किया। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने श्रमिकों की पिटाई कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने तीनो आरोपियों का डीएनए टेस्ट कराने के लिये सैंपल लिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तहत पाइप लाइन डालने का काम किया जा रहा था। बाहर से आये श्रमिक गांव के पंचायत भवन में रह रहे थे। 10 मार्च को पंचायत भवन के पास गई एक गांव की किशोरी को मजदूरों ने बंधक बना लिया । फिर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी पर गांव के कई लोग पहुंचे जहां उन्होंने श्रमिकों को पकड़कर पिटाई की। किशोरी के पिता ने सदर कोतवाली में रोहित प्रजापति पुत्र परशुराम निवासी औरन ताहरपुर थाना ककवन जिला कानपुर, चन्द्रप्रकाश पुत्र रामपाल निवासी दरियावगंज थाना टडियावां जिला हरदोई व प्रकाश में आए आरोपी मेम्बर पाल पुत्र लालाराम निवासी ग्राम डोलापुर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

- डीएनए टेस्ट के लिए लिया नमूना, पीड़िता का मेडिकल
- परिजनों ने श्रमिकों की पिटाई कर पुलिस को दी सूचना

डेढ़ साल पहले गुरसहायगंज में हुई थी ऐसी ही घटना

- **कन्नौज।** गुरसहायगंज में डेढ़ साल पहले ऐसी ही एक घटना प्रकाश में आई थी जिसने जिले भर के लोगों की संवेदनाओं को झिंझोड़ दिया था। 23 अक्टूबर वर्ष 2022 को दीपावली से दो दिन पहले दीपक खरीदने पहुंची नौ वर्षीय बालिका को एक साइको अपराधी रामजी वर्मा ने फुसला कर निरीक्षण भवन में बंधक बनाकर दुष्कर्म का प्रयास कर बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। घटना के आठ माह बाद आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था।

इन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराएं लगाई हैं। पकड़े गये तीनों आरोपियों का पुलिस ने जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के साथ ही डीएनए जांच कराने के लिये सैंपल लिया है। मामले में सीओ सदर ने सीएमओ डॉ. विनोद कुमार को पत्र भेज कर आरोपियों का डीएनए जांच कराने के लिये सैंपल संकलित कराया है।

सीमांकन बाद कब्जा, विरोध पर मारपीट की

तिर्वा-कन्नौज। जमीन की पैमाइश और सीमाकंन होने के बाद दंबगों ने कब्जा कर लिया। विरोध करने पर तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

छिबरामऊ कोतवाली के कसावा गांव निवासी विश्वप्रकाश पुत्र स्वामीनंद दुबे ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि ठठिया थाना क्षेत्र के साडा गाव में उसकी छह बीघा कृषि भूमि पड़ी है जिस पर आस पास के लोगो ने कब्जा कर लिया था। उसने दस मार्च को राजस्व टीम को बुलाकर पैमाइश कराकर अपनी जमीन पर सीमाकंन के लिए खंबे गाड़ दिए। इसके बाद पहुंचे साडा निवासी जयनारायन, विजय नारायन, प्रेमनरायन, धर्मनरायण पुत्रगण छुन्नूलाल व आशीष पुत्र जयनरायण, अंकुर पुत्र उदयनारायण, उत्तन पुत्र विजयनारायण, शिवानी पत्नी आशीष व सरला ने सीमाकंन के लिए लगे खंबे उखाड़ कर फेंक दिए। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए उसे व उसकी पत्नी नूतन, पुत्री अवनी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कर्मचारियों को जागरूक करतीं सीमा बानो। अमृत विचार

उपयोगी जानकारियां देकर किया जागरूक

संवाददाता, छिबरामऊ

- नगरपालिका में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

अमृत विचार। विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नगरपालिका के सभागार में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में उपयोगी जानकारियां देकर कर्मचारियों को जागरूक किया गया।

अपर जिला जज व सचिव लवली जायसवाल की देखरेख में आयोजित शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो ने लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जिन वादकारियों के पास मुकदमे की पैरवी करने हेतु अधिवक्ता नहीं है तथा वह सक्षम नहीं है तो वे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। उन्होंने नालसा, सालसा के निर्देश पर चलाई जा रही योजनाओं, नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 एवं नालसा ऐप डाउनलोड कर ऐप के लाभ के बारे में भी बताया। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के सम्बन्ध में बताया कि पशुओं को अनावश्यक दर्द पहुंचाने या पीड़ा देने से रोकने के लिये दंड का प्रावधान है। उन्होंने सुलभ न्याय की जानकारी देने के लिए कर्मचारियों में पर्चे बांटे। ईओ सुनील कुमार ने कहा आपके द्वार पहुंच कर विधिक साक्षरता प्राधिकरण समस्याओं का समाधान कर रहा है। इस दौरान समाजसेवी उषा उपाध्याय रहीं।

एनएमसी कर सकती मेडिकल कॉलेज का ऑनलाइन निरीक्षण

तिर्वा, कन्नौज। मेडिकल कॉलेज में पीजी पाठ्यक्रम की सीटों की मान्यता को लेकर होने वाले निरीक्षण के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। शुल्क जमा होने के बाद एनएमसी (नेशनल मेडिकल कमीशन) टीम जल्द ही ऑनलाइन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर मान्यता पर मोहर लगा सकती है।

मेडिकल कॉलेज में 13 विभागों की 57 सीटों पर पीजी पाठ्यक्रम के लिए कॉलेज प्रशासन अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में करीब चार महीने पहले आवेदन समेत फीस भी जमा कर चुका है। निरीक्षण को लेकर तैयारी जोरों पर है। एनएमसी मान्यता देने से पहले मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर मानकों को परखेगी। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि एनएमसी ने कॉलेज में चल रही वार्षिक परीक्षाओं का विवरण समेत 13 विभागों के लिए किए गए 57 सीटों के आवेदन को लेकर कुछ दस्तावेजों को 22 मार्च 24 तक वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए निर्देशित किया है। इसके बाद एनएमसी ऑनलाइन निरीक्षण कर पीजी पाठ्यक्रम की मान्यता पर मोहर लगा सकती है।

सब्जी बेचने निकला युवक अचेत होकर गिरा, मौत

संवाददाता, छिबरामऊ

अमृत विचार। ठेला लेकर निकले मोहल्ला चौधरियान निवासी सब्जी विक्रेता को मोहल्ला जेरकिला पहुंचने पर गश आ गया जिससे वह गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों ने उसे प्राइवेट तथा फिर सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

सानू सिद्दीकी।

नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी 33 वर्षीय शानू सिद्दीकी पुत्र वाहिद सब्जी का ठेला लगाकर गली-गली बिक्री कर परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार की सुबह वह रोज की भांति सब्जी का ठेला लेकर निकला था। दोपहर लगभग 1 से 2 बजे के करीब वह मोहल्ला जेरकिला स्थित मुन्ना मिठाई वाले की दुकान के पास अचानक गश खाकर गिर पड़ा। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों से मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन उसे सौरिख रोड स्थित एक प्राइवेट चिकित्सक के पास ले गए। यहां उन्होंने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन उन्हें सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे और यहां भी डॉक्टर ने मौत की पुष्टि की। वह अपने पीछे पत्नी सबीना तथा दो पुत्र-पुत्री को छोड़ गया।

अवैध जल संयोजन पर दी चेतावनी

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- ईओ ने पालिका टीम के साथ किया किदवई नगर में निरीक्षण
- स्थलीय निरीक्षण कर परखी सफाई और पेयजल व्यवस्था

अमृत विचार। अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने बुधवार की सुबह पालिका टीम के साथ नगर के मोहल्ला किदवई नगर के वार्ड संख्या 06 वाल्मीकि नगर में स्थलीय निरीक्षण किया। ईओ ने अवैध जल संयोजन करने वाले को कार्रवाई की चेतावनी दी।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने सफाई तथा पेयजल व्यवस्था की जमीनी हकीकत परखी। सफाई कर्मियों सहित नागरिकों को पालिका द्वारा चलाई जा रही ट्राई साईकिल में ही कूड़ा देने के निर्देश दिए। कहा कि सड़क, नाला, नाली, खाली प्लाट आदि सार्वजनिक स्थानों में कूड़ा फेंके जाने पर जुर्माना वसूलने की चेतावनी भी दी। कुछ स्थानों पर अवैध जल संयोजन पाया गया। इस पर उन्होने जलकल प्रभारी जनार्दन मिश्रा को अवैध जल संयोजन चिन्हित कर उनको वैध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सभासद चरणजीत, कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जर्नादन मिश्रा, मनोज तिवारी, अशोक शर्मा, जिलेदार सिंह, प्रसन्नजीत मिश्रा, अशोक बाल्मीकि, राजन वर्मा आदि रहे।

पालिका टीम के साथ किदवईनगर में निरीक्षण करते ईओ। अमृत विचार

सार-संक्षेप

शराब के नशे में घर पर पथराव और तोड़फोड़

सौरिख-कन्नौज। शराब के नशे में दरवाजे पर जाकर गालीगलौज से मना करने पर पथराव करके घर पर रखा सामान तोड़ दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत किया । थाना क्षेत्र के गांव उड़ेलापुर निवासी रीता देवी पत्नी मिजाजी लाल ने बताया कि शनिवार की रात लगभग नौ बजे अपने बच्चों के साथ दरवाजे पर लेटी थी। तभी गांव के अनुज कुमार, अमित कुमार, अनुराग, अविनाश आदि लोग शराब के नशे में आए और गालीगलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपी पथराव करने लगे । घर पर रखा सामान तोड़ दिया। वह अपने बच्चों को लेकर कमरे के अंदर चली गई और डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बुलाया। पुलिस को आता देख उपरोक्त लोग मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मुफ्त बिजली योजना में 52 नलकूप उपभोक्ता पंजीकृत

तिर्वा, कन्नौज। प्रदेश सरकार ने निजी नलकूप कनेक्शन धारक किसानों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। इस योजना में 52 से अधिक किसानों ने पंजीकरण कराकर बकाया धनराशि जमा की है। वहीं एक लाख रुपये से अधिक बकाया वाले निजी नलकूप धारकों के कनेक्शन काटने की तैयारी है। एसडीओ कुलदीप राजपूत ने बताया कि योजना के तहत 52 से अधिक बकायेदार नलकूप धारकों ने पंजीकरण कराकर करीब आठ लाख से अधिक बकाया जमा किया है। अपील की कि जिन किसानों के निजी नलकूप हैं वह विभाग में पंजीकरण कराएं। इसके बाद 31 मार्च 2023 तक बकाया धनराशि को एक साथ अदा करने पर विभाग शतप्रतिशत ब्याज में छूट देगा। जो किसान तीन कस्तों में बकाया धनराशि को जमा करेगा उन्हें ब्याज में 90 फ़ीसदी की छूट दी जाएगी। इसके अलावा छह किस्तों में अदायगी पर ब्याज में 80 फीसदी छूट मिलेगी। योजना का लाभ पाने के लिए केवाईसी करानी होगी। यदि उनके नाम पर अन्य बिजली कनेक्शन है तो उसकी भी जानकारी देनी होगी। कहा कि एक लाख से अधिक बकायेदार नलकूप धारकों को बिल जमा करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके बाद भी बिल जमा नहीं करता है तो उसका कनेक्शन काट दिया जाएगा। कहा कि मार्च 23 तक का बकाया बिल जमा करने पर ही बिजली मुफ्त योजना का लाभ मिल पाएगा।

कथा का श्रवण करतीं महिलाएं व कथा व्यास आदित्य मनोहर पाठक।

शिव से जीव के मिलन की कथा है रास

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के मोहल्ला अशोक नगर स्थित लक्ष्मी नारायन की बगिया में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को कथा व्यास आदित्य मनोहर पाठक ने भगवान की श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन किया। बताया कि रास तो जीव व शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। रासलीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर कहा, जब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है। जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है। तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते और दर्शन देते हैं। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के अलावा अन्य विवाहों की कथा भी सुनाई। इस दौरान परीक्षित गगन मनीष गुप्ता, समाजसेवी अशोक गुप्ता, डॉ. सुधीर दीक्षित, अतुल गुप्ता, रचित गुप्ता, विकास गुप्ता, बबलू गुप्ता, प्रेम गुप्ता, तरुण गुप्ता, वरुण गुप्ता, प्रीति, किरण, श्रद्धा, खुशी देवी आदि रहीं।

मेहमान परिंदे | शीत ऋतु में लाख बहोसी पक्षी विहार की झील को बनाते डेरा, गर्मी के दस्तक देते ही बदल गया रुख

मौसम का मिजाज बदलते ही अपने वतन चले प्रवासी पक्षी

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

अमृत विचार। मार्च का दूसरा हफ्ता शुरू होने के साथ ही सूरज की तपिश बढ़ गई है जिससे गर्मी की आहट भी साफ महसूस की जा रही है। इसके साथ ही सर्दी के मौसम में ठंडे देश व प्रदेश से लाख बहोसी को आशियाना बनाने प्रवासी पक्षी स्वदेश की तरफ उड़ चले हैं। सुबह शाम इनके उड़ते झुंडों का कलरव लोगों को सहज ही आकर्षित कर रहा है।

तिर्वा तहसील क्षेत्र के लाख बहोसी गांव में बने तालाब को वर्ष 1988-1989 में झील के रूप में विकसित कर पक्षी विहार का दर्जा दिया गया था। यहां हर साल शीतलहर की शुरुआत होते ही देशी समेत विदेशी पक्षियों का आगमन हो जाता है। इस बार भी दुर्लभ प्रजातियों के पक्षी यहां पहुंचे थे। दरअसल जहां से यह पक्षी आते हैं उन देशों-प्रदेशों में शीत ऋतु में अत्यधिक ठंड पड़ती है। इसलिए यह गर्म प्रदेशों का रुख करते हैं जहां सर्दी का मौसम इनके लिए अनुकूल होता है। ऐसे में ये खूबसूरत और गाने वाले पक्षी पर्यटकों को भी आकर्षित करते हैं।

झील में अठखेलियां करते देशी और विदेशी पक्षी। अमृत विचार

अब सर्दी का मौसम खत्म होने को है तो यह प्रवासी पक्षी अब स्वदेश की तरफ उड़ चले हैं जिससे दिन भर इनका कलरव सुना जा सकता है। इस बार शीत ऋतु में यहां करीब 70 देशी प्रजाति, 24 विदेशी प्रजाति के पक्षियों ने आशियाना बनाया था।

चीन से आए कामन कोट, तिब्बत से ग्रे लेग गुज, सेंट्रल एशिया से बार हेलेड गुज, साइबेरिया से पोर्चड,गेडवाल, नार्थ यूरोप से पिंटेल, सावलर,कॉमन टील, ग्रेलैप गूज, सुरखाब, पिंटैल, कॉमन पोर्च, सैंड पाइपर, हेडेड गूस और आईबिस आदि पक्षी पहुंचे थे जबकि वही देशी पक्षियों में जेकाना, मोरहेन, हैरान, विस्लिंग टेल, काटन, पिजलिग टेल आए थे। मौसम में बदलाव होते ही देशी विदेशी पक्षी अपने गृह क्षेत्र की तरफ उड़ चले हैं क्योंकि अब वहां का मौसम ही इनको रास आएगा। गर्मी बर्दाश्त इन्हें नहीं है।

मोटे अनाज के साथ शक्कर भी मिलेगी

तिर्वा-कन्नौज। पात्र गृहस्थी के साथ ही अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को मोटा अनाज बांटा जाएगा। इसमें अंत्योदय के लाभार्थियों को होली पर्व के दौरान शक्कर का भी वितरण किया जाएगा। सरकार थाली से गायब हो चुके मोटे अनाज को बढ़ावा देने में जुटी है। इस क्रम में पात्र ग्रहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट एक किलो बाजरा, गेहूं, चावल, ज्वार और दो किलो चावल देने के निर्देश जारी किए हैं। अंत्योदय कार्ड धारकों को बाजरा, ज्वार, मक्का, गेहूं, चावल के साथ होली पर्व के चलते शक्कर का भी वितरण के आदेश दिए हैं।

एआरओ मनोज गहराना ने बताया कि पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को बाजरा, गेहूं, चावल, ज्वार व अंत्योदय कार्ड धारकों को बाजरा,गेहूं, चावल, ज्वार, मक्का के साथ चीनी का भी वितरण होगा।

कन्नौज प्रकरण: उन्नाव के प्रधानाध्यापक हुए निलंबित

कन्नौज बीएसए के पत्र के आधार पर जांच में मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निलंबन के बाद प्रधानाध्यापक नवाबगंज बीआरसी में संबद्ध

आरोपी शिक्षक प्रवीण कुमार पाल।

सीसीटीवी फुटेज में बाबू पर रुपये फेंकता शिक्षक। अमृत विचार

वरिष्ठ लिपिक से मारपीट कर रहा आरोपी प्रवीण पाल। अमृत विचार

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ लिपिक पर रुपये फेंककर पीटने वाला शिक्षक निलंबित कर दिया गया। बीएसए कन्नौज के पत्र के आधार पर गठित जांच समिति की रिपोर्ट में मामला सही पाया और उन्नाव की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उसे खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज कार्यालय से संबद्ध कर दिया है।

बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालय में 29 फरवरी को एंटी करप्शन टीम ने वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार करते हुए सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में बीएसए कार्यालय से जारी सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि नीली शर्ट पहने युवक ने फाइल से लिपिक पर रुपये फेंक दिए और पीटने लगा। इसकी पहचान उन्नाव जनपद के प्राथमिक विद्यालय बैरी शादीपुर ब्लॉक बांगरमऊ के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार पाल के रूप में हुई। कन्नौज बीएसए उपासना रानी वर्मा ने उन्नाव बीएसए को पत्र लिखा और जांच की मांग की। इस पर तीन सदस्यीय समिति गठित की गई।

समिति की रिपोर्ट के आधार पर उन्नाव बीएसए संगीता सिंह ने प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार पाल को निलंबित कर दिया है।

आकस्मिक निरीक्षण में अनुपस्थित मिला था शिक्षक

उन्नाव बीएसए ने बताया कि 29 फरवरी को बांगरमऊ ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी ने दोपहर 12:30 बजे प्राथमिक विद्यालय बैरी शादीपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया था, जिसमें प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार पाल बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए थे। पोर्टल पर कोई आवेदन भी नहीं था और विद्यालय में कोई प्रार्थना पत्र भी नहीं मिला था। तब एक दिन का वेतन काट कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

शिक्षकों और रसोइयों ने फोटो देख की थी तस्दीक

जांच समिति ने 11 मार्च को प्राथमिक विद्यालय बैरी शादीपुर का निरीक्षण किया तो प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार पाल अनुपस्थित मिला। उपस्थित पंजिका में वह 29 फरवरी से बिना किसी सूचना अनुपस्थित मिला। जांच समिति के अधिकारियों ने जब सीसीटीवी फुटेज दिखाए, तो अन्य शिक्षकों व रसोइयों ने उसकी शिनाख्त की। बीएसए ने बताया कि प्रधानाध्यापक ने कंपोजिट ग्रांट से विद्यालय में कोई काम नहीं कराया, जिससे विद्यालय की अवस्था जीर्ण-शीर्ण हालत में मिली थी। पिछले साल छात्र संख्या 80 थी, जो इस वर्ष घटकर 68 रह गई है।

> कन्नौज बीएसए कार्यालय में घुसकर वरिष्ठ लिपिक पर रुपये फेंककर मारपीट करने वाला शिक्षक प्रवीण कुमार पाल है और वह एक गैर मान्यता प्राप्त संगठन से भी जुड़ा है। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर उसे निलंबित कर दिया गया है और इसकी जांच बीईओ सुमेरपुर, सिकंदरपुर सरोसी व नवाबगंज को संयुक्त रूप से दी गई है।
>
> –संगीता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उन्नाव

एएसपी एंटी करप्शन ने सौंपी जांच रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। 29 फरवरी को बीएसए कार्यालय में दस हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को पकड़ने वाली एंटी करप्शन टीम की भूमिका पहले दिन से सवालों के घेरे में है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लखनऊ से जांच करने आईं भ्रष्टाचार निवारण संगठन की एएसपी ने अपनी जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी है, जिसके आधार पर ट्रैप टीम पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो, फेसबुक आईडी के लिंक और अन्य साक्ष्यों के साथ एएसपी इंदुप्रभा सिंह ने सभी कर्मचारियों के बयान भी रिकॉर्ड किए थे। उन्होंने दो दिन लगातार स्थलीय जांच की, जिसमें ट्रैप टीम प्रभारी मृत्युंजय कुमार मिश्रा व इंस्पेक्टर सुशील पाराशर सहित पूरी टीम की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी।

सीसीटीवी फुटेज में बाबू को पकड़ने में शिक्षक आगे जबकि एंटी करप्शन टीम बाद में आती दिखती है। वहीं, सदर कोतवाली में दर्ज एफआईआर में जो तथ्य दिखाए गए हैं, वह कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज से मेल नहीं खाते। ऐसे में एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई सवालों के घेरे में है।

हालांकि टीम ने सफाई दी कि उन्हें शिक्षकों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और उन्हें किसने बुलाया था, यह भी नहीं पता! वहीं, बीएसए कार्यालय के बाहर दुकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज में आरोपी शिक्षक टीम के साथ दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में टीम और शिक्षकों की मिलीभगत से इन्कार नहीं किया जा सकता है। फिलहाल, एएसपी ने अपनी जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

पहले भी निलंबित रह चुका प्रधानाध्यापक

बीएसए ने बताया कि प्रवीण पाल ने 22 फरवरी 2019 को बीआरसी बांगरमऊ में ग्रेडेड लर्निंग प्रशिक्षण में अनुपस्थिति तिथि में जबरन हस्ताक्षर करने से मना करने पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए प्रभारी सह सन्वयक के साथ धक्कामुक्की की थी। इस मामले में 27 फरवरी 2019 को उसे निलंबित कर दिया गया था।

बीएसए ने दी तहरीर, कोतवाल को पता भी नहीं

बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को एनवीआर उखाड़कर चोरी करने वाले औरैया जनपद के विधूना ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय झबरा के शिक्षक पंकज कुमार व एक अज्ञात युवक के खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा ने तहरीर सदर कोतवाली में मंगलवार को दी थी, लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। बीएसए ने सरकारी कार्य में बाधा, कार्यालय से एनवीआर चोरी, अभिलेख व रैक खंगालने व साक्ष्य मिटाने समेत कई आरोपों में तहरीर दी है। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि उन्हें बीएसए की तहरीर के बारे कोई जानकारी नहीं है। विदित हो कि घटना वाले दिन भी बीएसए कार्यालय के कर्मचारियों ने कोतवाली में तहरीर दी थी, लेकिन अभी तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

> साक्ष्यों और बयानों के आधार पर जांच रिपोर्ट भ्रष्टाचार निवारण संगठन के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई और वही इस पर कार्रवाई का निर्णय लेंगे। इसमें ट्रैप टीम की लापरवाही रही है, लेकिन शिक्षकों के बारे में टीम प्रभारी को भी जानकारी नहीं थी।
>
> –इंदुप्रभा सिंह, एएसपी, भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ



नगरकोट मंदिर में मां पीतांबरा के वार्षिक कार्यक्रम में हवन पूजन करते भक्त।

मां पीतांबरा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- भक्तों ने की पूजा-अर्चना भंडारे में लिया प्रसाद

अमृत विचार। माँ पीतांबरा के प्रथम वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में श्री सिद्धपीठ नगरकोट देवी मंदिर में गुरुवार को देवी श्रृंगार के साथ हवन व पूजन किया गया। इस दौरान मां की पादुका पूजन किया गया।

इस दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने हबन में आहुतियां डालीं। दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पहुंचे भक्तों ने प्रसाद के रूप में पूरी सब्जी खाई। भक्त आशू दुबे ने बताया कि भगवती की कृपा से एक वर्ष स्थापना के सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ। इस मौके पर मां की छटा देखते बन रही थी। भक्त मां के जयकारे लगा रहे थे।

धूम्रपान निषेध दिवस पर सीएमओ ने दफ्तर में चलाया हस्ताक्षर अभियान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। धूम्रपान निषेध दिवस पर कार्यालय में सीएमओ ने हस्ताक्षर कर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर कर्मचारियों को शपथ दिलाई। वहीं जिला अस्पताल में सीएमएस ने हस्ताक्षर अभियान चला कर लोगों को जागरुक किया।

धूम्रपान निषेध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के तहत सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने कार्यालय में हस्ताक्षर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ज़िले के स्वास्थ केंद्रों एवं ज़िला अस्पतालों में सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने भी अभियान चलाया। इस दौरान सिगरेट और अन्य टोबैको उत्पाद अधिनियम, 2003 (सीओटीपीए-कोटपा) को लेकर प्रशिक्षित किया गया। तम्बाकू मुक्त जिला अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने में उनसे सहयोग की अपील की गयी। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी और तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल डॉ. ओपी गौतम ने तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जनपद सलाहकार डॉ. रवि प्रताप सिंह ने बताया कि धूम्रपान इतना घातक है कि हम अपने जीवन से भी हाथ धो बैठते हैं। शिक्षण संस्थानों के निकट कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचने वालों तथा सार्वजनिक जगहों पर इसका सेवन करने वालों के विरुद्ध अधिकारियों को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। तंबाकू के प्रयोग पर लगाम लगाना चाहिये। इस दौरान समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीटीओ एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सभी कर्मचारी मौजुद रहे।

- शपथ दिला कर धूम्रपान न करने को कहा

कार्यालय में बैनर पर हस्ताक्षर कर अभियान की शुरुआत करते सीएमओ डा. विनोद कुमार व अन्य। अमृत विचार

कन्नौज मंडल के एंबुलेंस कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 108/102 एंबुलेंस सेवा को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिये सेवा प्रदाता कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस लखनऊ की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस में कन्नौज मंडल के चार जिले कन्नौज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद के एंबुलेंस कर्मियों को शामिल किया गया है।

लखनऊ से आए ट्रेनर हरी किशोर शाक्य और क्वालिटी ऑडिटर कार्तिकेय शर्मा प्रशिक्षण में कई महत्वपूर्ण जानकारी दे रहे हैं। एंबुलेंस के रीजनल मैनेजर क्षमासागर सिंह ने बताया कि संस्था की ओर से सभी एंबुलेंस कर्मियों की समय-समय पर ट्रेनिंग कराई जाती है, जिससे एंबुलेंस सुविधा को और बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सके। यह ट्रेनिंग कन्नौज मण्डल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अरॉव, जिला फिरोजाबाद में दी जा रही है। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में प्रोग्राम मेनेजर अजय, जिला प्रभारी अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

ट्रेनिंग के बाद मौजूद एंबुलेंस कर्मचारी। अमृत विचार

मंत्री ने किया पीएम सूरज पोर्टल लांच

कन्नौज। विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में वंचित वर्गों के लिए आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने पीएम सूरज पोर्टल को लांच किया। सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव संबोधन को सुना। मंत्री ने बताया कि पीएम सूरज पोर्टल एक राष्ट्रीय पोर्टल है, जो सामाजिक उत्थान और रोजगार पर आधारित और जनकल्याण के लिए है। पोर्टल से ऋण सहायता स्वीकृत की जाएगी। इससे पात्र लोगों को ऋण लेने में सुविधा मिलेगी। इस पोर्टल से लाभार्थी आसानी से लाभ ले सकते है, जिसमें 15 लाख रुपये तक के बिजनेस लोन के लिए आवेदन किया जा सकेगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक अन्तर्गत 19 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत चेक वितरण की गई तथा चार लाभार्थियों को आयुष्मान हेल्थ कार्ड वितरण किए गए। इस दौरान छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया उपस्थित थे।

प्रवेश परीक्षा में तीन परीक्षार्थी गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- परीक्षा केंद्र लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज में रही सख्ती

परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र देखते केंद्र व्यवस्थापक आशीष शुक्ल।

अमृत विचार। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए जिले में परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें तीन परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। अपर जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और केंद्र पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए।

बुधवार को शहर के लाला श्यामलाल इंटर कॉलेज में अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 के लिए 36 व कक्षा 9 के लिए 32 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। केंद्र व्यवस्थापक आशीष कुमार शुक्ल ने मेनगेट पर सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र चेक किए। इसके बाद ही परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया। परीक्षा संयोजक श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव ने बताया कि कक्षा 6 के लिए हुई परीक्षा में एक तथा कक्षा 9 के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में दो परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट खंड शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार, सेक्टर मजिस्ट्रेट बीडीओ गुगरापुर उमाशंकर साहू सहित श्रम विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित थे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को अटल आवासीय विद्यालय बिल्हौर कानपुर नगर में प्रवेश दिलाया जाएगा।

हिस्ट्रीशीटर मुनुआ का पुत्र गांजा के साथ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सिपाही का हत्यारोपी है मुनुआ पिता की गिरफ्तारी के बाद से गायब था गौरव

गौरव यादव।

अमृत विचार। विशुनगढ़ पुलिस ने सिपाही की हत्या के आरोपी हिस्ट्रीशीटर अपराधी मुनुआ यादव के पुत्र को एक किलो एक सौ पचास ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्रके गांव धरनीधरपुर नगरिया में बीते वर्ष सिपाही सचिन राठी को गोली मार दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुनुआ यादव व उसके एक पुत्र को मौके से गिरफ्तार किया था। गुरुवार को थानाध्यक्ष देवेश कुमार के नेतृत्व में थाना विशुनगढ़ पुलिस टीम ने ध मुनुआ यादव के पुत्र गौरव यादव को एक मोटरसाइकिल पल्सर व 1.150 किलो ग्राम गाँजा के साथ विशुनगढ़-प्रेमपुर रोड भोला नगरिया को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

इस संबंध में थाना विशुनगढ़ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपी को न्यायालय भेजा गया है।

पति के बाद पत्नी ने भी तोड़ा दम

छिबरामऊ। पति के आत्महत्या करने के कुछ घंटों बाद ही गम में पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। इस घटना से सभी लोग स्तब्ध रह गए।

नगर के मोहल्ला आर्य नगर निवासी 64 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक सत्यपाल सिंह ने सोमवार की सुबह करीब 7:30 बजे घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पति सत्यपाल की मौत का सदमा पत्नी सुधा बर्दाश्त नहीं कर पाई और 42 घंटे के अंदर मंगलवार की रात करीब एक बजे सुधा ने भी दम तोड़ दिया। पति की मौत के बाद वह रो-रोकर सदमे में चली गई थी। दंपति की चिताएं एक साथ जलीं तो हर एक आंख नम हो गई।

सार-संक्षेप

छात्र मोहित व छात्रा प्रियंका ने चैंपियनशिप पर किया कब्जा

छिबरामऊ। नगर के पूर्वी बाईपास स्थित नेहरू महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। छात्र मोहित कुमार व छात्रा प्रियंका ने चैंपियनशिप अपने नाम की। बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता के दौरान हैमर थ्रो छात्र वर्ग में रामजी दुबे प्रथम, मोहित कुमार द्वितीय तथा छात्रा वर्ग में दर्पण सिंह प्रथम, कल्पना यादव द्वितीय रही। 400 मीटर दौड़ में रामजी दुबे प्रथम, मोहित कुमार द्वितीय तथा छात्रा वर्ग में सोनाली कमल प्रथम, शौर्या द्वितीय रही। डिसकस थ्रो छात्र वर्ग में रामजी दुबे प्रथम, मोहित कुमार द्वितीय तथा छात्रा वर्ग में खुशबू प्रथम, दर्पण सिंह द्वितीय रही। ऊंची कूद छात्र वर्ग में मोहित कुमार प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय तथा छात्रा वर्ग में शौर्या प्रथम, आस्था द्वितीय रही। भारोत्तोलन छात्र वर्ग में मोहित कुमार प्रथम, निखिल कुमार द्वितीय तथा छात्रा वर्ग में प्रियंका प्रथम व दर्पण सिंह द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर इंदिरा दुबे व प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह ने विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर क्रीड़ाध्यक्ष डॉ. उदयपाल सिंह समेत महाविद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

समधन स्थित बूथ का निरीक्षण करते मंडलायुक्त। अमृत विचार

बूथों पर पूर्ण कराई जाए रैंप की व्यवस्था

कन्नौज/गुरसहायगंज। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत बुधवार को मंडलायुक्त कानपुर अमित गुप्ता ने बूथ सं0-364 प्राथमिक विद्यालय दंदौरा बुजुर्ग, तहसील कन्नौज, कम्पोजिट विद्यालय मलिकपुर के बूथ सं.-403, 404, 405, प्राथमिक विद्यालय समधन के बूथ सं0-409, 410, प्राथमिक विद्यालय बालक समधन के बूथ सं.-411, 412 व प्राथमिक विद्यालय खाडेद्रेवर के बूथ सं.-475, 476, 477, 478 का स्थलीय निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने मतदान केंद्रो पर मूलभूत सुविधाओं को देखा। प्रत्येक बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं, बुजुर्ग मतदाताओं को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की बात कही। साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल, प्रकाश आदि की व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि मतदेय स्थलों पर फर्नीचर, दरवाजे, खिड़की आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। जिन बूथ केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की व्यवस्था नहीं है। वहां पर रैंप की व्यवस्था कराई जाए। बूथ पर वरिष्ठ नागरिकों, मतदाताओं के बैठने के लिए कुर्सी आदि की व्यवस्था की जाएं। इस दौरान एसडीएम उमाकांत तिवारी, कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, लेखपाल कौशल पांडेय आदि मौजूद रहे।

खेलो इंडिया सेंटर में कबड्डी खिलाड़ियों को दी किट

सौरिख,कन्नौज। खेलो इंडिया सेंटर में बालक बालिका वर्ग के कबड्डी खिलाड़ियों को विधायक ने ट्रैक सूट, कबड्डी किट व अन्य सामान उपलब्ध कराया। बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम हरभानपुर में खेलो इंडिया सेंटर में खेलेगा इंडिया जीतेगा इंडिया के तहत कबड्डी खिलाड़ियों को तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने किट उपलब्ध कराई। जिला क्रीड़ा अधिकारी नूरहसन ने बताया कि किट में ट्रैक सूट,दो जोड़ी कबड्डी किट,एक जोड़ी जागर शूज,एक जोड़ी मैट शू और दो जोड़ी मोजे हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंकज राजपूत, लालू राजपूत, लालू गुप्ता, राजन सैनी आदि रहे।

उत्साह | अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने गंगवापुर से कन्नौज तक निकाली बाइक रैली

रैली निकाल लिया विकसित भारत का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डॉ. राममनोहर लोहिया व सरदार बल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

बाइक रैली निकालते अपना दल एस के कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। अपना दल (एस) के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ बाइक रैली में प्रतिभाग किया और लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के आदर्शों पर चलने वाले नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय लिया।

बुधवार को अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र कटियार के नेतृत्व में जनपद के बार्डर पर स्थित ग्राम गंगवापुर से संकल्प यात्रा बाइक रैली का शुभारंभ किया। कार्यकर्ताओं ने जीटी रोड पर बाइक रैली निकालकर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जिंदाबाद व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री ने देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, जिसमें देश के हर नागरिक की भागीदारी होगी। करीब 700 दोपहिया वाहनों का काफिला जब सरायमीरा पहुंचा तो जाम की स्थिति बन गई। लोगों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। तिर्वा क्रासिंग पर जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं ने समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया व मानपुर में सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान अमित पांडेय, जीतू कुशवाहा, लाला भाई पटेल, दिग्विजय कटियार, अनुज कटियार, रामजीवन वर्मा, फ़हमुद्दीन, राजामियां, मोहम्मद आज़म खान, मोहम्मद इशरत, ख़ुशनूर अहमद, शिवप्रकाश कटियार, मनदीप कटियार, सावन पटेल, रावेंद्र पटेल, शिवम् पटेल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र का हुआ जीर्णोद्धार

संवाददाता, जसोदा-कन्नौज

अमृत विचार। मेडिकल सुविधाओं को बढ़ावा देने सहित नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए राज्यमंत्री असीम अरुण की पहल रंग लाई। एसबीआई ने सीएसआर के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेन्द्र मुरैया बुजुर्ग और फतेहपुर जसोदा का जीर्णोद्धार कराया गया। राज्यमंत्री ने शिलापट का अनावरण कर शुभारंभ किया।

बुधवार को जलालाबाद के उपकेंद्र जसोदा पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए निजी संस्थानों को आगे आना चाहिए। उपकेंद्रों को बैंक द्वारा स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, डॉप्लर मशीन सहित अन्य मेडिकल उपकरण उपलब्ध कराए गए है। हैलोजन, एलइडी, बिल्डिंग रिपेयर, पेंटिंग, टेबल, अलमारी आदि भी दिए गए है। सीएमओ विनोद कुमार ने बताया की कन्नौज जिले में 156 सीएचओ कार्य कर रहे है। यह उपकेंद्रों पर टेलीमेडिसिन के द्वारा परामर्श कर ग्रामीणों को बेहतर इलाज दे रहे है। इस दौरान एसबीआई सीजीएम शरद चांडक, डीजीएम, कानपुर अंचल राजीव रावत, क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर अंचल प्रसून कुमार, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, आरएस कठेरिया, गोपाल त्रिपाठी, डिप्टी सीएमओ डॉ. महेंद्रभान सिंह, एमओआईसी डॉ. मनोज कुमार चौधरी, बीसीपीएम हुकुम सिंह, सतेंद्र कटियार, उदय कटियार, सीएचओ ऋषभ गुप्ता, एएनएम खुशबू शर्मा आदि रहीं।

एक नजर

बार के पूर्व महासचिव पारिया की जमानत अर्जी खारिज

फर्रुखाबाद। गैंगस्टर के मुकदमे में पूर्व महासचिव संजीव पारिया की जमानत याचिका पर मंगलवार को बहस हुई थी। बचाव व अभियोजन पक्ष की ओर से दलीलें दी गईं। अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि वर्ष 2004 से 2024 तक संजीव पारिया की व्यक्तिगत व पारिवारिक आय 3.50 करोड़ रुपये बताई गई।

संजीव पारिया।

जबकि संजीव पारिया व उनके परिजनों द्वारा अर्जित संपत्ति 36.50 करोड़ रुपये है। इस तरह आय के सापेक्ष 12 गुना अधिक संपत्ति होना अभियोजन द्वारा बताया गया। कोर्ट ने पूरे प्रकरण में सुनवाई के बाद संजीव पारिया की जमानत याचिका खारिज कर दी।

बच्चों को छोड़ लाखों लेकर प्रेमी के साथ गई महिला

कायमगंज (फर्रुखाबाद)। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की पत्नी तीन बच्ची को छोड़ कर लाखों रुपए ब सोने चांदी के जेवरात लेकर अपने आशिक के साथ चली गयी।अपनी मां की याद में 12 वर्षीय बेटीकी तबीयत बिगड़ने पर उसको कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

ताड़ से गिरकर छात्र की मौत, मचा कोहराम

शुक्लागंज (उन्नाव)। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्ह नगर निवासी एक छात्र चार दिन पहले कमरे में खेल रहा था, तभी वह तांड पर चढ़ने लगा। जिससे वह सिर के बल जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये भर्ती कराया गया। जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। ब्रम्ह नगर निवासी जितेन्द्र अहिरवार का नौ साल का बेटा उमंग अहिरवार कक्षा पांच का छात्र था। रविवार को वह कमरे में खेल रहा था, इस दौरान वह ताड़ पर चढ़ने लगा जिससे अनियंत्रित होकर सिर के बल जमीन पर आ गिरा।

गंगा और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा फर्रुखाबाद: योगी

मुख्यमंत्री ने 207 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण, 81 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस-पे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। इसके लिए सर्वे चल रहा है। यह घोषणा बुधवार को यहां सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। मुख्यमंत्री बुधवारको क्रिश्चियन ग्राउंड में जन सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने 207 करोड़ की परियोजनाओं के लोकापर्ण, 81 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए कहा कि जनपद की 288 करोड़ की परियोजनाएं जनप्रतिनिधियों के प्रयास से मिली हैं। एग्री स्टेट योजना किसान क्रेडिट कार्ड पर तुरंत ऑनलाइन होने से किसानो को क्रेडिट लोन तुरंत मिल जाएगा। इस योजना का फर्रुखाबाद को गौरव मिला है। संकिसा धाम का सुंदरीकरण समेत नीब करोरी मंदिर का भी जल्द सुंदरीकरण का काम होगा। गंगा एक्सप्रेस-वे फर्रुखाबाद में सर्वे के बाद जोड़ने का काम होगा। 100 किलोमीटर का सर्वे हो चुका है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे जोड़ने का काम जल्द होगा। मुख्यमंत्री ने जनसभा के दौरान पूर्व ऊर्जा मंत्री ब्रह्म दत्त द्विवेदी याद करते हुए कहा कि सपा सरकार के दौरान चीरहरण करने वालो के सामने यदि कोई था तो फर्रुखाबाद के लाल ब्रम्हदत्त द्विवेदी थे। महिलाओं की सुरक्षा समेत अपराधियो पर कार्रवाई से प्रदेश की हालात बदली है।

उन्होंने कहा कि विकास के साथ विरासत का संरक्षण भी हमारी सरकार में किया गया है। हम समस्या के समाधान पर काम करते हैं। जनता की समस्याओं का निस्तारण सरकार की प्रमुखता। प्रभु श्रीराम का मंदिर आज बनकर तैयार है। गलत लोग सत्ता में आते हैं तो राम भक्तो पर गोली चलवाते हैं। आज जब सही लोग आये तो रामभक्तो को सिरमाथे पर बैठालते हैं। एक वोट सुरक्षा, रोजगार, गंगा एक्सप्रेस-वे को लाने को है। 2014 से पहले दुनिया मे भारत को सम्मान नही मिला। हर स्तर पर भ्रष्टाचार था। त्योहारो से पहले कर्फ्यू लग जाता था। लेकिन आज सब कुछ बदल गया। उत्तर प्रदेश जल्द नंबर एक की अर्थ व्यवस्था बनकर उभरने वाला है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन भी करने आएंगे।

उन्होंने 5 छात्रों को टैबलेट और दो किसानों को क्रेडिट कार्ड वितरित किए। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत ने फर्रुखाबाद का नाम बदल कर पांचाल नगर करने की मांग की। इस मौके पर सभी ज़न प्रतिनिधि मंचासीन रहे।

सभा को संबोधित करते प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- संकिसा और नीब करोरी धाम के सुंदरीकरण की घोषणा
- बोले, भाजपा सरकार में किया जा रहा विरासत का संरक्षण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा स्थल पर मौजूद भीड़। अमृत विचार

2017 से पहले मजहब की, अब प्रदेश में होती है विकास की चर्चा

- मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले यूपी बीमारू प्रदेश था। यूपी में जाति और मजहब की चर्चा होती थी। लेकिन आज विकास की चर्चा होती है। डबल इंजन की सरकार में विकास की गति दोगुनी है। आज 56 करोड़ आवास 56 करोड़ शौचालय प्रदेश की जनता को मिलने के बाद 5 करोड़ स्वास्थ्य बीमा मिला। 5 करोड़ जल्द देने जा रहे हैं। जल्द ही फेमली कार्ड देकर यह सभी योजनाओं को जोड़कर लाभार्थियों को 1.10 लाख मिलेगा। नौजवानों को जल्द नौकरी मिलेगी।

एक तीर से कई शिकार कर गए मुख्यमंत्री

चन्द्रपाल सिंह सेंगर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की अधिकृत घोषणा होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फर्रुखाबाद में जनसभा को संबोधित करते समय एक तीर से कई शिकार कर गए हैं। उन्होंने जहां 288 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात जिले को दी वहीं खास बात यह है कि उन्होंने विपक्षी दलों को वोट कटवा बतातार भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत को भारी मतों से जिताने की बात कही है।

बताते चलें कि मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन किसान कार्ड योजना की शुरुआत फर्रुखाबाद से की है। जिससे यहां की जनता का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने किसी दल का नाम लिए बिना समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार पर करारे प्रहार किये

जन प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री।

और कहा कि फर्रुखाबाद की जनता बाहर से थोपे गए प्रत्याशी को कभी पसंद नहीं करती है। मुख्यमंत्री के आने के बाद जहां मुकेश राजपूत का पलड़ा भारी हुआ है। वहीं जन सभा में स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी की लखनऊ के गेस्टहाउस में दिलेरी बता कर ब्राह्मण मतदाताओं को भाजपा की ओर रिझाने में तुरुप चाल चली है। मुख्यमंत्री ने शाक्य मतदाताओं को भाजपा की झोली में लाने के लिए संकिसा बौद्ध तीर्थ के सुंदरीकरण की बात कही। वहीं उन्होंने सनातनियो को रिझाने के लिए श्रंगी ऋषि की तपःस्थली और नीब करोरी धाम को नमन कर एक ही तीर से कई शिकार कर दिए। चुनाव से पहले जिले को 288 करोड़ की मिली सौगात आने वाले लोक सभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत के लिए मुफीद सावित होगी। राजनीति के पंडितों का कहना है कि चुनाव की घोषणा से पहले यहां आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत की चुनावी डगर आसान कर गए हैं।

मुख्यमंत्री की सभा में शव वाहन से मंगाए लंच पैकेट

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- सीएमओ ने स्टोर इंचार्ज का किया क्रायमगंज तबादला
- फार्मासिस्ट बोले, शव वाहन नहीं एंबुलेंस से भेजे लंच पैकेट

अमृत विचार। फर्रुखाबाद में मानवता को तार-तार करते हुए मुख्यमंत्री की सभा में जाने वाले लाभार्थियों को शव वाहन से लंच पैकेट मंगवाकर बंटवा दिए गए। मामले में चीफ फार्मासिस्ट चक्र सिंह यादव को स्टोर से कायमगंज सीएचसी स्थानांतरित कर दिया गया है।

फर्रुखाबाद जिले में स्वास्थ्य विभाग ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को आमसभा से भी बदतर तवज्जो दी। लंच पैकेट शव वाहन से मंगाकर लाभार्थियों में बंटवा दिए गए। जब चर्चा हुई तो जिम्मेदारों के हाथ-पांव फूल गए। हालांकि सीएमओ लंच पैकेट लाने वाले को दोषी ठहराकर कार्रवाई करने की तैयारी में हैं। सीएमओ कार्यालय में 27 वाहन अनुबंधित हैं। इसके अलावा 12 वाहन सरकारी हैं। बिना निरीक्षण के ही तेल का खेल चल रहा है।

जब मुख्यमंत्री की सभा के लिए लंच पैकेट पहुंचाने की बारी आई, तो सीएमओ कार्यालय से शव वाहन की चाबी पकड़ा दी गई। मानवता को तार-तार करते हुए मुख्यमंत्री की सभा में जाने वाले लाभार्थियों को शव वाहन से ही लंच पैकेट बंटवा दिए गए। इस बात की जब विभाग में चर्चा फैली तो आनन-फानन शव वाहन मंगाकर एल-2 अस्पताल में खड़ा करा लिया गया।

इस संबंध में कुछ जिम्मेदारों ने बताया कि शव वाहन पूरी तरह सैनिटाइज था। कई बार तो उसी वाहन में बैठकर वे लोग कलक्ट्रेट में बैठक करने जाते हैं। सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि शव वाहन से लंच पैकेट ले जाने के मामले में उन्होंने चीफ फार्मासिस्ट चक्र सिंह यादव को स्टोर से कायमगंज सीएचसी स्थानांतरित कर दिया गया है। एक अप्रैल से आदेश प्रभावी होगा।

फार्मासिस्ट चक्र सिंह ने बताया कि उन्होंने पैकेट नही भिजवाए। एंबुलेंस से लंच पैकेट भेजे गए। उस एंबुलेंस से खाने का सामान आता रहता है।

सेफ हाउस में दो घंटे देरी से पहुंची एंबुलेंस, वेतन रोका

फर्रुखाबाद। मुख्यमंत्री की सभा में स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही दिखी। सभास्थल पर बनाए गए सेफहाउस में भी एंबुलेंस समय से नहीं पहुंच सकी। सीएमओ डॉ.अवनींद्र कुमार ने बताया कि सेफ हाउस में दो घंटे देरी से एंबुलेंस पहुंची। मामले में एंबुलेंस प्रभारी व नोडल अधिकारी के खिलाफ वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है। जबकि फार्मासिस्ट आशीष शुक्ला को सीएचसी राजेपुर स्थानांतरित कर दिया गया है। एक अप्रैल से आदेश प्रभावी होगा। सीएमओ ने बताया कि स्टेनो के साथ संबद्ध चल रहे सीएचसी राजेपुर के डाटा इंट्री ऑपरेटर नागेंद्र व डिस्पैच से संबद्ध मलेरिया विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दीपक को भी मूल तैनाती पर वापस किया जा रहा है।

अब 'फोटो फ्रेम' से कसेगा बेसिक शिक्षकों पर शिकंजा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में कई ऐसे शिक्षक भी हैं, जो अपनी जगह किराये पर पढ़वाते हैं। मगर निरीक्षण के दौरान अधिकारी इन्हें पकड़ नहीं पाते। ऐसे शिक्षकों पर नकेल कसने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग अब कक्षावार 'हमारे शिक्षक' फोटो फ्रेम लगवाएगा। इस फोटो फ्रेम में शिक्षक का पूरा ब्योरा होगा। उसका फोटो व मोबाइल नंबर भी डाला जाएगा। इसके लिए जनपद को लगभग नौ लाख का बजट मिला है। 20 मार्च तक फोटो फ्रेम लगाया जाना है।

परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह पता ही नहीं चल पाता कि विद्यालय में किस शिक्षक व शिक्षामित्र की तैनाती है। इसका लाभ फर्जी शिक्षकों को मिल जाता है। इस पर नकेल कसने को विभाग ने निपुण भारत मिशन के तहत परिषदीय के साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 'हमारे शिक्षक' फोटो फ्रेम लगाने के निर्देश दिए हैं।

इसके तहत स्कूल के प्रत्येक कक्षा कक्ष में फोटो फ्रेम लगाया जाएगा। फोटोफ्रेम में संबंधित शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक का फोटो फ्रेम लगेगा। इस फोटो फ्रेम में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक का नाम, फोटो, शैक्षिक योग्यता, विद्यालय में तैनाती तिथि, आवंटित कक्षा, विशिष्ट उपलब्धि, पदनाम, प्रशिक्षण योग्यता, मोबाइल नंबर और आवंटित विषय दर्ज होगा। फोटो फ्रेम कक्षा कक्ष में ऐसी जगह लगाया जाए, जहां प्रवेश करने पर निरीक्षणकर्ता, अभिभावक व बच्चों की नजर आसानी से पड़ सके। फोटो फ्रेम को लेकर जनपद को करीब नौ लाख का बजट मिला है। 20 मार्च तक फोटोफ्रेम बनाकर सूचना परिषद को उपलब्ध कराई जानी है।

कक्षा कक्षों में 'हमारे शिक्षक 'फोटोफ्रेम लगने से निरीक्षण करने के दौरान आसानी से पता चल जाएगा कि कौन सी कक्षा में किस शिक्षक की तैनाती है। फोटो फ्रेम में लगी फोटो से पहचान हो जाएगी कि जो शिक्षक पढ़ा रहा है, उसी की स्कूल में तैनाती है। फोटोफ्रेम के लिए करीब नौ लाख का बजट मिला है। जल्द ही इसे स्कूलों में भिजवा दिया जाएगा। प्रति शिक्षक 150 रुपये खर्च होंगे।

–गौतम प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी फर्रुखाबाद

दुर्घटना में बाइक सवार घायल

फर्रुखाबाद। क़ायमगंज कोतवाली क्षेत्र में कार और बाइक की टक्कर से दो बाइक सवार घायल होगये। थाना कम्पिल के महोल्ला बारह पत्थर अजय पुत्र ब्रम्हानंद व बन्टी पुत्र राजेश बाइक द्वारा फर्रुखाबाद से कायमगंज होते हुए कम्पिल जा रहे थे। बताया जा रहा कि दोनों बाइक सवार शराब के नशे में थे। जब बाइक सवार कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग के पास दमदमा मोड पर पहुंचे तभी सामने आ रही कार से टक्कर हो गई।जिस पर दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया रैफर कर दिया गया।

109 शिक्षकों के एरियर का नहीं हो सका भुगतान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जनपद में अभी भी 109 शिक्षकों के एरियर का भुगतान नहीं हो पा रहा है। 68500 व 69 हजार शिक्षक भर्ती के तहत नियुक्ति पाए शिक्षक एरियर के भुगतान को भटक रहे हैं। चढ़ावा न चढ़ाने के चलते इन लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

वर्ष 2018-19 में जनपद में 68500 भर्ती के तहत 474 और वर्ष 2020-21 व वर्ष 2021-22 में 981 शिक्षकों की भर्ती जनपद में हुई थी। एरियर भुगतान के लिए शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय के चक्कर काटने शुरू किए तो विभागीय मातहत उन्हें यह कहकर टरकाते रहे कि उनके शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन होकर नहीं आया है। कार्यालय के कुछ बाबू तो शैक्षिक अभिलेख सत्यापन होकर आने के बाद भी सूची दबाए बैठे रहे। जब चढ़ावा चढ़ा तो एरियर भुगतान के लिए सूची लेखा विभाग को भेजी गई। इस तरह शिक्षकों के एरियर भुगतान में करीब छह साल लग गए।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया कि जैसे ही अभिलेख सत्यापन होकर आते हैं, वैसे ही उनका एरियर भी निकाल दिया जाएगा।

दो पक्षों में मारपीट पांच लोग घायल

क्रायमगंज फर्रुखाबाद। कोतवाली कायमगंज के ग्राम मूसेपुर निवासी रामनरेश पुत्र राम सिंह खेत में तंबाकू की भराही कर रहे थे। भराही के लिए समर का पाइप सड़क पर पड़ा हुआ था। तभी कोल्हा सिकंदरपुर के लोग गाड़ी लेकर उधर से निकल रहे थे। गाड़ी पाइप के ऊपर निकलने से पाइप फट गया। इस पर रामनरेश ने गाड़ी की चाबी निकाल ली और कहा कि मेरा पाइप फाड़ दिया है। जिस पर कोल्हापुर के ग्रामीण ने अपने गांव फोन कर दिया।जिसपर कोल्हापुर के ग्रामीणों ने लाठी डंडो से हमला कर दिया। पक्षों से रामनरेश, उसका पुत्र अंकुल, बबलू, देवेन्द्र अमित, धर्मेन्द्र घायल हो गए।

गुरु का दर्जा ईश्वर से बड़ा, निभाएं जिम्मेदारी

संवाददाता राजेपुर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। प्राथमिक विद्यालय राजेपुर में ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ने शिक्षा के क्षेत्र में चल रही सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी ने कहा कि सरकार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए मिडडे मील, मुफ्त यूनीफार्म, जूता-मोजा के साथ ही स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं दे रही है। अब शिक्षकों की भी जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को ठीक तरह से पढ़ाएं।

बच्चों को सम्मानित करते ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंसी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि शिक्षक का स्थान ईश्वर से ऊंचा होता है, इसलिए गुरुजनों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वह बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। प्रधान संघ अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, प्रधान प्रदीप गुप्ता और योगेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। खंड शिक्षाधिकारी अनूप कुमार, संतोष पाठक, इतेंद्र सिंह, संदीप गुप्ता और महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

जागरुकता स्वास्थ्य केंद्रों पर मनाया गया धूम्रपान निषेध दिवस, हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया

लोगों को धूम्रपान न करने की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत हर साल मार्च माह के दूसरे बुधवार को धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाता है।जिले के सभी चिकित्सालयों सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में शपथ ग्रहण हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनीद्र कुमार ने कहा कि विश्व में लाखों लोग हर वर्ष तंबाकू सेवन से जान गवाते हैं। जो क्षय रोग, एड्स एवं मलेरिया से होने वाली मौतों से अधिक है। इसलिए इस भीषण त्रासदी को रोकने के लिए हम सभी को मिलकर तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाना होगा। यह हमारे आपके जीवन के लिए मीठे जहर के समान है इसको अभी नहीं छोड़ा तो यह आपका जीवन छीन लेगा।

तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते अधिकारी। अमृत विचार

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. दलवीर सिंह ने बताया कि प्रतिदिन 2200 से अधिक भारतीय तंबाकू सेवन के कारण मरते हैं। भारत में कैंसर से मरने वाले 100 रोगियों में 40 तंबाकू के प्रयोग के कारण मरते हैं। लगभग 95 प्रतिशत मुख का कैंसर तंबाकू सेवन करने वालों को होता है। उ.प्र. राज्य तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम मे सबका सहयोग एवं जागरूकता अति आवश्यक है।

तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जनपद सलाहकार सूरज दुबे ने जानकारी दी कि धूम्रपान हमारे शरीर के लिए इतना घातक है कि हम अपने जीवन से भी हाथ धो बैठते हैं। डॉ. राममनोहर लोहिया चिकित्सालय पुरुष में तंबाकू को छोड़ने के लिए निःशुल्क गोलियां दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों के निकट कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पादन बेचने वालों तथा सार्वजनिक जगहों पर इसका सेवन करने वालों के विरुद्ध पुलिस अधिकारियों को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर संपन्न

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय फर्रुखाबाद में प्राचार्य डॉ. शालिनी के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुंदरलाल के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गांव निनौआ के शिव मंदिर परिसर में संपन्न हुआ।

शिविर के उद्घाटन सत्र में डीएन (पीजी) कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार गर्ग ने सभी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। डॉ. शिल्पी सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को आशीर्वाद दिया।

एनएसएस के सह-संयोजक डॉ. महेश कुमार ने कहा कि शिविर युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित किए जाते हैं। एनएसएस अधिकारी डॉ. सुंदर लाल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र/छात्रा/युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। सेवा के माध्यम से शिक्षा। शिविर में छात्रा बबली, कामिनी, अंशी, मुस्कान, ज्योति, गौरी, भूलन देवी, पूजा, शिवानी, रोशनी, आकांक्षा, खुशी, अर्चना, खुशबू, आर्तिका, छात्र आयुष कुमार, विकास यादव, मेहराज अहमद, सुमित, सूर्यकांत, प्रियांशु कटियार, अनुरुद्ध, अभय सिंह, नारायण अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

रोजगार मेले में उमड़े युवा। अमृत विचार

160 युवाओं का रोजगार के लिए हुआ चयन

फर्रुखाबाद। आईटीआई ठंडी सड़क में आयोजित रोजगार मेला में करीब आधा दर्जन से ज्यादा कंपनियों ने स्टॉल लगाकर बेरोजगारों का पंजीकरण किया। कंपनी के कोआर्डिनेटरों ने युवाओं के शैक्षिक अभिलेख जांचे। साक्षात्कार के बाद 160 लोगों का चयन रोजगार के लिए किया गया। नियुक्त पत्र पाए युवा बेहद खुश नजर आ रहे थे। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में 228 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। साक्षात्कार के बाद 160 को रोजगार मुहैया कराया गया। ब्रजेश कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, शिव बहादुर सिंह, विजेंद्र सिंह व राजकिशोर महतो आदि मौजूद रहे।

मशीन चेक करता कर्मचारी। अमृत विचार

घटतौली पर लगाम लगाने को अमृतपुर पहुंची मशीन

अमृतपुर फर्रुखाबाद। ई-पास मशीन युक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटे की खेप बुधवार को अमृतपुर तहसील पहुंच गई। लगातार राशन कोटेदारों द्वारा घटतौली की बढ़ती शिकायतों से सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कांटों में ई-पास मशीन लगाई गई है। इंजीनियर वरुण ने बताया इन मशीनों पर अंगूठा लगाने के उपरांत कांटे से उतना ही राशन तौलेगा जितना राशन कार्डधारक के कार्ड पर चढ़ा होगा। राजेपुर ब्लॉक में 88 उचित दर राशन विक्रेताओं की दुकानें हैं। जिनके लिए ईपास मशीन युक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटों की खेप अमृतपुर तहसील पहुंची। इंजीनियर ने बताया कि इन मशीनों को कोटेदारों की दुकानों पर पहुंचा दिया जाएगा। अप्रैल माह मे इन्हीं ईपास मशीनों युक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटों से ही राशन वितरण किया जाएगा।

गैंगस्टर के आरोपी अधिवक्ता चीनू का कोर्ट में सरेंडर

फर्रुखाबाद। गैंगस्टर मुकदमे में फरार चल रहे अधिवक्ता ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायिक हिरासत में लेने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। फतेहगढ़ कोतवाल हरिश्याम सिंह ने 13 फरवरी को माफिया बसपा नेता डॉ. अनुपम दुबे, बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया और कादरीगेट कोतवाली क्षेत्र के पांचालघाट बहादुरपुर निवासी वकील शिव प्रताप उर्फ चीनू के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा कि आरोपित गैंग बनाकर घटनाएं करते हैं। इनके खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। मुकदमे की विवेचना मऊदरवाजा एसओ अमित गंगवार कर रहे हैं। वकील शिव प्रताप उर्फ चीनू ने बुधवार को गैंगस्टर कोर्ट में आत्मसर्पण कर दिया। कोर्ट ने वकील शिव प्रताप को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उनके वकील ने जमानत याचिका कोर्ट में प्रस्तुत की। कोर्ट ने जमानत पर पुलिस से आख्या मांगी है। सुनवाई के लिए 16 मार्च की तिथि नियत की है।

अधिवक्ता चीनू।

खेत पर खड़ी मिली बाइक को ले गई पुलिस

अमृतपुर (फर्रुखाबाद)। थाना क्षेत्र के हुसैनपुर के पास सड़क के नीचे खेतों में एक बाइक काफी समय से खड़ी होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा थाना पुलिस को दी गई। दरोगा राघवेंद्र भदौरिया ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। काफी देर तक मोटर साइकिल के विषय मे जानकारी न हो पाने पर पुलिस मोटर साइकिल को थाने में खड़ी करा दी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अर्चयेदेव मित्राणि सति वाऽसति वा धने।
नानर्थयन् प्रजानति मित्राणं सारफल्गुताम्॥

मित्रों का हर स्थिति में आदर करना चाहिए-चाहे उनके पास धन हो अथवा न हो तथा उससे कोई स्वार्थ न होने पर भी वक्त-जरूरत उनकी सहायता करनी चाहिए।

संपादकीय

कांग्रेस की मुश्किल

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव पास आ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। साथ ही कांग्रेस का कुनबा भी कम होता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से शायद ही ऐसा कोई दिन गया हो जिस दिन कांग्रेस के किसी नेता ने पार्टी न छोड़ी हो। बुधवार को उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के बड़े नेता और कानपुर की राजनीति का बड़ा चेहरा माने जाने वाले पूर्व विधायक अजय कपूर बीजेपी में शामिल हो गए। अजय कपूर राहुल गांधी और प्रियंका के बेहद करीबी नेताओं में थे। इसके अलावा महाराष्ट्र में पूर्व कांग्रेस विधायक पद्माकर वलवी भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वलवी उत्तरी महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। लोस चुनाव से ऐन पहले दिग्गज कांग्रेसी नेताओं का पार्टी को छोड़ना कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी साबित होता जा रहा है। उधर इंडिया गठबंधन भी कांग्रेस को कोई खास तवज्जो नहीं दे रहा है। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने बंगाल की सभी 42 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर यह संदेश दे दिया कि वह अकेले ही चुनाव लड़ेंगी। ममता की यह घोषणा कांग्रेस के साथ-साथ विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के लिए भी झटका है। इसके पहले हाल ही में केरल में वाम दलों ने भी कांग्रेस को ऐसा ही झटका दिया था। वाम दलों ने तो राहुल गांधी की वायनाड संसदीय सीट यह कहकर अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया कि यदि उन्हें भाजपा का मुकाबला करना है तो वह उत्तर भारत जाकर चुनाव लड़ें।

एक ओर नेताओं का पार्टी छोड़कर जाना, दूसरी ओर कांग्रेस की गठबंधन में कमजोर स्थिति भविष्य में पार्टी के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े कर रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस स्थिति के लिए कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही जिम्मेदार है। क्योंकि जब पार्टी प्रमुख राहुल गांधी को लोस चुनाव के मद्देनजर पार्टी को जोड़कर रखना चाहिए था, तब वे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं। साथ ही पार्टी का शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस छोड़ने वालों को रोकने या उनसे संवाद करने के बजाय उलटा उनकी आलोचना और उनके पार्टी छोड़ने पर यह कहकर समस्या से मुंह मोड़ रहा है कि वे सत्ता के भूखें और लालची लोग हैं। शीर्ष नेतृत्व का यह तंज कहीं से भी तर्क संगत नहीं कहा जा सकता है। कांग्रेस को समझना होगा कि शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सर गड़ा लेने से आंधियों से पार नहीं पाया जा सकता है। यदि कांग्रेस वाकई चुनावों और देश हित को लेकर गंभीर है तो उसको आत्ममंथन कर पार्टी के बिखराव को रोकना होगा। यही देश व उसके हित में भी होगा, क्योंकि देश की उन्नति में सशक्त विपक्ष की भी महती भूमिका होती है।

काश! कावेरी को सहेजा होता

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है।

देश के सबसे सुंदर शहरों में से एक बेंगलुरु का जल संकट इन दिनों चर्चा में हैं। कहा तो यह जा रहा है कि लगातार दो साल से बरसात कम हो रही है। हकीकत यह है कि स्थानीय तालाबों को सुखाने के साथ-साथ कावेरी नदी के प्रति सरकार और समाज की बेपरवाही इसके मूल में हैं। बेंगलुरु शहर की कोई एक करोड़ चालीस लाख आबादी के लिए हर दिन 2600 एमएलडी पानी की जरूरत है, जबकि कावेरी नदी से मात्र 1460 मिल रहा है। कोई 1200 से अधिक नलकूप सूख चुके हैं। बरसात अभी कम से कम दो महीने दूर है और इसीलिए कई स्कूल-कालेज-दफ्तर बंद कर दिए गए। पानी के दुरुपयोग पर पांच हजार के जुर्माने सहित कई पाबंदियां लगा दी गई हैं।

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है। कावेरी नदी कर्नाटक के कुर्ग जिले के पश्चिमी घाट के घने जंगलों में ब्रह्मगिरी पहाड़ी पर स्थित तलकावेरी से निकलती है। कोई आठ सौ किलोमीटर की यात्रा के दौरान कई सहायक नदियां इसमें आकर मिलती हैं, लेकिन जब दो लाख घन मीटर से अधिक वार्षिक जल बहाव वाली कावेरी का समागम तमिलनाडु में थंजावरु जिले में बंगाल की खाड़ी में होता है तो यह एक शिथिल व छोटी सी जलधारा मात्र रह जाती है।

कावेरी के पानी को लेकर दो राज्यों के बीच का विवाद संभवतया दुनिया के सबसे पुराने जल विवादों में से एक है। 17 वीं सदी में टीपू सुल्तान के शासनकाल में जब तत्कालीन मैसूर राज्य ने इस पर बांध बनाया था तब मद्रास प्रेसीडेंसी ने इस पर आपत्ति की थी। इस झगड़े का एक पड़ाव सन् 1916 में सर विश्वेश्वरय्या की पहल पर बनाया गया कृष्णराज सागर यानी के.आर.एस. बांध था, पर जब दोनों राज्यों में पानी की मांग बढ़ी तो यह बांध भी विवादों की चपेट में आ गया। कावेरी की लपटों में न जाने क्या-क्या झुलसा, लेकिन पानी पर सियासत करने वालों ने इस बात की सुध कभी नहीं ली कि कावेरी का मैला होता पानी अब जहर बनता जा रहा है। कुछ साल पहले बेंगलुरू विश्वविद्यालय ने वन और पर्यावरण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय-एनआरडीसी की मदद से एक विस्तृत शोध किया था जिसमें बताया गया था कि के.आर.एस. बांध से नीचे आने वाला पानी ऊपरी धारा की तुलना में बेहद दूषित हो गया है।

> गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है।

गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बरसात के दिनों में कावेरी के पानी में हर रोज 1051 टन सल्फेट, 21 टन फास्फेट और 34.88 टन नाइट्रेट की मात्रा मिलती है। गर्मी के दिनों में जब पानी का बहाव कम हो जाता है, तब सल्फर 79 टन, 2.41 टन फास्फेट और 3.28 टन नाइट्रेट का जहर हर रोज इस पावन कावेरी को दूषित कर रहा है। याद रहे कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक नाइट्रेट के रूप में नाइट्रोजन की इतनी मात्रा वाला पानी बच्चों के लिए जानलेवा है। कौल्लेगेल क्षेत्र में शहरी सीवर के कारण कावेरी का पानी मवेशियों के लिए भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। यहां पानी में कैडमियम, एल्यूमिनियम, जस्ता और सीसा की मात्रा निर्धारित स्तर को पार कर जाती है। ये नदी किनारे रहने वालों के लिए आए दिन नई-नई बीमारियों की सौगात लेकर आ रहे हैं। वैसे तो अन्य नदियों की ही तरह कावेरी में भी खुद-ब-खुद शुद्धीकरण की विशेषता है, लेकिन आधुनिक जीवनशैली के लिए आवश्यक बन गए रासायनों की बढ़ती मात्रा से नदी का यह गुण नाकाम हो गया है। कावेरी के किनारों पर रेत की बेतरतीब खुदाई, शौचकर्म और कपड़ों की धुलाई ने भी नदी का मिजाज बिगाड़ दिया है।

कावेरी के दूषित होने की चेतावनियां सन् 1995 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रपट में दर्ज थी। उसमें कहा गया था कि कावेरी का पानी अपने उद्गम तालकावेरी से मैसूर शहर की सीमा तक सी ग्रेड का है, जबकि यह होना ए ग्रेड का चाहिए। विदित हो कि ए ग्रेड के पानी की 100 मिलीलीटर मात्रा में कॉलीफार्म बैक्टीरिया की मात्रा 50 होती है, जबकि सी ग्रेड में यह खतरनाक विषाणु छह हजार होता है। पानी की अम्लीयता का पैमाना कहे जाने वाले पीएच वैल्यू में काफी अंतर दर्ज किया गया था। प्रदूषण बोर्ड की उस रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि केआर बांध से होगेनक्कल तक और बेंगलुरु से ग्रेंड एनीकेट तक और उसे आगे कुंभकोणम तक पानी की क्वॉलिटी ई ग्रेड की है। सनद रहे कि इस स्तर का पानी पीने के लिए कतई नहीं होता है। तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले के मन्नारगुडी का सीबीएम यानी कोल बेड मीथेन क्षेत्र कावेरी की जान का दुश्मन बना है। यहां गहरी खुदाई के लिए और उसके बाद वहां से निकलने वाले कोयले को नदी के पानी से साफ किया जाता है और इस तरह दूषित जल सीधे नदी में फिर बहा दिया जाता है, तभी मन्नारगुडी के आस-पास कई किलोमीटर तक नदी का पानी काला-नीला दिखता है।

सिंचाई, सफाई और सियासत के भंवर में फंसी 770 किलोमीटर लंबी कावेरी की सबसे ज्यादा दुर्गति कर्नाटक के कुर्ग जिले में ही है। यह इलाका काफी उत्पादक है और सरकारी रिकॉर्ड कहता है कि चार लाख पचहत्तर हजार टन कॉफी का कचरा सीधे नदी में जा रहा है। कुर्ग शहर की एक लाख आबादी का पूरा निस्तार बगैर सफाई के नदी में मिलता है। यह इलाका सूअर के गोश्त के व्यापार के लिए भी जाना जाता है और हजारों बूचड़खाने का गंदा पानी इसमें सीधे मिलाने में किसी को कोई संकोच नहीं होता।

कुछ समय पहले प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक और राज्य ज्ञान आयोग के अध्यक्ष प्रो. के. कस्तूरी रंगन ने राज्य शासन को एक रपट सौंपी थी जिसमें कावेरी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए त्वरित विशेष प्रयास करने व उसके लिए अलग से बजट की बात की थी। रपट में बताया गया था कि कावेरी के किनारे उभर आए कई पर्यटनस्थल नदियों में सीवर की गंदगी बढ़ा रहे हैं, वहीं इससे रेत का अवैध खनन इसके अस्तित्व के लिए खतरा बन रहा है। जब बेंगलुरु जैसे महानगर और व्यापारिक केंद्र पर जलसंकट आता है तो कावेरी की याद आती है। काश कावेरी को हर समय याद रखा जाए तो प्यास के नौबत ही नहीं आएगी।

प्रसंगवश

आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां

लोकवार्ता के अध्ययन का कोई भी प्रयास जनगण के जीवन और जनमानस के समीप पहुंचने और उसके साथ संबंध स्थापित करने की साधना है। लोक को ज्ञान के केन्द्र में प्रतिष्ठित करने का अनुष्ठान है। लिखित अक्षर की महिमा के संबंध में कितना कुछ कहा जा सकता है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मनुष्य जीवन में वह क्रांतिकारी दिन था, जिस दिन मनुष्य ने लिपि का आविष्कार किया था। जिस दिन मानव सभ्यता के आंगन में पुस्तक का अवतार हुआ था, उस दिन मनुष्य व लोकजीवन ने पुस्तक के प्रति इतनी श्रद्धा व्यक्त की थी कि उसको ईश्वर की वाणी का अवतार माना था। भारत में ज्ञान की अधिष्ठात्री सरस्वती हैं और उसके हाथ में पुस्तक है-वीणा पुस्तकधारिणी, लेकिन पुस्तक कोई भी हो, वह असीम नहीं हो सकती।

पुस्तक में जो कल लिखा गया था, वह कल का जीवन ही तो था, लेकिन जीवन तो बह रहा है, बहता रहेगा। पुस्तक जो कल लिखी गई थी, उसमें कल तक का जीवन अनुभव था। सूरदास के शब्दों में कहें तो ऊधौ बंध्यौ ज्ञान पोथी कौ। कबीर ने जब संस्कृत को कूप जल कहा था तो उसका आशय उस बंधे हुए ज्ञान से ही था। बहता नीर निर्बन्ध है और वह वाचिक परंपरा है, श्रुति परंपरा है, मौखिक परंपरा है, ओरल ट्रेडीशन है। जीवन व्यवहार में लिखित का महत्व तो है, किंतु जीवन का समस्त व्यवहार तो लिखकर हो नहीं सकता। जीवन व्यवहार बोलने से होता है, कहने सुनने से होता है। इसलिए लोकवार्ता वाचिक परंपरा की महिमा को प्रतिष्ठित करती है।

विचार करने की बात है कि हमारी शिक्षा पाठ्य पुस्तकों के घेरे में किस कदर घिर गई कि विद्यार्थी और अध्यापक समझने लगे कि पुस्तक ही ज्ञान की परमावधि है। लोकवार्ता इस बंधी हुई दृष्टि का निराकरण करती है, जीवन पुस्तक ही नहीं है। जीवन पुस्तक के बाहर है।

हमारी राष्ट्रीयता और मनुष्यता का पक्का आधार उन असंख्य गाथाओं, कथाओं, मिथकों में जीवित है, जो हजारों-हजारों सालों से हमारे जातीय जीवन को शक्तिवान बनाते रहे हैं। हमारी लोकपरंपरा में हजारों आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां उसी प्रकार अंतर्भुक्त हुई हैं, जैसे सहस्र धाराएं गंगा में समा जाती हैं।

भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है हमारी चेतना

ब्रह्मांड क्या है, यह कब और कैसे उत्पन्न हुआ, इसका आयतन स्थिर है या बढ़ रहा है। इन प्रश्नों को छोड़िए। बस ब्रह्मांड है और उसमें चेतन प्राणी के रूप में हमारी एक स्थिति है, एक भूमिका भी। हमें मोटा-मोटा मालूम है कि हमारी पृथ्वी हमारे सौरमंडल का एक ग्रह है जिसका एकमात्र उपग्रह चंद्रमा है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है? हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है?

पृथ्वी अन्य ग्रहों की भांति हमारे सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है, ऐसा करते हुए वह अपनी धुरी पर भी घूर्णन करती रहती है। हम आकाश की ओर देखते हैं तो कम-ज्यादा चमकते हुए, दूर-पास नक्षत्र (ग्रह) और तारे दिखाई पड़ते हैं। हमें बताया गया है कि हर तारा एक सूर्य है, जो स्वयं भासमान है, किंतु हर ग्रह सूर्य के प्रकाश से ही चमकता है। हमारी आकाशगंगा में हमारे सूर्य-जैसे अनेक सूर्य हैं और हर सूर्य के अपने कम-ज्यादा संख्या में ग्रह हैं।

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को और भी बहुत कुछ ज्ञात है। उनके अनुसार ब्रह्मांड की विशालता हमारी कल्पना से परे है। अब देखिए हम शुक्र को साफ-साफ देख पाते हैं, क्योंकि वह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है और अन्य ग्रहों में बस मंगल की अपेक्षा हमसे दूर है, बाकी सबसे करीब है। अंतरिक्ष-वैज्ञानिक बताते हैं कि शुक्र की दूरी पृथ्वी से तकरीबन आधा अरब मील है। प्रकाश की रफ्तार (लगभग) 1,86,000 मील प्रति सेकेंड है। प्रकाश को शुक्र से पृथ्वी तक पहुंचने में 45 मिनट लग जाते हैं। जब हम अपने सौर मंडल से और आगे बढ़ते हैं तो दूरियां इतनी विस्तीर्ण हो जाती हैं कि मील से काम नहीं चलता। तब हम दूरी को समय से मिलाकर उसे प्रकाश वर्ष में नापते हैं। एक प्रकाश वर्ष वह दूरी है जिसे तय करने में प्रकाश को एक वर्ष लगता है। एक साल में प्रकाश 60 खरब मील की दूरी तय कर लेता है। हमारी आकाशगंगा के सबसे करीब की आकाशगंगा एंड्रोमेडा है। उससे निकले जिस प्रकाश को हम आज देख रहे हैं वह 25 लाख साल पहले वहां से चला था।

दृश्यमान ब्रह्मांड में कितनी आकाशगंगा हैं? कम से कम 200 अरब और अधिक से अधिक 20 खरब। इतना विस्तार और इतनी संख्या में आकाशीय पिंड कि बस अनुमान ही अनुमान है, वह भी किसी अनुमान-जैसा अनुमान नहीं, बस लालबुझक्कड़ वाला। आयतन और आकाशीय पिंडों की संख्या की तरह ब्रह्मांड का आयु काल भी शुद्ध अनुमान है।

क्षमा करेंगे स्टीफ़न हॉकिंग का एक जर्रे के महाविस्फोट से 13.8 अरब साल पहले ब्रह्मांड की उत्पत्ति और लगातार विस्तार का सिद्धांत मुझे तो उतना ही वैज्ञानिक लगता है जितना ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में विराटपुरुष के भिन्न-भिन्न अंगों से ब्रह्मांड के भिन्न-भिन्न अवयवों की उत्पत्ति का रूपक। या अब्राहमिक धर्मों के धर्मग्रंथों में वर्णित ईश्वर द्वारा छह दिन में सृष्टि की रचना। कम से कम विज्ञान में बिना समझ में आए विश्वास कर लेने जैसी कोई चीज नहीं होनी चाहिए। वह शुभ घड़ी 13.8 अरब साल पहले ही क्यों आई, 13 या 14 अरब साल पहले क्यों नहीं?

वैज्ञानिक खोजों से प्राप्त इन और इन जैसी अनेक जानकारियों के प्रकाश में कपिल के निरीश्वर सांख्य और शंकर के अद्वैत वेदांत की क्या प्रासंगिकता है? अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है?

हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है? बस इसी संदर्भ में कपिल और शंकर के धर्म-निरपेक्ष और 'ईश्वर' निरपेक्ष चिंतन के प्रति एक जिज्ञासात्मक भाव है।

सोशल फोरम

ट्रेलिस सिस्टम

अधिकांशतः यह स्वीकार कर लेना बेहतर समझा जाता है कि ढर्रे में चल रही चीजें ही जीवन का अंतिम सत्य हैं। हम खुद से सोचना बंद कर नतमस्तक होकर इन रेडीमेड विचारों को शिरोधार्य कर लेते हैं। फिर चाहे वह धर्म हो राजनीति, समाज हो या व्यवसाय! पहले पहल जीरे जैसे सरकारी टैंक के अनुदान से ही हमने रेसवे का ऊंट बनाने का निर्णय लिया और आपदा में उसने पूरा प्रलय झेलकर इसे सही साबित कर के दिखा दिया।

पृथ्वी 'लक्ष्मी' राज सिंह
रामगढ़, उत्तराखंड

पिछले वर्ष कीवी के सरकारी लोहे के डंडों की जगह हमने एक शानदार स्ट्रक्चर का निर्माण किया। इस बार एप्पल मिशन के इतर अपने शानदार किसान भाई मुकेश दरम्वाल को खुद के सर्पोट पोल बनाते देखा तो लगा कि यह बहुत पैक्टिकल और बेहतर हैं। पिछले वर्ष ही एक किसान का एप्पल ट्रैलिस सिस्टम बर्फबारी में धाराशाही होते देखा था। इस हिसाब से मुकेश का यह प्रयोग स्थानीय स्तर पर ज्यादा बेहतर था।

इसी क्रम में हमने भी उसे थोड़ा और मोडिफाई कर अपनाने का निर्णय लिया। सेब और स्ट्रक्चर के स्थानीय विशेषज्ञ भाई चंदन बिष्ट के सुझावों से इसे प्रचलित ट्रेलिस सिस्टम के अनुरूप ढाला। इसमें हमने चौदह फिट लंबे डेढ़ इंच मोटे पुराने मजबूत जी आई पाइप को एक आठ फिट के अतिरिक्त सपोर्ट पोल से जोड़ा ताकि बहुत हवा या बर्फबारी/ ओलावृष्टि में भी यह सीधा बना रहे और उसकी टॉप में दो बाई दो फीट के वी सेप बार का निर्माण किया जिससे कि हेलनैट पेड़ों के ऊपर से एक दूरी बनाकर बाहर आए। उम्मीद है कि यह साझा अनुभव भविष्य में ज्यादा कारगर व बेहतर साबित होगा। इस वर्ष गिने चुने पेड़ों में फूल आने शुरू हुए हैं। जल्द ही यह दृश्य भी बदलेगा तब यहां हजारों बुके हाथ में लिए इन पेड़ों के बीच एक सेलेब्रिटी की तरह खड़े होंगे।

-फेसबुक वॉल से

सोशल मीडिया की दुनिया में खोता बचपन

ऐसे तो सोशल मीडिया वरदान भी है और अभिशाप भी है। बच्चों में बढ़ रहा मानसिक विस्तार सोशल मीडिया की ही देन है। बच्चे इसका प्रयोग कैसे करते हैं यह उनके ऊपर निर्भर करता है। आजकल बच्चे अधिकतर मोबाइल में ऑनलाइन पढ़ाई करते हैं और क्या वह सच में पढ़ाई करते हैं? बच्चों के बीच परिवार का सामंजस्य बराबर नहीं बैठ पा रहा है। सवेरे उठना मंजन करना चाय पीना फिर मोबाइल लेकर के बैठ जाना घंटो मोबाइल के अंदर अपनी आंख लगाए रखते हैं जिसकी वजह से उनके स्वास्थ्य पर भी मोबाइल का असर होता है। अपने परिवार से ज्यादा बच्चे मोबाइल को महत्व देने लगे हैं और उसमें जुड़ी हुई हर गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए रखते हैं, जहां उन्हें अच्छी चीजें भी देखने मिलती हैं और बुरी चीजें भी। युवा-बच्चे अक्सर सोशल मीडिया की चपेट में होते हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई सब दूर हो रही है। एक घंटा पढ़ाई करते हैं फिर मोबाइल से घंटों अपने दोस्तों के साथ गपशप करते हैं। बंद कमरे में रहने वाले बच्चे अपने मोबाइल के साथ खुद को बंद कर लेते हैं। फिर यदि परिवार का कोई सदस्य उन्हें किसी कार्य के लिए उठाता है तो यह बच्चे चिड़चिड़ा जाते हैं। बच्चों में बढ़ रही विद्रोह की भावना आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद घातक है। पहले जमाने में बच्चे अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करते थे। अच्छा बुरा सबका ज्ञान लेते थे, लेकिन आजकल तो केवल मोबाइल में ही अच्छा बुरा देखते रहते हैं जिसमें से अच्छा कम बुरा देखने की ज्यादा प्रवृत्ति बच्चों में पाई जाती है जिसकी वजह से उनकी मानसिकता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जब परिवार का कोई व्यक्ति उन्हें हाथ में मोबाइल लेने से रोकता है तो उन्हें लगता है कि हमारी आजादी हमसे छीनी जा रही है। आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा वरना परिणाम घातक हो सकते हैं।

पूजा गुप्ता
स्वतंत्र लेखिका, मिर्जापुर

> आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा।

आजकल देखा गया है कि छोटे -छोटे 3 या 4 साल के बच्चों के हाथ में भी मोबाइल होता है जिसका प्रभाव उनका सीधे आंखों पर पड़ता है। समय से पहले बच्चों को चश्मा लग जाता है उनकी आंखें खराब हो जाती हैं। सोचिए अगर यह बच्चे बड़े होंगे तब तक इनकी आंखें कितनी खराब हो जाएगी। मोबाइल से उठने वाली तरंगे भी बच्चों के हार्ट, लिवर व किडनी पर असर करती हैं। बच्चों को इन सब परेशानियों से दूर रखने के लिए सबसे पहले बहुत ही छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल उनके हाथों से ले लें, उन्हें खिलौना से खेलने की आदत डालें और उनके पास बैठकर उन्हें अच्छा बुरा का ज्ञान दें। उनके साथ खेले, समय व्यतीत करें, अधिकतर परिवार में यह देखा गया है कि वह कार्य के चलते अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि बच्चे एक कमरे में अपने को अकेला कर लेते हैं। घंटों बैठकर कानों में ईयर फोन लगाकर गाने सुनते हैं जिसकी वजह से इनकी श्रवण शक्ति कमजोर पड़ जाती है। कानों में सख्त मैल जम जाता है, जो कि बहुत ही हानिकारक है। कभी-कभी यह मैल इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि कानों में सफाई कराने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता पड़ती है। ईयर फोन के ज्यादा प्रयोग करने से बच्चों में बहरापन भी देखा गया है, हमें बच्चों को इनसे बचाना होगा।

बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। इनका मन कोमल होता है, जिस तरह आप इन्हें रखेंगे यह उस प्रकार ढल जाएंगे तो इसकी शुरुआत इनके बचपन से कीजिए। क्योंकि यह बड़े होने पर किसी की नहीं सुनेंगे, समय रहते इन्हें मोबाइल से दूर रखें और इनके साथ समय व्यतीत करें।

लापरवाही न बरतें किडनी की बीमारी में

किडनी के कई रोग बहुत गंभीर होते हैं और यदि इनका समय पर इलाज नहीं किया गया तो उपचार असरकारक नहीं होता है। विकासशील देशों में उच्च लागत, संभावित समस्याओं और उपलब्धता की कमी के कारण किडनी फेल्योर से पीड़ित सिर्फ 5-10 प्रतिशत मरीज ही डायालिसिस और किडनी प्रत्यारोपण का उपचार करवा पाते हैं। बाकी मरीज सामान्य उपचार पर बाध्य होते हैं जिससे उन्हें अल्पावधि में ही विषमताओं का सामना करना पड़ता है। किडनी खराब होने से बचने की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को होनी चाहिए। किडनी की बीमारी को कभी अनदेखा न करें। इसके लिए नियमित रूप से एरोबिक व्यायाम और दैनिक शारीरिक गतिविधियां, रक्तचाप को सामान्य रखने में और रक्त शर्करा को नियंत्रण करने में मदद करती हैं। इस तरह शरीरिक गतिविधियां, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के खतरे को कम कर देती है और इस प्रकार किडनी रोग के जोखिम को कम किया जा सकता है। इसके अलावा संतुलित आहार लें, वहीं जिनकी उम्र 40 के ऊपर है, वे भोजन में कम नमक और चीनी कम लें और वजन नियंत्रण रखें। साथ ही दर्द निवारक दवाओं से सावधान रहें। क्योंकि लंबे समय तक दर्द निवारक दवाइयां लेने से किडनी को नुकसान होने का भी भय रहता है। धूम्रपान और तंबाकू के उत्पादों का सेवन न करें। खूब पानी पीयें, किडनी का वार्षिक चेकअप कराएं। किडनी की बीमारियां अक्सर छुपी हुईं एवं गंभीर होती हैं। अंतिम चरण पहुंचने तक इनमें किसी भी प्रकार का लक्षण नहीं दिखता है। किडनी की बीमारियों की रोकथाम और शीघ्र निदान के लिए सबसे शक्तिशाली प्रभावी उपाय नियमित रूप से किडनी का चेकअप कराना है, लेकिन अफसोस है कि इस विधि का उपयोग ज्यादा नहीं होता है। किडनी रोग गंभीर रोग है। उचित देखभाल और संयम से ही इससे बचा जा सकता है।

डॉ. अर्चना श्रीवास्तव
चिकित्सक, लखनऊ

बैंकिंग की बढ़ती शिकायतें

आरबीआई एकीकृत लोकपाल योजना 2021 के तहत सोमवार को जारी पहली रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों के खिलाफ 1,96,635 शिकायतें मिली ही हैं, जो कुल प्राप्त शिकायतों का 83.78 फीसदी हैं। यह शिकायतें बैंक सेवा में कमी, काम में विलंब, मोबाइल/इलेक्ट्रानिक बैंकिग, पैरा बैंकिग, लोन, एटीएम/ डेबिट कार्ड आदि को लेकर की गई हैं। बैंकिग लोकपाल को ग्राहक द्वारा शिकायत करना अत्यंत सरल होता है, अगर उसका बैंक उसकी शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहा या ग्राहक उत्तर से असंतुष्ट है और उसकी शिकायत को 30 दिन का समय हो चुका है तो ऐसे में ग्राहक ऑनलाइन शिकायत भेज सकता है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इसके लिए कोई शुल्क भी देना नहीं होता। शिकायत के लिए उसको पर्याप्त समय भी दिया जाता है। वह अपनी शिकायत 13 महीने के अंदर लोकपाल को भेज सकता है, जिस पर लोकपाल 33 दिनों में समुचित कार्रवाई करेगा। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत ऑनलाइन या रजिस्ट्री द्वारा अपने विवरण जैसे नाम, संबंधित बैंक का नाम, खाते का विवरण, मोबाइल नंबर और अपने पते के साथ शिकायत कर सकता है। ऑनलाइन शिकायत सरकारी पोर्टल पर भेजी जा सकती है या CRPC@rbi.org.in पर में भेज कर भी दर्ज हो सकती है।

बेटे की बारात जाने से कुछ देर पहले ही पिता की हो गई मौत

पूर्व सैनिकों ने दी अंतिम विदाई, जसवंतनगर क्षेत्र के सराय भूपत कटेखेड़ा की घटना

गम में बदलीं खुशियां

संवाददाता,इटावा

अमृत विचार। जसवंतनगर क्षेत्र के ग्राम सराय भूपत कटेखेड़ा में पूर्व नायब सूबेदार दिनेश सविता के छोटे बेटे संजय कुमार की शादी का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से चल रहा था। तभी दूल्हे के पिता पूर्व नायब सूबेदार दिनेश सविता के अचानक सीने में दर्द उठने लगा, पूरे शरीर से पसीना छूटने लगा। परिवार के लोग सरकारी अस्पताल मोतीझील लेकर पहुंचे वहां डाक्टरों ने उनका उपचार शुरू किया, पांच मिनट बाद पूर्व नायब सूबेदार अपनी जिंदगी की जंग हार गए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पूर्व नायब सूबेदार दिनेश सविता की पत्नी का निधन तीन वर्ष पहले ही हो चुका था। वह अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए, बड़े बेटे सौरभ सविता और बेटी बबली की शादी पहले ही हो चुकी थी। परिवार व रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामवासियों का कहना है कि मेरे जीवन काल में कभी ऐसा नहीं हुआ जो आज हुआ है। सराय भूपत प्रधानपति रमेश यादव और घर के लोगों ने शादी के कार्यक्रम की रस्में शांति पूर्वक अदा करवाई।पूर्व नायब सूबेदार दिनेश सविता का अंतिम संस्कार उनके निज निवास सराय भूपत में ही हुआ। उनके अंतिम संस्कार में पूर्व सैनिकों ने सम्मान के साथ तिरंगा झंडा उड़ाया और पुष्प अर्पित कर सलामी के साथ सैल्यूट कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि देने वालों में ओनरी कैप्टन रमेश चंद्र प्रजापति ,रिटायर्ड सूबेदार मेजर एवं जिला अध्यक्ष भारतीय सैनिक संघ, रघुराज सिंह, कानपुर मंडल कंपनी कमांडर जयवीर सिंह ,सुरेश चंद्र, श्यामवीर सिंह ,पूर्व सैनिक सूबेदार सिंह, प्रदीप कुमार, बृजेश कुमार, कैप्टन राकेश यादव, कांस्टेबल गजेंद्र यादव ,हेड कांस्टेबल नागेंद्र सिंह ,नायक रविंद्र कुमार ,जिला उपाध्यक्ष एयर फोर्स सैनिक प्रकोष्ठ सूबेदार अजब सिंह, कैप्टन फेरू सिंह, नायव सूबेदार हरविलास,लायक सिंह ,पूर्व सैनिक जनकल्याण समिति मैनपुरी आदि पूर्व सैनिकों ने जय हिंद नारे के साथ सैल्यूट कर श्रद्धांजलि दी।

सराय भूपत प्रधानपति रमेश यादव, वरिष्ठ पत्रकार कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, मोहम्मद आमीन भाई, साईं पब्लिक स्कूल के प्रबंधक दिलीप यादव ,मुकेश यादव ,भाजपा नेता नवल शुक्ला, अजय यादव आदि मौजूद रहे।

पूर्व सैनिक की मौत पर रोते-बिलखते परिवार के लोग। अमृत विचार

पूर्व सैनिक दिनेश सविता।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने एमपी सिंह तोमर

इटावा। इटावा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अपनी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की नवनियुक्त टीम घोषित की जिसमें भाजपा नेता एमपी सिंह तोमर को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है उनकी नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उन्हें बधाई दिए हैं बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे किसान मोर्चा की जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान टीटू भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता मत्स्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओम रतन कश्यप युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष तरुण रंजन गुप्ता युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अनिरुद्ध गुप्ता नगर मीडिया प्रभारी अमित वर्मा रोहित पटेल प्रशांत दीक्षित सोमेश अवस्थी कुलदीप यादव आदि ने दी।

अराजकतत्वों पर रहेगी कड़ी नजर

संवाददाता,महेवा,इटावा

अमृत विचार। भयमुक्त व निष्पक्ष मतदान कराने को लेकर जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस-प्रशासनिक अमले के साथ कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पहुंचकर मतदान केंद्र की खामियों की जानकारी ली व ग्रामीणों से भी बातचीत की।

बुधवार दोपहर डीएम अवनीश राय व एसएसपी सजंय कुमार वर्मा ने महेवा ब्लॉक क्षेत्र के गांव उझियानी , आनेपुर गाँव मे पहुँचकर बूथों का सघनता से निरीक्षण किया। उन्होंने मोजूद बीएलओ व क्षेत्रीय लेखपालों से बूथों की स्थिति ,पानी व्यवस्था ,छाया, निकास द्वार आदि के बारे में भी जानकारी ली। आनेपुर मतदान केंद्र के मतदेय स्थल 270 व 271 की मतदाता संख्या की जानकारी बीएलओं प्रदीप सिंह व मोहनलाल से की जिसमें दोनों बूथों पर करीब 2300 मतदाता सँख्या पाई गयी। वहीं ग्रामीणों से बूथ पर लड़ाई झगड़े होने की संभावना पर भी जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि लोकसभा चुनाव भयमुक्त,निष्पक्ष व शांतिपरक रूप में कराया जायेगा। यदि किसी भी अराजक तत्व ने गड़बड़ी की कोशिश की तो वह बख्शा नहीं जायेगा । दोनों गाँवो में पुलिस ने अर्द्ध सैनिक बलों के साथ भ्रमण भी किया। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव,उपजिलाधिकारी भरथना सुशांत श्रीवास्तव ,तहसीलदार राजकुमार सिंह ,सी ओ अतुल प्रधान, सूचना अधिकारी नीलम यादव आदि मौजूद रहे।

मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसएसपी। अमृत विचार

- पैरामिलेट्री के साथ डीएम एसपी ने किया रूट मार्च

छात्र-छात्राओं को चुनाव की जानकारी होना जरूरी

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। राजकीय इंटर कॉलेज इटावा में स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता साक्षरता के लिए कॉलेज में गठित इलैक्ट्रोल लिटरेसी क्लब की वर्कशॉप आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन विधानसभा क्षेत्र इटावा के नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य डॉ दीपक सक्सेना ने किया। वर्कशॉप में विभिन्न विद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्यों शैक्षणिक संस्थानों में नामित छात्र एम्बेसडर विद्यालय नोडल अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर श्री सक्सेना ने कहां कि साक्षरता क्लब का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को चुनाव प्रक्रिया और अन्य संबंधित विषयों की जानकारी देना है। इसके साथ ही मतदान के अधिकार का पूरे विश्वास के साथ सुखद स्थिति में और नैतिक तरीके से प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। हर बोट महत्वपूर्ण है कोई मतदाता ना छूटे का सिद्धांत अपनाने की संस्कृति विकसित करना सभी विद्यालयों और कॉलेज में सभी विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है।

- जीजीआईसी में स्वीप के तहत हुआ कार्यशाला का आयोजन

भाजपा ने किया सभी का विकास

कार्यालय संवाददाता,इटावा

अमृत विचार। नागरिकता संशोधन बिल लागू करना,धारा 370 हटाना और अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण करना यह सिर्फ डबल इंजन की सरकार में ही संभव है। आज तक जितनी भी सरकार बनी उन्होंने इन मुद्दों के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया। देश की ऐसी पहली सरकार है जो सबका साथ सबका विकास करने के लिए प्रयासरत है।

यह बात सदर विधायक सरिता भदोरिया ने विधायक निधि से निर्मित सड़कों व गलियों के लोर्कापण के अवसर पर कही। उन्होंने विभिन्न सड़कों व गलियों का लोकार्पण किया जिसमें विधानसभा इटावा सदर में विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 विकासखंड बढ़पुरा के पार पट्टी क्षेत्र के ग्राम में इंटरलॉकिंग, मोहल्ला शीतलपुर, मोहल्ला तुलसी अड्डा ,प्रीत विहार कॉलोनी तक रोड निर्माण व सीसीकरण निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम कछपुरा में नवनिर्मित पंचायत भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर,पूर्व जिला अध्यक्ष शिव प्रताप राजपूत,युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बिरला शाक्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशांत दीक्षित,ओम रतन कश्यप आदि मौजूद थे।

नवनिर्मित पंचायत भवन का फीता काटकर शुरुआत करतीं विधायक सरिता भदौरिया।

- विधायक निधि से हुए कार्यों का किया लोकार्पण

करंट लगने से घायल मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत

ताखा संवाददाता इटावा

अमृत विचार। हाईटेंशन लाइन के करंट से घायल मिस्त्री की आठ दिन बाद आगरा के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव मृतक के गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। पत्नी ने ठेकेदार पर हत्या का आरोप लगाते हुए ऊसराहार पुलिस को तहरीर दी है। पत्नी व परिवार के लोगों ने चेतवानी दी है कि जब तक मामला दर्ज नहीं किया जाता तब तक वह शव का अंतिम संस्कार नही करेगें।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के पुरैला गांव में 4 मार्च को आंगनवाड़ी केंद्र पर लिंटर के लिए सरिया का जाल बिछाते समय हाईटेंशन लाइन से सरिया लगने से दो मिस्त्रीयों को करंट लगा था, जिसमें वेदप्रकाश (50) निवासी कुदरैल की बीते मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने शव को गांव लाकर ठेकेदार के खिलाफ मृतक की पत्नी ने तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है। प्रार्थनापत्र में सुनीता देवी ने बताया कि उनके पति के पैसे रोक कर ठेकेदार उनपर जबरन काम करवाता था और कभी पूरा पैसा नहीं देता और दबाव बनाकर काम करवाता था। थाना प्रभारी बेचन सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने ठेकेदार के खिलाफ तहरीर दी।

- आंगनबाडी केंद्र पर लेंटर डालते समय तार छूने से हुआ हादसा

सौ मीटर दौड़ में नीतू ने बाजी मारी

बकेवर संवाददाता इटावा

अमृत विचार। जनता कॉलेज बकेवर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ हुआ। खेलकूद समारोह का शुभारम्भ सांसद डा रामशंकर कठेरिया ने किया। प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने शिवाजी हाउस , प्रताप हाउस, रंजीत हाउस तथा विक्रम हाउस की अगुवाई करते हुए भाग लिया।

शुभारम्भ अवसर पर डॉ राम शंकर कठेरिया ने कहा कि खेल हमारी मानसिक व शारीरिक दक्षता को परिभाषित करते हैं, अध्ययन और खेलकूद के मध्य सामंजस्य ही छात्र जीवन में सफलता की कुंजी होता है। मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर छात्राओं की 100 मीटर दौड़ के साथ वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर बीएससी की नीतू, द्वितीय स्थान पर सोनी व तृतीय स्थान पर बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की उपासना रहीं,जिन्हें मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर गोपाल मोहन शर्मा, कृपा नारायण तिवारी, विमल भदौरिया, भगवान दास पोरवाल, डॉ अर्चना गुप्ता, अमित तिवारी, डॉ संजय दीक्षित, अक्षित पाठक, आलोक मिश्रा आदि मौजूद थे।

प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया।

- जनता कालेज बकेवर में शुरू हुई दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

बाइक सवारों ने महिला के गले से लूट ली चेन

संवाददाता,इटावा

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के सबसे व्यस्त चौराहा बलराम सिंह के पास बाइक सवार बदमाशो ने दिनदहाडे लूट की वारदात को अंजाम दिया। वुधवार को ई रिक्शा से अपने रिश्तेदार के घर जा रही एक महिला के गले से बदमाश चेन लूटकर फरार हो गए। गौर तलब बात यह है कि घटना स्थल से चंद कदम की दूरी पर क्यूआरटी की टीम बैठी रही। उसे वारदात की भनक तक नही लग सकी। दिनदहाडे हुई लूट की इस वारदात से दहशत का माहौल पैदा हो गया। लूट की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया।

- घटनास्थल से चार कदम की दूरी पर बैठी रही क्यूआरटी

क्षेत्र के मोहल्ला महेरा चुंगी की रहने वाली सविता मिश्रा पत्नी राजेश कुमार वुधवार को करीब साढे तीन बजे ई रिक्शा में सवार होकर बलराम सिंह चौराहा और पक्का तालाब चौराहे से बीच रहने वाले अपने रिश्तेदार अधिवक्ता के घर जा रही थी। जब उनका ई रिक्शा ममता गुप्ता के अस्पताल के आगे वकील साहब के दरवाजे के पास पहुंचा और वह ई रिक्शा से उतरने लगी तभी बाइक पर सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से चेन लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक सवार लुटेरे भाग निकले।

दुकान में आग, दो लाख का नुकसान

बकेवर। बकेवर कस्बा के लखना रोड पर कपड़ों की दुकान में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गयी। दुकान में रखे लाखों रुपए के कपड़े जलकर राख हो गए। दुकानदारों ने कडी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया।

बकेवर कस्बे के मुख्य चौराहे पर प्रीति पोरवाल की पोरवाल बस्त्र भंडार के नाम से कपड़े की दुकान है। बुधवार की देर शाम अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई । दुकान में धुएं निकलने से दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई । दुकानदारों ने पहुंच कर आग पर पानी डालकर कड़ी मशक्कत कर काबू पाया गया । लेकिन तब तक दुकान में रखा समान जल कर राख हो गया ।दुकान स्वामी विधवा प्रीति पोरवाल ने बताया कि उसका करीब 2 लाख रुपए का सामान जल गया।

जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करूंगा

संवाददाता,इटावा

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के नव मनोनीत प्रदेश सचिव रवि शंकर यादव का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर नव मनोनीत प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी रवि शंकर यादव ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है इसका बखूबी निर्वहन करूंगा और आने वाले लोकसभा चुनाव में पूरी दमख़म के साथ पार्टी प्रत्याशी को जताने के लिए पूरी निष्ठा के साथ साथियों सहित काम करूंगा।

इस अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महासचिव वीरभान सिंह भदोरिया, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष से सिगरेश यादव, उत्तम सिंह प्रजापति, नरेंद्र कुशवाहा, क्रांति प्रताप शाक्य, राकेश यादव, मुलायम सिंह यूथ विग्रेड के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाल डॉ संतोष राठौड़, महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष लीलावती राजपूत,महिला सभा जिला अध्यक्ष सीमा यादव, सीमा पाल जिला सचिव, नोमान आलम, अब्दुल माबुड अंसारी शहर अध्यक्ष, राजीव दुबे, के. के यादव शिवनीश यादव, जिला सचिव डीपी यादव,, महिला सभा कोषाध्यक्ष प्रीति यादव, पिंकी यादव, आदि ने नव मनोनीत प्रदेश सचिव रवि शंकर का स्वागत कर आशीर्वाद प्रदान किया।

लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव रवि शंकर यादव का स्वागत करते सपाई ।

- सपा कार्यालय पर लोहिया वाहिनी के नव मनोनीत प्रदेश सचिव का हुआ स्वागत

सार-संक्षेप

भूल को स्वीकार कर आगे बढ़ने की कोशिश करें

जसवंतनगर। आचार्य आदित्य सागर महाराज का 55 दिन प्रवास के बाद उनका विहार धरवार गांव के लिए हो गया। इन पचपन दिनों में आदित्य सागर के सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक,छुल्लक सिद्ध सागर जी की समाधी, दीक्षा प्रदान की गई। उन्होंने अपने प्रवास के दौरान प्रवचन भी दिए। नगर के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अंतिम दिन समाज एकता पर प्रवचन कर समाज एकता पर बल देते हुए आचार्य श्री ने कहा कि भूल होना स्वाभाविक है। भूल को भी भूल मानकर आगे बढ़ना चाहिये, समस्त जैन अनुयायी धर्म संगत आचरण करे,धर्म के लिए संगठित होकर एकता का परिचय दे तभी वे जैन है। मंगल प्रवचन आहार क्रिया सामायिक कर आचार्य आदित्य सागर ने संत निवास से सिरसागंज की यात्रा शुरु की।

किशोरी को भगाने वाला गिरफ्तार

बकेवर। थाना क्षेत्र के एक गांव से 15 वर्षीय किशोरी को एक युवक बहला-फुसलाकर घर से भगा ले गया था पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर परशुपुरा के पास से युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज कराया था कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया । मंगलवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर लड़की भगाने वाला युवक किशोरी सहित परशुपुरा के पास खड़ा मिला। प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा ने उप निरीक्षक आमिर खान को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा और अनुज उर्फ पुत्तन पुत्र दयाराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

चोरी के आरोपी को जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई

इटावा। एसीजेएम प्रथम ने दस साल पुराने चोरी के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाते हुए उसे जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई है। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर दो हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

कसेगा शिकंजा | पुलिस, प्रशासन और आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें करेंगी छापेमारी

आबकारी विभाग की शराब माफिया पर नजर

कार्यालय संवाददाता,इटावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव घोषित होने की तारीख नजदीक आने व होली के त्यौहार को देखते हुए अवैध रूप से जहरीले शराब बेचने वालों पर पुलिस व आबकारी विभाग ने कडी निगरानी शुरू कर दी है।

शहर से लेकर गांव तक और जिले की सीमा से सटे पड़ोसी जनपदों तक अवैध शराब के धंधों में लिप्त शराब माफिया आबकारी विभाग के रडार पर हैं आबकारी विभाग ने जिलाधिकारी व पुलिस अफसरों से मिलकर अवैध शराब का धंधा करने वाले शातिरों की कुंडली बनाना शुरू कर दिया है लोकसभा चुनाव अभी घोषित नहीं हुए हैं लेकिन शराब माफियाओं ने गोटी बिछाना शुरू कर दी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव के दौरान कोई अनहोनी हो, उससे पहले ही आबकारी विभाग ने उन सौदागरों को रडार पर लेकर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है उच्चाधिकारियों के फरमान जारी होते ही जिला प्रशासन ,पुलिस प्रशासन, व आबकारी विभाग जिला प्रशासन से मिलकर अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का जा रहा है जनपद के आबकारी अधिकारी विजयपाल सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन से पहले अवैध शराब कारोबारियों पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देशन में छह सदस्यीय संयुक्त टीमों का गठन किया जा चुका है जो अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में विशेष प्रवर्तन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध शराब निर्माण/ बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाएगी ।

उन्होंने बताया कि संयुक्त टीम में संबंधित क्षेत्र के उप जिलाधिकारी संबंधित क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक की संयुक्त टीम विशेष प्रवर्तन अभियान चलाएगी जिलाधिकारी ने जारी किए दिशा निर्देशों में बताया कि अवैध मदिरा बिक्री एवम अवैध मदिरा निर्माण कार्यों में संलिप्त चिन्हित शराब माफियाओं के विरुद्ध गैंगस्टर ,गुंडा एक्ट के अंतर्गत कठोरतम कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि त्यौहारों पर जहरीली शराब की बिक्री अधिक होने की संभावनाएं बनी रहती हैं।

- त्योहार को देखते हुए पुलिस व आबकारी विभाग हुआ सजग
- शहर से लेकर गांव तक होगी छापेमारी की कार्रवाई

जिला आबकारी अधिकारी विजय पाल सिंह ने जानकारी दी। अमृत विचार

टायर फटने से डंपर भिड़ा, ड्राइवर घायल

इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर थाना क्षेत्र में बिरारी एसआरएलटी कॉलेज के पास बुधवार दोपहर टायर फटने से अनियंत्रित होकर डंपर का डिवाइडर से टकरा गया। जिससे उसका केबिन टूटकर पलट गया। उसमें फंसकर ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से हाईवे जाम हो गया। पुलिस फोर्स ने क्रेन से डंपर हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

झांसी के थाना मोंठ क्षेत्र में गांव लुधियानी का रहने वाला डंपर ड्राइवर बहादुर सिंह अपने गांव झांसी जा रहा था तभी गांव बिरारी पर डंपर का टायर अचानक फट गया। जिससे डंपर अनियंत्रित होकर हाईवे के मध्य डिवाइडर से टकरा गया और उसका केबिन टूटकर पलट गया।

रमजान गुनाह से बचने का महीना

संवाददाता,इटावा

अमृत विचार। रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। मुसलमान रोजे के साथ नमाज़ व कुरान की तिलावत करने में जुट गए हैं। मस्जिदों में तराबीह और घरों पर रोजा अफ्तार का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

रमजान उल मुबारक के पहले रोजे को मस्जिद पंजतनी इटावा में सैयद अली की ओर से रोजा अफ्तार का आयोजन किया किया गया, इसके बाद तालिब रिज़वी ने कुरान की तिलावत की। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा कि रमज़ान उल मुबारक में कुरान नाजिल हुआ और रोज़े फर्ज किये गए। रमजान में अल्लाह रोजेदारों की दुआ को कुबूल करता है। रमजान का महीना बरकतों और रहमतों का महीना है। अल्लाह रमजान में नेकी के दरवाजे खोल देता है और गुनाहों के दरवाजे बंद कर देता है। रमज़ान के महीने में रोज़ा रखना अनिवार्य है।रमज़ान इस्लामी कलेंडर का नवां महीना है जिसमें पूरे माह अल्लाह की इबादत की जाती है। ये वो महीना है जिसमें इंसान झूट, फरेब, धोखे और गुनाह से दूर रहता है। पांच वक्त की पाबंदी से नमाज पढ़ता है, रोजे. रखता है। रमज़ान खुद को पाक करने का महीना है। रमज़ान में रोज़ा रखना, रोज़ेदार की कदर करना, रोज़ेदार का एहतिराम करना भी अल्लाह ने इबादत करार दिया है। शहर की विभिन्न मस्जिदों में तराबीह का सिलसिला जारी है। रोजेदारों को अफ्तार कराया जा रहा है।

मस्जिद पंजतनी में रोजा के बारे में बताते मौलाना अनवारुल हसन जैदी।

लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली सुनिश्चित करें

कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में एडीएम ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

बैठक के दौरान निर्देश देते एडीएम महेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में एडीएम ने कर-करेत्तर व राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली को लक्ष्य के सापेक्ष सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना बनाकर प्रवर्तन कार्य के साथ-साथ आरसी वसूली की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें, जिससे प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति जल्द हो सके। उन्होंने कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एडीएम महेंद्र प्रताप सिंह ने नगर निकाय, स्टांप शुल्क, आबकारी, परिवहन, विद्युत, वाणिज्य कर, सिंचाई की समीक्षा की। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली सुनिश्चित करें।

उन्होंने अधिशासी अभियंता (विद्युत) दिबियापुर, खनन अधिकारी, बांट मांप अधिकारी को राजस्व वसूली को लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम सदर राकेश कुमार, अजीतमल एसडीएम रामअवतार, बिधूना एसडीएम हरिश्चंद्र, डिप्टी कलेक्टर (प्रथम) अमित कुमार त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर (द्वितीय) गरिमा सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत, जिला आबकारी अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

बोर्ड की तर्ज पर ही परिषदीय परीक्षाएं और मूल्यांकन होगा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- जिले में 16 से 21 मार्च तक परिषदीय स्कूलों में चलेंगी परीक्षाएं

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग की वार्षिक परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू हो जाएंगी। इसके लिए विभाग ने कमर कस ली है। बोर्ड की तर्ज पर विभाग न केवल प्रश्नपत्रों को खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से वितरित कराएगा बल्कि कक्षा छह से आठ का मूल्यांकन भी न्याय पंचायत और ब्लॉक संसाधन केंद्र पर कराए जाएंगे। कक्षा एक की सिर्फ मौखिक परीक्षा होगी वहीं कक्षा छह से आठ तक की सिर्फ लिखित परीक्षा होगी।

बेसिक शिक्षा सचिव की ओर से वार्षिक परीक्षाओं के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। इसमें कहा गया है कि कक्षा एक से आठ तक की सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा विभाग की ओर से निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कराई जाएं। परीक्षा समाप्ति के 10 दिन बाद ही 31 मार्च को परिणाम घोषित कर दिए जाएं।

परीक्षा की शुचिता को बरकार रखने के लिए सील बंद प्रश्न पत्र जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान से खंड शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध कराए जाएंगे। परीक्षा के दौरान विद्यालय में प्रधान अध्यापक के अलावा सिर्फ एक ही स्कूल के शिक्षक मौजूद रहेंगे। जरूरत के अनुसार आसपास के अन्य विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा के लिए लगाई जाएगी। वहीं कक्षा आठ की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी व सह समन्वयक की देखरेख में होगा।

बोले जिम्मेदार

बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। कक्षा एक से आठ की वार्षिक परीक्षाएं 16 से मार्च के बीच बोर्ड की तर्ज पर आयोजित की जाएंगी। पेपर में बहुविकल्पीय, अति लघुउत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे।

भाषण प्रतियोगिता में उदय को मिला पहला स्थान

ककोर, औरैया। विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के दो स्वयंसेवकों उदय प्रताप सिंह और खुशी खान ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा सांसद कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का विषय विकसित भारत 2047 था। इस प्रतियोगिता में वर्चुअल माध्यम से दोनों प्रतिभागी सम्मिलित हुए। विजेता विद्यार्थियों को नेहरू युवा केंद्र औरैया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे द्वारा सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार हसन और समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. रीना आर्य सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

चेकिंग अभियान के दौरान मौजूद अधिशाषी अभियंता। अमृत विचार

अवर अभियंता ने चलाया बिजली चेकिंग अभियान

संवाददाता, ककोर, औरैया

- बिल नहीं जमा करने वाले उपभोक्ताओं के कटे कनेक्शन

अमृत विचार। औद्योगिक नगर दिबियापुर में बिजली विभाग के अधिकारी इन दिनों कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अवर अभियंता विजय सिंह अपने कर्मचारी मीटर रीडर, लाइनमैन तथा अन्य कर्मचारियों के साथ सुबह से ही मोहल्ले में पहुंचकर डोर टू डोर चेकिंग अभियान चला रहे हैं। बकाया बिल वालों के कनेक्शन विच्छेद भी किया जा रहे हैं।

कार्रवाई के दौरान जिन लोगों की बिल संबंधी समस्या आ रही है, उनका निस्तारण भी तुरंत किया जा रहा है। वहीं, चेकिंग अभियान के इस कदम से जहां आम आदमी में प्रसन्नता का माहौल है। वहीं कटिया चोर बिजली चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। ऐसे लोग चेकिंग के दौरान बचते नजर आ रहे हैं।

अवर अभियंता विजय सिंह ने बताया यह चेकिंग अभियान अब लगातार चलता रहेगा। उन सभी उपभोक्ताओं के आपूर्ति विच्छेदित की जाएगी। जिन लोगों के बिल पांच हजार या उससे अधिक हैं और जमा नहीं हो रहे हैं।

राशन की दुकान और मंदिर में चोरों का धावा

संवाददाता, बिधूना, औरैया

- डीलर की दुकान से खाद्यान्न और मंदिर से पीतल के घंटे समेट ले गए शातिर चोर

अमृत विचार। बीती रात चोरों ने एक उचित दर विक्रेता की दुकान व एक मंदिर में धावा बोल कर खाद्यान्न व पीतल के हजारों रुपये कीमत के घंटे चोरी कर लिए। पुलिस ने जल्द मामले की जांच कर घटनाओं का पर्दाफाश करने का भरोसा दिया है।

जानकारी के मुताबिक बिधूना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुर्वादला ग्राम पंचायत नवादा मलखान में उचित दर विक्रेता राजपाल सिंह के मकान में स्थित उचित दर की दुकान के बीती रात चोरों ने ताले तोड़कर उसमें वितरण के लिए रखे पांच बोरी चावल व तीन बोरी गेहूं आदि चोरी कर लिया।

बुधवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर उचित दर विक्रेता द्वारा सूचना बिधूना कोतवाली पुलिस व उप जिलाधिकारी कार्यालय को दी गई है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना बिधूना कस्बे के चंदरपुर रोड पर स्थित ब्रह्मदेव मंदिर पर लगे लगभग 11 किलोग्राम वजन के पीतल के तीन घंटे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए हैं। इस मंदिर पर हुई चोरी की इस घटना की जानकारी मंदिर के पुजारी हरगोविंद सिंह पुत्र कल्यान सिंह निवासी दिबियापुर रोड बिधूना ने देते हुए बताया है कि घटना की जानकारी उन्हें बुधवार की सुबह तब हुई जब वह पूजा करने के लिए मंदिर पर पहुंचे। चोरी की इन दो वारदातों से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि जल्द घटनाओं की जांच कर उनका पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

शिकायत के बावजूद नहीं मिल रहा न्याय

औरैया। विकासखंड सहार, तहसील बिधूना क्षेत्र के ग्राम मुरली पूर्वा में कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति की भूमि एवं आबादी की जगह पर जबरन निर्माण कार्य कर कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित ने इसकी शिकायत तहसील दिवस, डीएम व अन्य अधिकारियों के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर की। इसके बावजूद उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। पीड़ित सुशील सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी भूमि सं० 69/2.92 एकड़ स्थित ग्राम पुर्वा मुरली पोस्ट लछियामऊ थाना दिबियापुर तहसील बिधूना क्षेत्र में है। इस पर आरोपी भारत सिंह पुत्र रतन सिंह, सोनू सिंह व लवकुश सिंह पुत्र भारत सिंह निवासी ग्राम पुर्वा मुरली लधियामऊ थाना दिबियापुर जबरन कब्जा कर निर्माण करना चाहते हैं। पीड़ित ने कई बार तहसीलदार बिधूना एवं जिलाधिकारी को भी दिये। लेकिन, आरोपियों की दबंगई उनके आतंक के सामने उन्होंने आजतक कोई भी कार्यवाही नहीं की और पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

शिविर के दौरान जानकारी देते प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद। अमृत विचार

राष्ट्र सेवा में समर्पित हों स्वयं सेवक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

अमृत विचार। विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत हुई। सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद ने किया।

उद्घाटन सत्र में उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्तित्व विकास के तीन आयाम होते हैं पहला शारीरिक विकास, दूसरा मानसिक और तीसरा सामाजिक विकास। राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य तीनों आयामों के विकास पर बल देते हुए विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य स्वयंसेवकों में सामुदायिक सहयोग के साथ नेतृत्व क्षमता पैदा करना है। अतः स्वयंसेवकों को पूरी लगन के साथ राष्ट्र सेवा में समर्पित होना चाहिए। कार्यक्रम में ज्योति, आकांक्षा कुमारी, प्रियंका, शिवानी राजपूत, श्रद्धा तिवारी, लक्ष्मी, आराध्य, आयुष बाबू, अमन कुमार, नितिन कुमार, उमेश कुमार, दिव्या राजपूत, शहनाज बानो, दुर्गा गुप्ता, स्नेहा शुक्ला, रश्मी कुमारी आदि शामिल हुए।

सार-संक्षेप

स्वीप योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन

औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में स्वीप योजनान्तर्गत 204 औरैया विधानसभा विकास खंड औरैया के समस्त माध्यमिक विद्यालयों का मतदाता साक्षरता क्लब (ई.एल.सी) वर्कशॉप तिलक इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी यादव ने विद्यालयों के उपस्थित नोडल अधिकारियों तथा क्लब के उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता साक्षरता का उद्देश्य, महत्व तथा कार्यक्रमों, गतिविधियों के आयोजन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। वर्कशॉप का संचालन उपेंद्र कुमार मिश्रा प्रवक्ता तिलक इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य अजय कुमार दीक्षित का सराहनीय सहयोग रहा।

अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न

औरैया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी रीमा सिंह ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम रामपुर, नरूआ, बिल्हौर, कानपुर नगर में कक्षा 6 में 140 सीटों(70 छात्र व छात्राओं) व कक्षा 9 में 140 सीटों (70 छात्र व छात्राओं) के प्रवेश के लिए जिले में कुल 126 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। इनमें से जिला स्तरीय स्क्रुटनी समिति द्वारा स्क्रुटनी के बाद कक्षा 06 के पात्र 51 तथा कक्षा 09 के पात्र 15 घोषित किए गए थे। 13 मार्च को परीक्षा केंद्र तिलक इंटर कॉलेज में कक्षा - 06 में 50 तथा कक्षा - 09 में 13 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा दी गई, जो की सकुशल संपन्न हुई।

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन किया गया। अमृत विचार

मंत्रोच्चारण के साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठान की शुरुआत

फफूंद। नगर के चमनगंज बाजार में बुधवार को एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान का हवन-पूजन के बाद उद्घघाटन किया गया। लोगों ने प्रतिष्ठान के मालिक को शुभकामनाएं दी है। साथ ही दुकानदार ने लोगों को उचित दर पर सामान की बिक्री का भरोसा दिलाया। बुधवार को चमनगंज बाजार में नगर पंचायत के सामने के राजा रेडीमेड गारमेंट्स का उद्घघाटन किया गया। विद्वान पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिष्ठान का आरंभ कराया। प्रतिष्ठान के सुरेंद्र मोहन शुक्ला ने बताया कि उनकी दुकान पर फैंसी साड़ियां, लेडीज सूट, जींस पैंट शर्ट, ड्रेस मैटेरियल ग्राहकों को उचित दाम पर उपलब्ध होंगे। उदघाटन में आए हुए लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया। राजमोहन शुक्ला, सुरेंद्र मोहन शुक्ला, राघवेंद्र उर्फ लल्ला शुक्ला, छोटू शुक्ला, सत्य स्वरूप दीक्षित, मोहन दीक्षित, ओम जी दुबे, रामकरण दुबे, आदित्य आदि मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत कोठीपुर को लोहिया पुरस्कार

उपलब्धि

संवाददाता, फफूंद, औरैया

प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

- प्रधान ने कहा, प्रदेश की टॉप-10 सूची में शामिल होना लक्ष्य

अमृत विचार। विकासखंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत कोठीपुर को डॉ. राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार से पुरुस्कृत किया गया था। पूरे कानपुर मंडल के छह जनपदों में से ग्राम पंचायत कोठीपुर को पुरुस्कृत किया गया है।

ग्राम पंचायत कोठीपुर को कई केंद्रीय व राज्य स्तरीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें से 2006 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा पुरस्कृत किया गया था। 2010-11 में पंचायत शक्तिकरण पुरस्कार 2021-22 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार 2022 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जलवायु मित्र पुरस्कार 2022-23 में मुख्यमंत्री पुरस्कार 2023 में राज्य स्वच्छता पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। हाल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्री के द्वारा भी ग्राम प्रधान अमरेश पांडेय को नई दिल्ली में बुलाकर सम्मानित किया गया था। ग्राम पंचायत कोठीपुर में बहुउद्देशीय पंचायत सचिवालय क्रियान्वित है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम बहुत ही सुंदर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय जिसमें स्मार्ट क्लासेस की व्यवस्था, बारात घर, सामुदायिक केंद्र तथा निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल, वृहद वृक्षारोपण, ग्रीन एनर्जी से पंचायत सचिवालय एवं पंचायत लर्निंग सेंटर संचालित है। वहीं ग्राम प्रधान का कहना है कि हम अपने बचे हुए दो वर्ष के कार्यकाल में अपनी ग्राम पंचायत को प्रदेश की टॉप 10 पंचायत में शामिल करना चाहते हैं। पंचायत को कार्बन न्यूट्रल पंचायत बनाना चाहते हैं।

कलश यात्रा के साथ हुई भागवत कथा की शुरुआत

अछल्दा, औरैया। कस्बा के महेवा बस अड्डे के पास में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा शामिल महिलाएं कस्बे का भ्रमण कर भागवत कथा स्थल तक पहुंची। जहां कलश की विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। कस्बा के महेवा बस अड्डे में सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। जिसके आयोजन को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल महिलाओं व युवतियों ने कस्बे के भ्रमण कर निचली नहर से जल भरने के बाद कलश को सिर पर रखकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा भी निकाली गई। जगह जगह लोगों ने शोभायात्रा को रोककर दर्शन किए यह कथा सात दिनों तक चलेगी भागवत कथा के आयोजक ने बताया कि आचार्य वीरेश माधव के ओर से श्रोताओं को सत्संगत का रसपान कराया जाएगा। इस दौरान परिक्षित अमिता देवी व रामभरोसे सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

विदाई समारोह के दौरान मौजूद कर्मचारी। अमृत विचार

पोस्ट मास्टर को दी गई विदाई

संवाददाता, एरवाकटरा, औरैया

अमृत विचार। कस्बा के पोस्टमास्टर देवेश तिवारी का स्थानांतरण रुरुगंज हो गया है। कस्बा के ग्राहक, एजेंट, स्टाफ ने सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया। हरि चौबे ने विदाई समारोह में कहा कि 3 वर्ष पूर्व ऐरवा कटरा पोस्ट ऑफिस की स्थिति बहुत खराब थी। पोस्ट मास्टर देवेश तिवारी ने ग्राहकों को काफी संतुष्ट रखा। पोस्ट ऑफिस में भरपूर कैश मंगवा कर खाता धारकों द्वारा समय पर विड्रोल किया। इनके कार्यकाल में ग्राहक खुश रहे। विदाई समारोह में निवर्तमान पोस्ट मास्टर देवेश तिवारी ने कहा कि मुझे सर्विस में पहली बार ऐरवाकटरा पोस्ट ऑफिस व यहां के लोग अच्छे लगे। उन्होंने ग्राहक, एजेंट, स्टाफ से अपील की। नौकरी में ट्रांसफर नियम है। तीन वर्ष बाद जाना पड़ता है। मौके पर नए पोस्ट मास्टर नीरज कुमार, नरेश चंद्र पोरवाल, रामचंद्र वर्मा, अरविंद वर्मा, अशोक कुमार सक्सेना, यशपाल चौहान, हरि चौबे, ऋतिक आदि मौजूद रहे।

सियासत भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ का विकसित भारत संकल्प पत्र संगोष्ठी एवं सुझाव कार्यकम

विकसित भारत मोदी की गारंटी है : पाठक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

सम्मेलन को संबोधित करते कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक। अमृत विचार

अमृत विचार। सीएए का कानून नागरिकता लेने के लिए नहीं अपितु पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में इस्लाम न स्वीकार करने के कारण से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता देने का कानून है। सीएए का नोटिफिकेशन जारी करना ही प्रधानमंत्री मोदी की वैचारिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह बात भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ एवं शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विकसित भारत संकल्प पत्र संगोष्ठी एवं सुझाव कार्यकम बिधूना विधानसभा क्षेत्र के विशाल सम्मेलन रैपिड ग्लोबल एकेडमी में मुख्य अतिथि के तौर पर कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुब्रत पाठक ने कही।

कन्नौज सांसद ने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी है और इसी विकसित भारत के लिए भाजपा संकल्प पत्र के लिए लोगों से सुझाव मांगती है। उन्होंने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र बनाने जा रही है। भाजपा पहली ऐसी सरकार है, जो संकल्प लेती है और उसे पूरा भी करती है।

उन्होंने कहा कि 70 साल पहले एक देश, एक कानून बनाने का वादा किया गया था और जब भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाया गया। भाजपा की सरकार ने 99 फीसदी संकल्प पत्र के मुद्दों को पूरा किया है। मोदी है तो गारंटी है। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि गरीब परिवारों को 5 किलोग्राम अनाज दिया गया तो 5 लाख रुपये तक के इलाज की भी व्यवस्था की गई। घरों तक बिजली पहुंचाई गई, घरों में शौचालय बनवाए गए। अब शुद्ध पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सत्ता में बैठने के बाद सांस्कृतिक विरासत, विकसित भारत और समाज और गरीब कल्याण के मुद्दों को उठाया। सम्मेलन में लोगो ने अपने सुझाव भी सुझाव पेटिका में डाले। वहीं, स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बिधूना रिया शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, क्षेत्रीय संयोजक शिक्षण संस्थान डॉ. अजय मोहन शुक्ला, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक कुलदीप दुबे मौजूद रहे।

प्रदेश महामंत्री ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय प्रभारी व भाजपा एमएलसी अनूप गुप्ता ने जिले में प्रवास के दूसरे दिन दिबियापुर नगर के राघव पैलेस में नगर के प्रबुद्ध जनों से मिलकर हाल चाल लिए और पार्टी के बारे में चर्चा कर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी को लोकसभा चुनाव में जी जान से जुटने को कहा।

व्यापारी नेता सुखलाल गुप्ता ने दिबियापुर नगर के नहर बाजार में हो रही समस्या से निजात दिलाकर बाईपास बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। इस पर भाजपा प्रदेश महामंत्री ने जल शक्ति मंत्री से वार्ता कर समस्या को अवगत कराने का आश्वाशन दिया। दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा सहित अन्य लोगो ने स्वागत किया। इससे पूर्व प्रदेश महामंत्री ने सेहुद में स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन किए और पूजा अर्चना की। वहीं, देर रात में नगर मंडल के बूथ संख्या 283 विधि चंद्र में बूथ चलो - बूथ जीतो अभियान के अंतर्गत बूथ समिति, पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर कार्य निर्धारण किया और संकट मोचन मंदिर के दर्शन किए।

वहीं नगर के पूर्व सभासद व भाजपा नेता राहुल गुप्ता के भाई की शादी समारोह में भाग लिया । राहुल गुप्ता ने पगड़ी, श्री राम दरबार का चित्र देकर सम्मान किया। भाजपा जिला प्रभारी आनंद सिंह, जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष डा अशोक शर्मा, भाजयुमो प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा, विवेक पाठक, मंडल अध्यक्ष रामजी बाजपेई, कुलदीप दुबे प्रधानाचार्य, दीक्षांत गुप्ता, गुड्डू शिवहरे, सोनू सोनी आदि रहे।

एक नजर

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारेगी आप

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में आम आदमी पार्टी (आप) लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगी, बल्कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार प्रसार करेगी। यह जानकारी दिल्ली के विधायक दिलीप पाण्डेय व प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह ने बुधवार को दी। आप के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई प्रांतीय बैठक में दिल्ली से केजरीवाल सरकार के विधायक एवं मुख्य सचेतक विधानसभा दिलीप पांडेय ने बताया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने के लिए आप कार्यकर्ता घर-घर जाकर वोट मांगेंगे और इंडिया अलायंस के उम्मीदवार को जिताने की अपील करेंगे।

निदेशक ग्रेड में पहुंचे तीन डॉक्टर

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में अपर निदेशक ग्रेड के डॉ.हरी दास अग्रवाल और डॉ.साधना राठौड को निदेशक ग्रेड में प्रोन्नति मिल गई है। इसके साथ ही आजमगढ़ मंडल में अपर निदेशक डॉ.हर गोविंद सिंह को नोशनल प्रोन्नति देकर निदेशक ग्रेड में पदोन्नति मिल गई है। यह निर्देश चिकित्सा अनुभाग दो के सचिव रंजन कुमार ने जारी कर दिए हैं। मालूम हो कि निदेशक ग्रेड से तीन महानिदेशक बनने के बाद पद रिक्त चल रहे थे, जिनके सापेक्ष प्रोन्नति प्रदान की गई है। प्रोन्नति पाए तीनों चिकित्सकों को वर्तमान तैनाती स्थल पर ही प्रोन्नति प्रदान की गई है। साथ ही शासन द्वारा ग्रेड तीन से ग्रेड चार तक के कुल 71 डॉक्टरों को विभिन्न अस्पतालों में नई तैनाती दे दी गई है।

चाइनीज उत्पादों से बाजार को दूर करना बड़ा राष्ट्रवाद : मुख्यमंत्री

योगी ने किया एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : चीन के उत्पादों को अपने बाजार से बहुत दूर कर दिया है। यह एमएसएमई की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर घर का उत्पाद बाजार में छा रहा है, तो उसे प्रोत्साहित करना होगा। प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। योगी ने कहा कि यह कितनी खुशी की बात है कि हमारा उत्पाद बाजार में छा रहा है और दुश्मन देश का उत्पाद बाजार से दूर होता जा रहा है। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर प्रदेश के उत्पाद ही बाजार में देखने को मिल रहे हैं। हमारा उत्पाद अच्छा तो होता ही है, साथ ही हमारे उद्यमियों और कारीगरों को भी लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण किया। साथ ही उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को चेक दिया। वहीं, औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत भी की। योगी ने इस अवसर पर ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट भी वितरित किया।

इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, एसीएस अमित मोहन प्रसाद, सचिव प्रांजल यादव, आयुक्त एवं निदेशक राजेश कुमार सहित विभागीय अधिकारीगण, उद्यमी और हस्तशिल्पी कारीगर मौजूद रहे।

आर्थिक प्रगति के साथ ही युवाओं को मिल रहा रोजगार : मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन के पहले एमएसएमई विभाग की ओर से लोन वितरण के विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं। इस वर्ष वितरित की गई राशि गत वर्ष की तुलना में दोगुना और बीते सात साल की अपेक्षा 10 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति यूपी के आर्थिक उन्नयन को तो प्रदर्शित करता ही है, साथ ही युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहा है। प्लेज पार्क से प्रदेश के 10 जनपद जुड़ चुके हैं।

लोकभवन में ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत महिला को टूलकिट देते मुख्यमंत्री योगी, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, साथ में अन्य। अमृत विचार

बाजार की संपूर्ण मैपिंग कराए विभाग

मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई विभाग को बाजार की संपूर्ण मैपिंग कराते हुए डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देना होगा। इसके साथ ही प्रोडक्ट की पैकेजिंग पर भी खास ध्यान देना होगा। उन्होने एमएसएमई उद्यमियों से भी अपील की कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के साथ तेजी से जुड़ें, जिससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से जुड़े उद्यमियों की ट्रेनिंग की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

राज्य को बीमारू बनाकर रखा गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश पहले भी अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला राज्य था, मगर कुछ लोगों ने इसे बीमारू बना रखा था। हमने इसे राष्ट्रनिर्माण के अभियान के साथ जोड़कर युवाओं और उद्यमियों के डेवलपमेंट के पथ पर अग्रसर किया है। यह देश का अकेला राज्य है जहां युवा उद्यमियों को बिना ब्याज के पांच लाख का ऋण देने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स में से 40 लाख का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। लक्ष्य जल्द से जल्द सभी 96 लाख को रजिस्टर्ड कराना है।



मुख्य सूचना आयुक्त समेत प्रदेश के नवनियुक्त अन्य सूचना आयुक्तों ने राजभवन में बुधवार को पद व गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी उनके साथ रहीं। अमृत विचार

मुख्य सूचना आयुक्त समेत प्रदेश के 10 सूचना आयुक्तों ने ली पद की शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिलाई शपथ

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त राज्य मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा व राज्य के 10 सूचना आयुक्तों को पद की शपथ दिलाई।

समारोह में शपथ लेने वाले सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पद्म नारायण, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेन्द्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने शामिल थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों से कार्य निष्पादन पर चर्चा की और उन्हें तीव्र कार्य निष्पादन, दृढ़ता से कार्य करने, कार्य निष्पादन के लिए सिस्टम बनाने और कार्य प्रणाली को ऑनलाइन कर पारदर्शिता बढ़ाने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव प्रशासनिक सेवा एवं सचिवालय प्रशासन के रवीन्द्र नायक, राज्य सूचना आयोग के सचिव जेपी चौरसिया, रजिस्ट्रार सूचना आयोग संदीप गुप्ता व अन्यअधिकारी मौजूद रहे।

समय पर उपलब्ध कराई जाएगी सूचना : मुख्य सूचना आयुक्त

शपथ लेने के बाद मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि जनता के सूचना के अधिकार को सुदृढ़ करने, लोगों तक वांछित सूचनाओं को उपलब्ध कराने व कार्यों में पारदर्शिता के साथ कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सूचना आयोग लोगों को समय से सूचना उपलब्ध कराने के लिए कार्य करेगा।

चार आईएएस अधिकारियों को कैट से मिली जीत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पदोन्नति के बाद डीओपीटी ने 2014 की जगह 2015 बैच कर दिया था अलॉट

▸▸ आईएएस अधिकारियों ने कैट में किया मुकदमा तो वरिष्ठता की मांग हुई पूरी

अमृत विचार : प्रदेश के चार आईएएस अधिकारियों की एक साल कम की गई वरिष्ठता संबंधी मामले में जीत हासिल हुई है। पीसीएस से आईएएस बने इन अधिकारियों को भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण (डीओपीटी) विभाग ने 2014 बैच की जगह 2015 अलॉट कर दिया। मामले को लेकर केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण (कैट) में चुनौती दी गई तो अब जाकर जीत मिली है।

कैट से जीत हासिल करने वाले यूपी बैच के आईएएस हरिकेश चौरसिया अब विशेष सचिव आयुष हैं, जबकि बृजेश कुमार की तैनाती एडिशनल कमिश्नर, मुरादाबाद पद पर है। आईएएस महेंद्र सिंह की तैनाती विशेष सचिव गृह विभाग पद पर है। रविंद्र पाल सिंह की तैनाती विशेष सचिव भाषा निदेशक हिंदी संस्थान पद पर है।

कैट में केस वालों में शामिल आईएएस महेंद्र सिंह के मुताबिक जब प्रशासनिक सेवा में भारतीय सेवा का प्रमोशन होता है, तब राज्य का सर्विस कमीशन वरिष्ठता के हिसाब से बैच की सूची बनाकर भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण (डीओपीटी) विभाग को भेजता है। इस मामले में उनके ही बैच में अरुण कुमार का डिप्टी एसपी में सेलेक्शन हुआ था, लेकिन उसने ज्वाइन नहीं किया। बाद में उनका सलेक्शन डिप्टी कलेक्टर में हो गया। सूची में अरुण 10 वें स्थान पर थे, लेकिन हमारी तुलना में उनकी सेवाएं एक साल कम थी। जबकि हम चारों की सेवाएं 21 साल पूरी हो चुकी थी।

इसके आधार पर हम सभी को आईएएस का 2014 बैच अलॉट होना चाहिए था। लेकिन भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण (डीओपीटी) विभाग ने 2014 बैच की जगह 2015 अलॉट कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण (कैट) में चुनौती दी गई और वरिष्ठता के अनुसार 2014 बैच की मांग की गई। सुनवाई के बाद फैसला पक्ष में आया।

यूपी में दो आईपीएस अफसरों का तबादला

राज्य सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। देवेश पांडेय कमांडेंट पीएसी मुरादाबाद से एसपी एटीएस और अमित कुमार को एटीएस से पीएसी मुरादाबाद भेजा गया है।

सपा की राज्य कार्यकारिणी में संतोष प्रदेश सचिव नामित

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने सपा उप्र. की राज्य कार्यकारिणी में सन्तोष यादव निवासी मुगलचक अलीनगर मुगलसराय जिला चन्दौली को प्रदेश सचिव और शशिकान्त दुबे निवासी ग्राम पाण्डेयपार उर्फ डड़वा पोस्ट राजगढ़ जिला गोरखपुर को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया है। वहीं, पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप द्वारा कन्हैया निषाद निवासी ग्रामसभा असना पोस्ट असना कुशीनगर और विनय कुमार यादव निवासी ग्राम प्रान छपरा पोस्ट सलेमपुर जिला देवरिया को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

लोस चुनाव के लिए बसपा के प्रत्याशियों के नाम लगभग तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रदेश की सीटों पर बसपा के संभावित प्रत्याशियों के नाम लगभग तय हो गए हैं। 15 मार्च को कांशीराम जयंती के मौके पर सूची जारी होने की संभावना है। पहले चरण में संभावित प्रत्याशियों को बतौर लोकसभा प्रभारी घोषित करने की बात कहीं जा रही है। चुनाव को लेकर भाजपा, सपा व कांग्रेस की पहली सूची जारी हो चुकी है। हालांकि, कांग्रेस की पहली सूची में प्रदेश के प्रत्याशियों के नाम अभी घोषित नहीं किए गए हैं। इस बीच, बसपा के प्रत्याशियों की सूची जारी होने की चर्चा तेज हो गई है। बसपा सूत्रों के अनुसार, कांशीराम जयंती पर मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रम के दौरान लोकसभा प्रभारियों की सूची जारी होने की संभावना है। इसके बाद औपचारिक तौर पर प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। बसपा लगातार इंडिया गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर रही है, पर 2019 में बसपा सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ी थी। गठबंधन से खाते में आई 38 सीटों में से 10 सीटों पर विजय हासिल की थी।

विकसित भारत के एंबेसडर ऑफ द वीक बने ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लखनऊ के अनुराग श्रीवास्तव को मिला चौथा स्थान

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए विकसित भारत अभियान में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सप्ताह का 'एंबेसडर ऑफ द वीक' चुना गया है। उन्हें नमो एप के विकसित भारत कार्यक्रम में इस सप्ताह देशभर में आम नागरिकों ने सबसे ज्यादा पसंद किया। नमो एप पर उनके लिंक से सबसे ज्यादा लोगों ने एप डाउनलोड किया।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नमो एप पर 'विकसित भारत एंबेसडर' नाम से एक मॉड्यूल पेश किया गया है। मोदी ने दिसंबर 2023 में नमो एप डाउनलोड करके विकसित भारत एंबेसडर बनने का आह्वान किया था। मोदी हर हफ्ते इसे लेकर एक रैंकिंग जारी करते हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सप्ताह का नंबर वन चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाएं दी है। पाठक ने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

मोदी ने दूसरा स्थान पाने वाले चितरंजन कुमार, तीसरा स्थान पाने वाले डॉ. पंकज सिंह, चौथा स्थान पाने वाले भाजपा कार्यकर्ता अनुराग श्रीवास्तव और पांचवा स्थान पाने वाली सीमा हिरय को भी बधाई दी है। इन सभी को चार मार्च से 10 मार्च के सप्ताह के लिए विकसित भारत अंबेसडर चुना गया है।

सितंबर 2024 में 32 हजार मेगावाट पहुंच सकती है बिजली की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने जारी की अनुमानित मांग पर रिपोर्ट

अमृत विचार : इस बार गर्मी में प्रदेश की बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए जारी की गई पूर्वानुमानित बिजली की पीक डिमांड रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

शासन के अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष प्रदेश देश का पहला राज्य होगा, जहां सितंबर 2024 में सबसे ज्यादा 31,917 मेगावाट अधिकतम मांग अनुमानित है, जबकि 2025 में देश में सबसे ज्यादा मांग महाराष्ट्र में आंकी गई है। मार्च 2025 में महाराष्ट्र में अधिकतम मांग 32,640 मेगावाट आंकी गई है।

अधिकारियों का कहना है कि जिस प्रकार से मौसम करवट ले रहा है, अनुमान है कि उत्तर भारत में इस बार प्रचंड गर्मी आने वाली है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में अप्रैल 2024 में 25,379 मेगावाट, मई में 28,291 मेगावाट, जून में 29,853 मेगावाट, जुलाई में 30,581 मेगावाट, अगस्त में 31,585 मेगावाट और सितंबर में 31,917 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग होने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान में ओबरा सी और जवाहरपुर की एक-एक परियोजनाओं को जोड़ लिया जाए तो अभी तक कुल लगभग 28,500 मेगावाट का इंतजाम प्रदेश में दिख रहा है, ऐसे में युद्ध स्तर पर काम कर अभी से बिजली की उपलब्धता बढ़ाना होगा। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन पावर बैंकिंग के तहत 11 राज्यों से बिजली की व्यवस्था में लगा है पर अधिकतम मांग को पूरा करना प्रदेश के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। मालूम हो कि पिछली गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी।

वर्ग पहेली-9

बाएं से दाएं

1.1. बे-सिर पैर का 2. मिथ्या-झूठा 3. मर्यादा-रहित 4. अल्प, थोड़ा 5. सारहीन।

2.1. चाप अर्थात दबाव पड़ने से नमित होना, झुकना, दबना 2. किसी के अनुग्रह या उपकार के कारण उसके आगे दबना।

6.1. पौधों तथा वनस्पतियों का वह पतला और लंबा धड़ जिसपर पत्तियां या कोपलें होती हैं

7.1. डूबने की क्रिया या भाव 2. डुबाव।

9.1. भूनने का काम कराना 2. रुपयों या बड़े सिक्के को छोटे सिक्कों में बदलवाना 3. चेक को रुपए में बदलवाना।

10.1. उत्तम कार्य, पूर्ण रूप से संपन्न कार्य 2. शुद्ध या मर्यादित आचरण।

ऊपर से नीचे

3. पोपले (दंतविहीन व्यक्ति का) का मुंह में कुछ रखकर चुभलाना या मुंह चलाना।

4.1. आडंबर रचने वाला, आडंबर करने वाला 2. अभिमानी, घमंडी।

5. पैरों को लय के साथ हिलाते-डुलाते हुए नाचना, कदमों का उठाना और पटकना, इठलाना, नृत्य में अंगों का संचालन करना, अंग मटकाकर नाचना, ठुमककर नाचना।

8.1. धरने की क्रिया या भाव 2. छत की आधार स्वरूप एक मोटी लकड़ी, बड़ी कड़ी, शहतीर 3. स्त्रियों के गर्भाशय का आधार 4. पकड़ 5. हठ, ज़िद, टेक।



वर्ग पहेली -8 का हल

1 ग़	2 रू	र				
	ढ़		3 छे	4 द	ना	
	वा			रा		5 हूँ
	6 द	7 म	बा	ज़		गा
8 आ		ज़			9 कॉ	
ल		बू			म	
10 स	द	र	ज	हा	न	

सुडोकू-88

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7				4	2		
	8				5		1	
						6		9
	5			3	2	1		
6								8
		1	7	9			2	
2							6	
	9		1				7	
	6	7					4	

सुडोकू -87 का हल

9	3	2	6	7	8	1	5	4
6	7	4	5	3	1	9	8	2
1	8	5	4	9	2	3	7	6
8	5	7	3	2	4	6	1	9
2	9	6	1	5	7	4	3	8
4	1	3	9	8	6	5	2	7
5	2	1	8	6	9	7	4	3
7	4	9	2	1	3	8	6	5
3	6	8	7	4	5	2	9	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 23.25 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 16.56 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज समाज में आपका दबदबा मजबूत होगा। दूसरों पर सहज विश्वास न करें। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही पारिवारिक समस्या दूर होगी। आपके व्यक्तित्व और रहन-सहन को लेकर सतर्क रहें।

वृष — आज अपने लक्ष्यों के प्रति उदासीन न रहें। पेट में एसीडिटी जैसी समस्या हो सकती है। आय बढ़ने के साथ आपके खर्च भी बढ़ सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। अपने काम की गुणवत्ता को कम न होने दें।

मिथुन — आज परोपकार की भावना आपके मन में प्रबल रहेगी। घर की साज-सज्जा और नवीनीकरण पर धन खर्च कर सकते हैं। कारोबार को लेकर बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। सही समय पर महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लेंगे।

कर्क — आज संपत्ति के विक्रय से आपको लाभ होगा। नए व्यापार को लेकर उत्साह में रहेंगे। मांगलिक आयोजनों को लेकर खरीदारी कर सकते हैं। पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। प्रेम संबंधों को विवाह में परिणित कर सकते हैं।

सिंह — आज बिना किसी विशेष योजना के आपको निवेश करना नहीं चाहिए। किडनी की समस्याओं से जूझ रहे रोगियों को खानपान का ध्यान रखना चाहिए। नई योजनाओं को क्रियान्वित करना कुछ कठिन होगा। रुका हुआ धन कठिनाई से प्राप्त होगा।

कन्या — आज पुरानी झंझटों को लेकर आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है। माता-पिता की सलाह और आशीर्वाद अवश्य लें। अपनी बातों को लेकर किसी पर भी दबाव न डालें। आपकी जीवनशैली थोड़ी अव्यवस्थित हो सकती है।

तुला — आज परिवार के लोगों की सेहत अच्छी रहेगी। सरकारी कार्य आसानी से हो जाएंगे। दांपत्य संबंधों में सकारात्मकता का एहसास होगा। प्राइवेट संस्थानों में जॉब कर रहे लोगों के वेतन में वृद्धि हो सकती है। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे।

वृश्चिक — आज लेखन और चिंतन में समय व्यतीत करेंगे। रिटेल कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है। योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।

धनु — आज दिन की शुरुआत थोड़ी थकाऊ रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी साख एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शेयर मार्केट में निवेश से आपको लाभ मिलेगा। आपने मन में काफी रचनात्मक विचार आएंगे।

मकर — आज किसी की भी झूठी प्रशंसा न करें। आपके अधिकतर काम थोड़े धीमी गति से होंगे। संपत्ति को लेकर मामले हल हो जाएंगे। अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखें। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद खास रहने वाला है।

कुंभ — आज दूसरों की बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। जॉब में आपको प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार में नए सौदे हो सकते हैं। समस्या की जड़ को आसानी से पहचान पाएंगे और उसे आसानी से दूर भी कर लेंगे।

मीन — आज परिजन आपकी आदतों से परेशान हो सकते हैं। ऑफिस में अप्रत्याशित काम हो सकते हैं। दैनिक दिनचर्या को संतुलित रखने का प्रयास करें। नौकरीपेशा लोगों को कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। मन में परोपकार की भावना रहेगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खिलाड़ी — सुबह : 11.00
- धड़कन — दोपहर : 03.00

SONY PIX
- मोर्टल कॉम्बेट — सुबह : 11.17
- जुमांजी — रात : 08.45

SONY MAX
- जब तक है जान — सुबह : 11.11
- टाइगर जिंदा है — रात : 10.30

ZEE CINEMA
- फोबिया — सुबह : 10.30
- कार्तिकेय 2 — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- दिल विल प्यार व्यार — दोपहर : 13.24
- कमबख्त इश्क — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात 10.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति ने पत्नी का फोन काटते हुए कहा-मैं मीटिंग में हूं, बाद में बात करता हूं।
थोड़ी देर बाद पड़ोसन का फोन आया।
पड़ोसन-क्या आप फ्री हैं, आपको डिस्टर्ब तो नहीं किया।
पति-अरे नहीं, आप हुकुम कीजिए।
पड़ोसन-मुझे कोई काम नहीं है, आपकी पत्नी को कुछ बात करनी है, लो बात करो।
पत्नी-शाम को घर आना तो आयोडेक्स लेते आना।

टीचर- बहुवचन किसे कहते हैं?
छात्र-जब बहू अपने ससुराल वालों को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहुवचन कहते हैं।
अध्यापक जी बेहोश होते-होते बचे।

हाईवे पर बिखरा आलू, थमीं रफ्तार

ट्रैक्टर की ट्रॉली में क्षमता से अधिक लदा था आलू, रस्सा टूटने से बिखर गए बोरे

संवाददाता, जसवन्तनगर

अमृत विचार। मंगलवार की देर रात को क्षमता से अधिक आलू के पैकेटों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली की रस्सी टूटने से बीच हाईवे पर आलू के पैकेट बिखर गए। जिससे यातायात बाधित हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाइवे पर पडे बोरों को हटवाकर यातायात शुरू कराया।

बताया गया है कि क्षेत्र के किसी गाँव से अपनी क्षमता से अधिक आलू को ट्रैक्टर ट्राली में लादकर नगर क्षेत्र से गुजरने वाले हाईवे से होते हुए इटावा के किसी कोल्ड स्टोर में रखने के लिए जा रहा था। ट्रैक्टर में क्षमता से अधिक आलू के पैकेटों को भरा गया था आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर फ्लाईओवर पार करने के दौरान ढलान पर ब्लॉक के सामने बीचों बीच हाईवे पर ट्रैक्टर में आलू के पैकेट को साधने के लिए बंधी रस्सी टूट गई। जिससे बीच हाईवे पर आलू के पैकेट बिखर गए और बड़ा हादसा होने से टल गया।

गनीमत रही उस दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली के आसपास से कोई गुजरा नहीं था वरना बड़ा हादसा हो सकता था।नेशनल हाईवे पर तेज रफ़्तार वाहन निकलते रहते है गनीमत रही किसी को कोई जान माल का नुकसान नही हुआ।

सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज इमरान फरीद व संत कुमार कुंतल ने मौके पर पहुंचकर हाईवे पर पड़े आलू के फैले पैकेटों को हटवाकर यातायात सुचारू रूप से चालू कराया गया।

हाईवे पर आलू के बिखरे पड़े आलू के बोरे। इस दौरान यातायात भी प्रभावित रहा। अमृत विचार

कार और बाइक की टक्कर, तीन घायल

ताखा। ऊसराहार थाना क्षेत्र के गावं समथर के पास तेजी से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार व कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी, पुलिस ने सभी घायलों को पीजीआई सैंफई भेजा।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के समथर का है जहां रविवार शांम करीब 6 बजे वैवाह चौपला मार्ग पर बाइक सवार व कार आमने सामने टकरा गई जिसमें बाइक सवार मुंशी निवासी गपचिया, सतीश निवासी अमथरी व कार चालक शंकर निवासी गंगापुरा थाना चौबिया गंभीर रुप से घायल हो गये। बताते चलें बाइक सवार सवार समथर बाजार करके बापस अपने घर जा रहे थे तभी दोनों टकरा गई, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी वाहन से उपचार के लिए भिजवाया।थाना प्रभारी बेचन सिंह ने बताया कि दुर्घटना आमने सामने से हुई है जिसमें तीन लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए भेजा गया है।

मंदिर में चोरी का खुलासा न होने से आक्रोश

संवाददाता भरथना,इटावा

दो वर्ष में पांचवीं बार हुई चोरी

अमृत विचार । पाली खुर्द स्थित प्राचीन पालट देवी मन्दिर में लगातार पांचवीं बार चोरी का खुलासा न होने से भक्तों में पुलिस के विरूद्ध आक्रोश बढता जा रहा है। बीते दिन हुई मन्दिर से नगदी व आभूषण सहित पीतल के घण्टों की चोरी फिर से सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। बाबजूद पुलिस अब तक कोई खुलासा नहीं कर सकी। कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पालीखुर्द स्थित प्राचीन पालट देवी मन्दिर को बीते दिनों बदमाशों ने पांचवीं बार अपना निशाना बनाते हुए देवी के सोने-चांदी के आभूषण, दानपात्र में रखी नगदी व मन्दिर पर लगे भारी भरकम पीतल के घण्टे आदि चोरी कर ले गए।

घटना की जानकारी प्रात पुजारी के मन्दिर पहुंचने पर हो सकी। जिसकी सूचना पर पुलिस ने पूर्व की तरह मौके पर पहुंचकर जांच पडताल के साथ मन्दिर परिसर में लगे सीसी कैमरों में बदमाशों की गतिविधि के फुटेज एकत्रित किये। इसके बाबजूद कई दिन बीत जाने पर भी पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा नहीं कर पाने से क्षेत्रीय ग्रामीण भक्तों में आक्रोश बढता जा रहा है। मन्दिर के पुजारी प्रमोद कुमार, रनवीर सिंह, रामस्वरूप, कल्लू, लल्लन, सिग्रेश यादव, विजय सिंह, राज नरायन सहित ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि दो वर्ष के अन्दर मन्दिर में पांचवीं बार लाखों रूपये कीमती आभूषण, नगदी आदि पीतल के घण्टों की चोरी हो चुकी है। पुलिस द्वारा आज तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं किया जा सका है। जिसके कारण बदमाशों के हौंसले बुलन्द हैं, वहीं ग्रामीणों में पुलिस के विरूद्ध आक्रोश बढता जा रहा है।

मंदिर में हुई चोरी का खुलासा न होने पर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो लोग घायल

सुमेरपुर(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के बांदा रोड पर टेढ़ा के निकट बाइक से जा रहे युवकों को कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गंभीर होने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सुमेरपुर कस्बे के पलरा हार कांशीराम कालोनी निवासी बल्लू उर्फ राजाभैया 27 वर्ष व राजा 26 वर्ष पुत्र शंकर बांदा जनपद में किसी बालू खदान में कार्य करते हैं। बुधवार को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बिना हेलमेट लगाए यह दोनों बाइक से कस्बे की ओर आ रहे थे। तभी बांदा रोड पर बरगदिया मोड़ के पास उनकी बाइक को कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 व एंबुलेंस ने उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया। जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

दीवान हत्याकांडः आरोपी ने किया कोर्ट में आत्म समर्पण

संवाददाता, सैफई, इटावा

अमृत विचार । थाना क्षेत्र के गांव गोवेपुर में छुट्टी पर घर आये हेड कांस्टेबल की 1 मार्च को हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी नें पुलिस के दबाव के चलते कोर्ट में सरेंडर कर दिया। वह 14 दिनों तक फरार रहा।

मालूम थाना क्षेत्र के गोवेपुर गांव निवासी अनिल कुमार यादव 36 बर्षीय पुत्र सर्जन सिंह यादव मथुरा जिले में पुलिस के परिवहन शाखा में कार्यरत थे। आलू की खुदाई कराने के लिए 1 मार्च को 3 दिन की छुट्टी पर घर आएं हेड कांस्टेबल अनिल कुमार के ताऊ दर्शन सिंह,व उनके पुत्र ओमपाल व पोत्र अभिषेक नें गांव से करीब 100 मीटर दूरी पर लगे ट्यूबवेल पर बने बरामदे में सौते समय एक साथ मिलकर चेहरे पर फावड़ा व दराती से कई बार कर के हत्या कर दी थी।

अगले दिन सुबह ग्रामीणों की सूचना पर परिजनों को जानकारी हुई थी। घटनास्थल पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सीओ शैलेंद्र प्रताप गौतम, प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था। मृतक के भाई नीरज की तहरीर पर ताऊ दर्शन सिंह उसके पुत्र ओमपाल व पोत्र अभिषेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें पुलिस ने आरोपी दर्शन सिंह का उसका नाती अभिषेक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

एक आरोपी ओमपाल फरार चल रहा था। इसको लेकर गांव में दहशत का माहौल बना हुआ था। इसे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार गांव में पुलिस को तैनात किया गया था और गिरफ्तारी के लिए प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा के नेतृत्व में दो टीमें लगी हुई थीं। आरोपी लगातार पुलिस की गिरफ्त से बचता रहा। अंततः बुधवार को चीफ जुडीशियल मजिस्ट्रेट की अदालत में उसने सरेंडर कर दिया।

ट्रक और डंपर भिड़े खलासी की मौत ड्राइवर घायल

उरई (जालौन)। ट्रक और डंपर में भिड़ंत हो गई। इसमें खलासी की मौत हो गई। चालक गंभीर घायल हो गया। हादसा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर जालौन कोतवाली सीमा में तड़के हुआ।

जानकारी के अनुसार डंफर और ट्रक की टक्कर में ट्रक के खलासी अंकित की मौत हो गई और ट्रक चालक पंकज की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक ट्रक खलासी अंकित झांसी जनपद के सेसा गांव का रहने वाला थाष

सूचना पर पहुंची जालौन पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

सूचना मिलने पर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए, मृतक के गांव से आए पड़ोसी अमजद ने बताया कि मृतक अंकित सेसा गांव का है। इधर खलासी की मौत की खबर गांव में पहुंचते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। गांव से खलासी के मिलने वाले भी पोस्टमार्टम हाउस के लिए रवाना हो गए।

बुधवार को ज्ञापन सौंपने पहुंचे अधिवक्ता। अमृत विचार

सिविल बार के वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया

संवाददाता, इटावा

- हमीरपुर में अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार को लेकर वकील आंदोलित

अमृत विचार । हमीरपुर में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा वकीलों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर उनके समर्थन में वुधवार को इटावा सिविल बार एसोशिएशन के वकीलो ने हडताल कर काम का बहिष्कार किया। सिविल बार एसोशिएशन के महामंत्री राजेश कुमार राजपूत ने बताया कि हमीरपुर में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कु आराधना रानी ने वहां के वकीलों के साथ दुर्व्यवहार किया है। वहां के वकीलों के समर्थन में इटावा के वकील भी हडताल पर रहे । बाद में वकीलो ने जिला जज को ज्ञापन दिया।

सार-संक्षेप

पति से विवाद के बाद पत्नी ने विषाक्त पदार्थ खाया

इटावा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव नगला निगोली में पति से हुए विवाद से क्षुब्ध एक महिला ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर उसे परिवार के लोग जिला अस्पताल ले गए। जहां उसे भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि उक्त गांव निवासी चरण सिंह शराब पीने का आदी था। शराब पीने का लेकर पति पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। मंगलवार को भी दोनों में विववाद हो गया। विवाद से क्षुब्ध उसकी पत्नी लक्ष्मी ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लाए जहा उसका उपचार कराया गया।

बिधूना के नेत्र चिकित्सालय की सांसद ने शुरुआत की

औरैया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि 50 शैय्या लोहिया नेत्र चिकित्सालय विधूना के क्रियाशील होने पर कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। रिया शाक्य, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डॉ. डीके सक्सेना, सीएमएस डॉ. जय किशन आदि रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत गीजा विकास खण्ड सैफई–इटावा

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत गीजा/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांक: 13/03/2024

अल्पकालीन निविदा

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत गीजा सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत गीजा विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 14.03.2024 से 15.03.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 15.03.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.03.2024 से 15.03.2024 तक ग्राम पंचायत गीजा सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	प्राक्कलन की लागत	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य
1	उचित दर विक्रेता दुकान निर्माण कार्य ग्रा.पं. गीजा	मनरेगा	8,24,823.00	16,496.46	500

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत गीजा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01– अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (प0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत गीजा, सैफई, इटावा

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गीजा, सैफई, इटावा

बिचौली गांव में बनने लगी आरसीसी रोड। अमृत विचार

बिचौली गांव के विकास का ग्राम प्रधान ने लिया संकल्प

संवाददाता, कुठौंद जालौन

अमृत विचार। कुठौंद की ग्राम पंचायत बिचौली के प्रधान डॉ महेश कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम पचौरी, रोजगार सेवक परवीन देवी व ग्राम के सभी सदस्यों की सहमत से ग्राम सभा बिचौली में सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया गया। ग्रामसभा में विकास कार्य कराए जाएंगे जिसमे इंटरलॉकिंग, सीसी निर्माण कार्य कराए जाएंगे और सभी जॉब कार्ड धारकों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना के अंतर्गत सभी लाभार्थियों को 100 दिन मजदूरों की मजदूरी का कार्य चल रहा है सरकारी विद्यालय मे इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया गया है इस समय अखिलेश कुमार उपाध्याय के दरवाजे से लेकर मानसिंह चौहान के दरवाजे तक लगभग 100 मी सीसी निर्माण कार्य गुणवत्ता के आधार पर कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान नरेश कुमार ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत में किसी भी ग्रामवासी को गांव से बाहर पेंशन के फॉर्म ऑनलाइन लेने हेतु कहीं नहीं भटकना पड़ रहा है।

22 श्रमिकों को बांटे आयुष्मान कार्ड व पीपी किट

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचारः प्रधानमंत्री द्वारा वंचित वर्गों के लिए आउटरिच कार्यक्रम अंतर्गत प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जन कल्याण राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत की गई। इसके तहत एक लाख सफाई कर्मियों को 720 करोड़ की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में बटन दबाकर आनलाइन हस्तानांतरित की गई। इस कार्यक्रम का कलक्ट्रेट सभागार में सीधा प्रसारण देखा गया। इसी क्रम में कलक्ट्रेट सभागार में सीवर और सैफ्टिक टैंक में काम करने वाले 22 श्रमिकों को नमस्ते आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपी किट का वितरण किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आउटरिच कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से वंचित समुदाय के लोगों को सीधे सहायता धनराशि दी जा रही है। इसके साथ ही सीवर एवं सैफ्टिक टैंक में काम करने वाले श्रमिकों को पीपी किट व गोल्डन कार्ड भी वितरित किए जा रहे हैं, ताकि उन्हें भी पांच लाख रुपए तक निरूशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री के सजीव प्रसारण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी नीलम चैधरी आदि मौजूद रहे। इसमें नगर पालिका परिषद बाँदा, व अतर्रा के अलावा नगर पंचायत बबेरू, बिसंडा, मटौंध, नरैनी, ओरन व तिंदवारी के श्रमिक भी शामिल रहे। इस दौरान ग्रामीण विकास बैंक द्वारा गंगा सागर को एक लाख 25 हजार रुपए के ऋण की चेक, राजेंद्र प्रसाद को 70 हजार रुपए के ऋण के चेक वितरित किए गए। वहीं आर्यावर्त बैंक द्वारा अमरेंद्र व मिथुन को दो लाख रुपए, पवन को एक लाख 70 हजार रुपए तथा विकास कुमार को इ-रिक्शा के लिए एक लाख 20 हजार रुपए के चेक वितरित किए गए।

कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 14 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी आदि रहे।

पीएम मोदी का लाइव कार्यक्रम देखते अधिकारी व श्रमिक। अमृत विचार

कार्यालय ग्राम पंचायत उझियानी विकास खण्ड सैफई–इटावा

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत उझियानी/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांक: 06/03/2024

निविदा सूचना

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत उझियानी सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत उझियानी विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 07.03.2024 से 15.03.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 15.03.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.03.2024 से 14.03.2024 तक ग्राम पंचायत उझियानी सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	प्राक्कलन की लागत	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य
1	उझियानी में उचित दर विक्रेता दुकान का निर्माण कार्य	मनरेगा	616308.00	13000.00	700.00

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत उझियानी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01– अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (प0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत उझियानी, सैफई, इटावा

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत उझियानी, सैफई, इटावा

कार्यालय ग्राम पंचायत नरहोली भिंडरुआ विकास खण्ड सैफई–इटावा

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत नरहोली भिंडरुआ/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांक: 13/03/2024

निविदा सूचना

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत नरहोली भिंडरुआ सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत नरहोली भिंडरुआ विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 13.03.2024 से 15.03.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 16.03.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 13.03.2024 से 15.03.2024 तक ग्राम पंचायत नरहोली भिंडरुआ सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	प्राक्कलन की लागत	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य
1	बिजपुरी में मैन रोड से हरिश्चंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	पंचम वित्त/ पंद्रहवां वित्त	394759	7895.18	500.00
2	बिजपुरी में फुटरी लाल के घर से मुन्ने खा के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य	पंचम वित्त/ पंद्रहवां वित्त	388448	7768.96	500.00
3	मैंन रोड से शहजादे के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	पंचम वित्त/ पंद्रहवां वित्त	255104	5102.08	500.00
4	पंचायत घर से श्री कृष्ण के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	पंचम वित्त/ पंद्रहवां वित्त	359856	7197.12	500.00

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत नरहोली भिंडरुआ कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01– अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (प0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत नरहोली भिंडरुआ, सैफई, इटावा

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत नरहोली भिंडरुआ, सैफई, इटावा

निरीक्षण | जिला अस्पताल की ओपीडी में लटका मिला ताला, सीएमएस से जताई नाराजगी

समय से अस्पताल में बैठें डॉक्टर : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बुधवार को सीडीओ अजय कुमार गौतम अचानक जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंच गए। वह यहां सीधे ओपीडी में पहुंचे तो ओपीडी में ताला लटका हुआ था। जबकि कई मरीज डाक्टर को दिखाने के लिए बाहर बैठे हुए थे। इस पर सीडीओ ने सीएमएस से गहरी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल में डाक्टर सुबह समय से निर्धारित समय तक अपने अपने कक्ष में मौजूद रहें।

सीडीओ श्री गौतम दोपहर 01:40 बजे अचानक डा0 भीमराव अम्बेडकर संयुक्त जिला चिकित्सालय निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। वह जब अस्पताल की ओपीडी के सामने पहुंचे तो वहां ताला पड़ा हुआ था और कोई भी डाक्टर मौजूद नहीं था। जबकि ओपीडी बंद होने का समय दो बजे का है। यहां मौजूद मरीजों ने बताया कि हमेशा ही समय से पहले डाक्टर चले जाते हैं जिससे मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता है। इसके साथ ही अन्य डाक्टरों के कक्ष भी इस समय बंद मिले।

इसपर सीडीओ श्री गौतम ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमएस पुरुष अस्पताल को निर्देश दिए कि आगे ऐसा न पाया जाए और वह इसपर नजर रखें कि चिकित्सक समय तक अपने कक्ष में मौजूद रहकर मरीजों को देखें। जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों को वे वजह मुसीबतों का सामना न करना पड़े।

जिला अस्पताल का निरीक्षण करते सीडीओ अजय कुमार गौतम। अमृत विचार

फसल क्षतिपूर्ति सर्वे में हुई धांधली, भड़की भाकियू

संवाददाता,बांदा

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की वर्षा व ओलावृष्टि से हुई फसलों की क्षति को प्रशासन द्वारा कराए गए सर्वे में क्षति को कम आंके जाने पर रोष व्यक्त किया। कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर पुनः सर्वे कराकर पीड़ित किसानों को मुआवजा दिए जाने की जोरदार मांग की। भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी तथा जिलाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रशासनिक फसल क्षति सर्वे के खिलाफ जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि सर्वे में दस से 13 फीसदी किसानों की फसल क्षति प्रशासनिक सर्वे में दशार्या गया है जो कि नितांत गलत है, क्योकि तीन बार हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसले 50 से 60 फीसदी तक नष्ट हुई है जो सत्य है। इसी आधार पर मूल्यांकन किया जाना चाहिए। उन्होंने शासन और प्रशासन से अनुरोध किया है कि किसानों की वर्षा व ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का पुनरू सर्वे कराए, ताकि किसानों को उचित मुआवजा प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि किसानों की रवि मौसम की मटर, मसूर, अरहर की फसल 50 फीसदी के ऊपर नष्ट हुई है। इसी प्रकार गेहूं, चना आदि की फसले भी नष्ट हुई हैं।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,761.89	21,997.70
नुकसान	906.07	338.00
प्रतिशत में	1.23	1.51

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 डीएमओ 885 बोल्ड 1180, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)–

गेहूंदड़ा	2525–2550
आरआर 21	2700–2750
गेहूंफ़ारम	2800–2850
जौ	2000 –2100
ज्वार	2600 –4000
बाजरा	2125–2175
मकाई	2000 –2200

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5800 –5900
अरहर	7500 –8000
मसूर	5500 –5600
मटर	3700 –4000
उड़दहरा	10000 –10200
उड़दकाला	6000 –8000
मूंग	8500 –8800

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	14400–14500
अरहरस्पेशल1	12000–12100
चनादाल	7100–7200
मटरदाल	4950–5050
मसूरमलका	7000–7050
मसूरदाल	7100–7150
उड़ददाल	9000– 12000
उड़द धोवा	10500– 13000
मूँगदाल	8800 –10300
मूँग धोवा	9800–11500

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000 – 2300
बासमती नं.1	8500 – 10000
सेला	2500 – 3000
बासमती नं.2	6500 – 7500

आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1490–1550
मैदा	1450–1500
सूजी	1500–1550

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1430–1475

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	4900–4950
अलसी	4500 –4600 रुपये।

न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस की ओर से जारी रिपोर्ट से हुआ खुलासा

जीडीपी अनुपात में चीन से आगे निकला भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजार में एकीकरण के संबंध में भारत दो प्रमुख मापदंडों...जीडीपी के अनुपात में निर्यात और सेवा निर्यात... पर चीन से आगे निकल गया है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस की तरफ से यहां जारी 'न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट-2024' में कहा गया है कि 2021 के बाद से भारत का जीडीपी के अनुपात में निर्यात चीन से अधिक हो गया है। जबकि निर्यात और आयात दोनों के मामले में देश का सेवा व्यापार की तीव्रता भी बहुत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 और 2022 में जीडीपी के हिस्से के रूप में भारत का निर्यात और आयात तेजी से बढ़ा। देश में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात सकल घरेलू उत्पाद का 23 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से अधिक) और वस्तुओं और सेवाओं के आयात का हिस्सा जीडीपी के 26 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से भी अधिक) पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में सेवा व्यापार तीव्रता निर्यात और आयात दोनों के मामले में चीन से कहीं अधिक है। हालांकि, जहां तक वस्तु व्यापार का संबंध है, भारत में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में आयात अधिक होता है जबकि चीन में निर्यात की हिस्सेदारी अधिक है।

डीएचएल एक्सप्रेस के दक्षिण एशिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस सुब्रमण्यम ने कहा-हालांकि, वैश्विक स्तर पर जुड़ाव के मामले में भारत की रैंकिंग इसकी वर्तमान आर्थिक स्थिति को दर्शाती है। रिपोर्ट यह साफ करती है कि दुनिया आने वाले वर्षों में भारत की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में कई गुना वृद्धि देखने की उम्मीद कर सकती है।

वैश्वीकरण 2022 में रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

पिछले दशक में कोविड –19 महामारी, यूक्रेन और गाजा में युद्ध, अमेरिका–चीन व्यापार संघर्ष, और ब्रिटेन का यूरोपीय संघ से अलग होना समेत वैश्विक झटकों की पूरी श्रृंखला के बावजूद वैश्वीकरण 2022 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया और 2023 में उसी स्तर के करीब रहा। डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस ने नई डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट 2024 को आज जारी किया जिसमें यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट वैश्वीकरण की स्थिति और उसकी गति के बारे व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। यह दुनिया भर में व्यापार, पूंजी, सूचना और लोगों के प्रवाह की निगरानी करते हुए 181 देशों और क्षेत्रों में वैश्वीकरण की स्थिति को मापता है। रिपोर्ट के अनुसार मौजूद साक्ष्य इस धारणा को दृढ़ता से खारिज करते हैं कि वैश्विक प्रवाह की वृद्धि उलट गई है। व्यापार वृद्धि ने वैश्विक संपर्क या जुड़ाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार किए जाने वाले वैश्विक उत्पादन का हिस्सा 2022 में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर वापस आने में सफल रहा।

सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक सोने के बदले दिए गए कर्ज की करे समीक्षा

- वित्त मंत्रालय ने बैंकों को पत्र लिखकर दिया निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों से सोने के आभूषणों के एवज में दिए गए कर्ज की स्थिति की समीक्षा करने को कहा है। कई मामलों में नियमों का अनुपालन नहीं होने की बात सरकार के सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को लिखे एक पत्र में उनसे स्वर्ण कर्ज से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा-हमने बैंकों से स्वर्ण ऋण कारोबार की व्यापक समीक्षा करने को कहा है। इस संबंध में एक निर्देश पिछले महीने जारी किया गया था। उसमें उन्हें शुल्क और ब्याज के संग्रह और स्वर्ण ऋण खातों को बंद करने से संबंधित विसंगतियों को दुरुस्त करने की सलाह दी गई थी। इसमें जरूरी स्वर्ण गारंटी के बिना स्वर्ण कर्ज का वितरण, शुल्क संग्रह और नकद में भुगतान को लेकर विसंगतियां शामिल हैं। डीएफएस ने बैंकों से एक जनवरी, 2022 से 31 जनवरी, 2024 तक पिछले दो साल की अवधि की गहन समीक्षा करने का आग्रह किया है।

दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरीडोर को मिली मंजूरी

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले राजधानी दिल्ली के लोगों को दो मेट्रो लाइनों की सौगात दी है। पहली लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक तक तथा दूसरी इंद्रलोक से इन्द्रप्रस्थ तक होगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि बैठक में दिल्ली में मेट्रो के चौथे चरण के तहत दो मेट्रो लाइनों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि पहली लाइन इन्द्रलोक से इन्द्रप्रस्थ के बीच होगी और इसकी लंबाई 12.377 किलोमीटर होगी तथा यह ग्रीन लाइन का विस्तार होगा। दूसरी लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगी जिसकी लंबाई 8.385 किलोमीटर होगी। उन्होंने कहा कि इन दोनों लाइनों पर 8399 करोड़ रूपये का व्यय होगा जिसमें से 10547 करोड़ रूपये केन्द्र सरकार और 1987 करोड़ रूपये दिल्ली सरकार वहन करेगी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,400
गिन्नी (प्रति नग)	50,200–50,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,400
सोना जेवरात गिन्नी	64,400
चांदी पक्की	733 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,400
चांदी आभूषण	73,800।

ई-परिवहन को बढ़ावा देने को 500 करोड़ की योजना की घोषणा

नई दिल्ली। भारी उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को देश में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की घोषणा की। अप्रैल, 2024 से जुलाई, 2024 तक (चार महीने) के लिए चलने वाली इस योजना पर 500 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा। नई परियोजना दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण (फेम-2) 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रहा है। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने ई-परिवहन संवर्द्धन योजना 2024 (ईएम पीएस 2024) की घोषणा की।

सोने की कीमत में 400 रुपये और चांदी में 600 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 65,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये की गिरावट के साथ 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,900 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 400 रुपये कम है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,160 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 17 डॉलर कम है। गांधी ने कहा कि उम्मीद से अधिक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।

इस्मा ने सकल चीनी उत्पादन का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली। चीनी उद्योग संगठन इस्मा ने बुधवार को सितंबर को समाप्त होने वाले विपणन वर्ष में चीनी के सकल उत्पादन के अपने अनुमान को 9.5 लाख टन बढ़ाकर 340 लाख टन कर दिया है। जनवरी में, भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) में एथनॉल के लिए शीरे के उपयोग में लाये जाने के बिना, सकल चीनी उत्पादन 330.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया था। एक बयान में, इस्मा ने कहा कि वर्ष 2023-24 में सकल चीनी उत्पादन अब 340 लाख टन होने का अनुमान है।

लाभ की तलाश में खुदरा निवेशकों का आना चिंताजनक: नागेश्वरन

- मुख्य आर्थिक सलाहकार ने एफएंडओ को लेकर जताई चिंता

मुंबई, एजेंसी

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि वह तत्काल लाभ की तलाश में जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा निवेशकों की भागीदारी से 'चिंतित' हैं।

नागेश्वरन ने पूंजी बाजार नियामक सेबी और एनआईएसएम की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि टिकाऊ पूंजी निर्माण और टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा निवेशकों के नजरिए में 'अल्पकालिकता' का होना है और देश इस समय इस प्रवृत्ति की चपेट में है। उन्होंने बैंकों को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट समूहों को अनुमति देने पर हर बार होने वाले 'हंगामे' पर अफसोस जताते हुए कहा कि भारतीय उद्योग जगत को कंपनी संचालन गतिविधियों की स्थिति पर विचार करने और अपने आचरण का विश्लेषण करने की जरूरत है।

राष्ट्रीय

एक नजर

नोएडा एक्सटेंशन में छह ढाबों और दो दुकानों में लगी आग

नोएडा। थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित गौर सिटी मॉल के पास बने 6 ढाबों और 2 दुकानों में बुधवार सुबह आग लग गई और घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सुबह सात बजे के करीब दमकल विभाग को सूचना मिली कि नोएडा एक्सटेंशन में हिंडन नदी के पास एक ढाबे में आग लग गई है। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने पाया कि वहां बने 6 ढाबों और दो अन्य दुकानों में आग फैल गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि 'शार्ट सर्किट' होने की वजह से आग लगी। अधिकारी ने कहा कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

12.40 लाख मूल्य का मादक पदार्थ बरामद

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने एक व्यक्ति और युगांडा की एक महिला को गिरफ्तार कर उनके पास से 12.40 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ मेफेड्रोन बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई से आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की एक टीम ने मंगलवार दोपहर दोनों आरोपियों को जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) से पलास्पे की ओर एक ऑटो–रिक्शा में जाते हुए देखा था।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनेगा देश

प्रधानमंत्री ने गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्रों की आधारशिला रखी

धोलेरा/गुवाहाटी, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की आधारशिला रखी, जिनमें असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपये के खर्च पर बनने वाला केंद्र भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश इस क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बन जाएगा।

गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकारों पर देश की क्षमता, प्राथमिकताओं और भविष्य की जरूरतों को नहीं समझने तथा भारत के सेमीकंडक्टर सपनों को वास्तविकता में बदलने में विफल रहने का आरोप लगाया। इन तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों में दो गुजरात में और एक असम में है।

मोदी ने देश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भारत वादा करता है, तो उसे पूरा भी करता है। उन्होंने कहा कि चिप विनिर्माण असीम संभावनाओं के साथ विकास का द्वार खोलता है। प्रधानमंत्री ने कहा-दो साल पहले, हमने एक सेमीकंडक्टर मिशन का ऐलान किया था और घोषणा की थी कि हम पहल करेंगे। कुछ ही महीनों में हमने 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए और आज हम तीन परियोजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। भारत वादा करता है, तो उसे भी पूरा करता है।

मोदी ने की पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) जैसे वंचित वर्गों के लोगों को मिला है। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 'पीएम–सूरज' राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत के मौके पर दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चयन का जिक्र करते हुए कहा कि वंचित तबके के लोगों को शीर्ष पदों तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने कोविंद और मुर्मू की हार सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कोशिश की। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से पूछा–कौई कैसे कह सकता है कि मेरा कोई परिवार नहीं है।

बीजापुर में छात्रा ने दिया बच्चे को जन्म अधीक्षिका निलंबित

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक सरकारी बालिका छात्रावास की छात्रा द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद जिला प्रशासन ने छात्रावास की अधीक्षिका को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि 20 वर्षीय यह छात्रा पिछले 2-3 साल से अपने परिवार की सहमति से एक युवक के साथ रिश्ते में थी। बीजापुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बलिराम बघेल ने बताया कि गंगालूर इलाके में पोर्टा केबिन छात्रावास में 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने मंगलवार रात पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और वहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बघेल ने बताया कि आज सुबह घटना की जानकारी मिलने पर वह और अन्य अधिकारी छात्रावास और अस्पताल पहुंचे।

हमारे खातों पर रोक लगाई गई खर्च करने के लिए पैसे नहीं : खरगे

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के पास पैसे की कमी होने का बुधवार को संकेत दिया और आरोप लगाया कि लोगों द्वारा दिया गया चंदा जिन बैंक खातों में जमा किया गया था, उनपर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है तथा आयकर विभाग ने पार्टी पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया है।

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे देश में संविधान और लोकतंत्र को "बचाने" के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में एक साथ मजबूती से खड़े हों और कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करें। खरगे ने चुनाव में समान अवसर की आवश्यकता पर जोर दिया और आरोप लगाया कि भाजपा ने आयकर विभाग का सहारा लेकर कांग्रेस के खातों पर रोक लगवाई और जुर्माना लगवाया है। उन्होंने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद भाजपा चुनावी बॉण्ड के माध्यम से मिले हजारों करोड़ रुपये का खुलासा करने के लिए तैयार नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, ''यह हमारी पार्टी का पैसा था जो आप लोगों ने चंदे के रूप में दिया था, उन्होंने इसे फ्रीज कर दिया है और हमारे पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं।

राजस्थान में मिट्टी ढहने से चार मजदूर दबे, दो लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान में सिरोही जिले के आबूरोड (शहर) थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह मिट्टी ढहने से वहां काम कर रहे चार मजदूर उसके नीचे दब गए जिनमें से दो की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब 'सीवरेज' के लिए खोदे गए गड्ढे में पाइप लगाते समय मिट्टी ढह गई। दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई जबकि दो का उपचार चल रहा है। थानाधिकारी बंशीलाल साद ने बताया कि हिना कॉलोनी में सीवरेज पाइप डालने के सिलसिले में 10 फुट गहरे खड्डे में चार मजदूर काम कर रहे थे, उसी दौरान अचानक मिट्टी के ढह जाने से चारों मजदूर उसके नीचे दब गये। उन्होंने बताया कि मजदूर अशफाक, राहुल, मनीष और इरफान को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां यूपी के निवासी अशफाक (25) और राहुल (24) की मौत हो गई।

प्रसार भारती की समाचार सेवा शब्द का शुभारंभ

- छोटे मीडिया घरानों को मिलेगी निशुल्क समाचार सेवा-ठाकुर

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रसार भारती द्वारा सृजित की गई समाचार सेवा "शब्द" का रिमोट दबाकर ऑनलाइन शुभारंभ किया है। उनका दावा है कि शब्द समाचार सेवा के माध्यम से प्रसार भारती का देशव्यापी संचार नेटवर्क गांव-गांव तक सूचनाओं को पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से प्रसार भारती देश के अंतिम छोर में खड़े हुए व्यक्ति को समाचारों से लाभान्वित करता रहा है। अब "शब्द" नमक समाचार सेवा देश के हजारों समाचार पत्रों, मैगजीन, चैनल एवं छोटे मीडिया समूहों को निशुल्क सेवाएं प्रदान करेगा।

इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि सूचना के क्षेत्र में शब्द नमक न्यूज़ प्लेटफार्म उन मीडिया घरानों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है जो आर्थिक संकट के चलते सूचनाओं के सीमित दायरे में बंधे हुए थे लेकिन अब उन्हें हिंदी सहित तमाम क्षेत्रीय भाषाओं में हर तरह के समाचार मिलेंगे।

रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले का मुख्य संदिग्ध एनआईए की हिरासत में

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मुख्य संदिग्ध को हिरासत में लिया है। एनआईए को यह सफलता संदिग्ध की तस्वीर साझा करने और सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद मिली। गत 01 मार्च को घटना वाले दिन संदिग्ध की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई थी, जिसमें वह कैफे के अंदर इडली की प्लेट ले जाता दिख रहा था। उसे कंधे पर रखे बैग के साथ देखा गया, जिसके अंदर आईईडी बम रखे होने का संदेह व्यक्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुख्य संदिग्ध की पहचान शब्बीर के रूप में हुई है, जिसे बल्लारी जिले के चॉल बाजार इलाके से हिरासत में लिया गया है।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान बुधवार को अमृतसर जिले में अटारी–वाघा बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान प्रदर्शन करते हुए। ● एजेंसी

केंद्र केरल को 5,000 करोड़ रुपये के कर्ज की सहमति देने को तैयार

नई दिल्ली। केंद्र ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि वह वित्तीय मुद्दों का सामना कर रहे केरल सरकार को कुछ शर्तों के अधीन 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेने की अनुमति देने को तैयार है। हालांकि, केरल सरकार ने 'बेहद खास और असाधारण उपाय' के तौर पर 5,000 करोड़ रुपये की उधारी लेने की छूट देने को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि उसे कम-से-कम 10,000 करोड़ रुपये की जरूरत है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने यह छूट देने का प्रस्ताव रखा है।

नायब सिंह सैनी सरकार ने विस में हासिल किया विश्वास मत

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा की नायब सिंह सैनी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बुधवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। सदन ने करीब दो घंटे तक हुई चर्चा के बाद ध्वनि मत से विश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया।

सैनी ने एक दिन पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायक विश्वास मत पर मतदान से पहले सदन से बाहर चले गये। पार्टी ने अपने सभी 10 विधायकों को व्हिप जारी कर विश्वास मत पर मतदान के दौरान सदन से अनुपस्थित रहने के लिए कहा था। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विश्वास मत प्रस्ताव को ध्वनि मत से मतदान के लिए रखा, जिसे सैनी सरकार ने हासिल कर लिया। सदन में राज्य के पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज मौजूद थे। ध्वनि मत के दौरान जजपा के 10 विधायकों के अलावा इंडियन नेशनल लोकदल के एक मात्र विधायक भी सदन में मौजूद नहीं थे। कांग्रेस सदस्यों ने अध्यक्ष से गुप्त मतदान का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इससे इनकार कर दिया कि नियमों में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। इससे पहले, सैनी ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के लिए विश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर दो घंटे तक चर्चा हुई।

हरियाणा की सरगर्मी

सैनी के मुख्यमंत्री बनने को कोर्ट में चुनौती

हरियाणा में कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में बुधवार को चुनौती दी गयी। वकील जगमोहन भाटी की तरफ से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि श्री सैनी ने संसद से इस्तीफा दिये बिना मुख्यमंत्री पद की शपथ ली जो जनप्रतिनिधि कानून, 1951 और संविधान का उल्लंघन है।

खट्टर ने विधानसभा सीट से इस्तीफा दिया

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को करनाल विधानसभा सीट से इस्तीफा देने की घोषणा की। खट्टर ने यह घोषणा विधानसभा में विशेष सत्र के दौरान की। उन्होंने कहा कि वह आज करनाल विधानसभा सीट से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा क्षेत्र की देखरेख करें।

शिमला में गिरे ओले, आज भारी बर्फबारी के आसार

उत्तराखंड में मौसम ने ली करवट

उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। आज यानी गुरुवार को प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र का कहना है कि प्रदेश के उत्तरकाशी चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में हल्की बारिश हो सकती है। 14 मार्च को भी कुछ जिलों में मौसम बदला रहने की संभावना है। आज बाद प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।

शिमला, एजेंसी

हिमाचल में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर जारी है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हो रही है। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। बता दें, बीते 24 घंटों के दौरान कुकुमसेरी में 8, गोंदला में 7, केलांग में 4 और कोठी व सांगला में एक-एक सेंटीमीटर बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है। राजधानी शिमला और आसपास के क्षेत्रों में शाम ढलते ही बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है।

स्पीति में जल संकट, कई किमी दूर मिल रहा पीने का पानी

बर्फबारी के बाद लाहुल स्पीति में पानी की कमी खलने लगी है। पेयजल लाइनें जाम हो गई हैं, लोगों को नदी किनारे और नालों से पानी ढोना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में ग्रामीण 5 से 7 किलोमीटर की सफर तय करके पानी लाने को मजबूर हैं। केलांग में भी हर साल की तरह इस साल भी बर्फ के बीच में लोगों को बाहर लगे नलों से कैन में उठाकर खुद लाना पड़ रहा है।

जैविक, केमिकल हथियारों का दुरुपयोग रोकेगा एआई

रिसर्च में एआई के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए दुनियाभर के 90 वैज्ञानिकों ने समझौता किया है। समझौते में सैन फ्रांसिस्को के हाई-प्रोफाइल एआई स्टार्ट-अप एंथोपिक के मुख्य कार्यकारी डारियो अमोदेई, नोबेल पुरस्कार विजेता जीव वैज्ञानिक फ्रांसिस अर्नोल्ड जैसे विशेषज्ञ भी शामिल हैं। इनका कहना है कि जीव विज्ञान के क्षेत्र में एआई का लाभ किसी भी संभावित नुकसान से अधिक होगा। अर्नोल्ड ने कहा कि, जैविक, केमिकल हथियारों में एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए समझौता हुआ है। आईए जानते हैं इसके बारे में...

- नई एआई प्रौद्योगिकी जल्द ही अकुशल और आपराधिक लोगों की मदद कर सकती है, जो बड़े पैमाने पर जैविक हथियार और घातक जहरीले केमिकल बना सकते हैं। वैज्ञानिकों का नया समझौता एआई को गलत लोगों के हाथों में जाने से रोकने का प्रयास है। वैज्ञानिक सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एआई की मदद से किया अनुसंधान दुनिया को नुकसान पहुंचाए बिना आगे बढ़े।

एआई बना रही कंपनियों में 7.61 लाख करोड़ का निवेश

एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। 2022 में एआई बनाने वाली 1400 कंपनियों में 92 अरब डॉलर (7.61 लाख रु.) का निवेश हुआ, जो 2016 की तुलना में करीब दोगुना है।



- वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में इंस्टीट्यूट फॉर प्रोटीन डिजाइन के निदेशक डेविड बेकर ने कहा, 'यह डीएनए निर्माण उपकरण जैव-हथियारों के विकास को आसान बनाएगा। वहीं, शिकागो यूनिवर्सिटी में जैव रसायन और आणुविक जीव विज्ञान के प्रो. राम रंगनाथन ने कहा, इन प्रौद्योगिकियों को कुछ लोगों या संगठनों तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

एआई के इस्तेमाल से और घातक हो रहे युद्ध

सेनाएं अपने सैनिकों का प्रभाव बढ़ाने और उनके जीवन की रक्षा के लिए इन प्रणालियों का उपयोग करती हैं। एआई प्रणाली सैनिकों को अधिक कुशल बना सकती है और इससे युद्ध की गति और घातकता के बढ़ने की आशंका है। एआई का युद्ध के सभी स्तरों पर प्रभाव पड़ रहा है, 'खुफिया, निगरानी और टोही' गतिविधियों से लेकर 'घातक हथियार प्रणालियों' के लिए इसका इस्तेमाल हो रहा है, जिसके जरिए मानव हस्तक्षेप के बिना निशाना बनाकर हमला किया जा सकता है। बता दें, इजराइल की सेना भी हबसोरा प्रणाली भी इसी तरह काम करती है। यह प्रणाली मशीनों के सुझावों पर भरोसा करने की मानवीय प्रवृत्ति को बढ़ा सकती है। यह बात हबसोरा प्रणाली से सामने आई है।

एक नजर

भारत और भूटान खाद्य सुरक्षा समझौते को मंत्रिमंडल की मंजूरी

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने भूटान के स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा तथा मानक प्राधिकरण के बीच खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग से संबंधित एक समझौते को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। भूटान की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर होने से दोनों पड़ोसी देशों के बीच कारोबार में सुगमता आएगी। भारत उत्पादों का निर्यात करते समय एक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र जारी करेगा। इससे व्यापार में सुगमता को प्रोत्साहन मिलेगा और दोनों पक्षों के लिए अनुपालन लागत कम होगी।

छत्तीसगढ़ में हथियार के साथ छह नक्सली गिरफ्तार

पत्थलगांव। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने आज स्वचालित हथियार के साथ झारखंड के आधा दर्जन खुंखार नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक नग एके-47, कारतूस, नक्सली ड्रेस एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना पर जशपुर और बलरामपुर जिले की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की थी, जिससे बाद 6 हार्डकोर नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया। नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि झारखंड से भाग कर वे जशपुर जिले में शरण लेने आए थे। फिलहाल पुलिस ने इन नक्सलियों को लेकर पूरे सरगुजा संभाग मे सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है।

पटना के न्यायालय में ट्रांसफॉर्मर फटा, एक की मौत, कई घायल

पटना। बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय के गेट नंबर एक पर ट्रांसफर्मर में आग लगने के बाद फट गया। विस्फोट में एक वकील की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया है कि, घटना में एक दिव्यांग अधिवक्ता दबीन्द्र प्रसाद मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक टाइपिस्ट और एक मुंशी आग में गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा कई अन्य लोग भी विस्फोट की चपेट में आए हैं। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

दहल ने अग्निपरीक्षा की पास, तीसरी बार हासिल किया विश्वास मत

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने एक बार फिर अग्निपरीक्षा पास कर ली और अब वह प्रधानमंत्री बने रहेंगे। दिसंबर 2022 में पद संभालने के बाद से दहल ने तीसरी बार विश्वासमत हासिल किया। हाल ही में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से राजनीतिक रिश्ते खत्म कर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन किया था। नेपाली संघीय संसद में बुधवार को प्रचंड के पक्ष में 275 में से 157 वोट पड़े, जबकि 110 सदस्यों ने विश्वास मत के विरोध में वोटिंग की।

राष्ट्रपति बाइडन-ट्रंप पार्टी चुनाव जीते, दोनों नेता फिर आमने-सामने

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः 2020 में भी ट्रंप-बाइडन के बीच हुआ था मुकाबला

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए एक बार फिर जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच आमना-सामना होगा। सीएनएन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया है।

सीएनएन के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला होगा। ट्रंप ने बुधवार की सुबह राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवारी हासिल की है, जबकि बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी चुनाव में जीत दर्ज करते हुए एक दिन पहले अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मतदाताओं ने बुधवार को जॉर्जिया, मिसिसिपी और वाशिंगटन में राष्ट्रपति पद के प्राइमरी चुनावों में मतदान किया था। इससे पहले मंगलवार को डेमोक्रेट्स के प्राइमरी चुनाव के लिए मतदान किया गया था।

बता दें कि अमेरिका में इसी साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। इससे पहले साल 2020 में राष्ट्रपति पद के लिए जो बाइड और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला हुआ था।

किन राज्यों में विजेता बनकर उभरे बाइडन

वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन दूसरे कार्यकाल के लिए व्हाइट हाउस की रेस में हैं। आंतरिक चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी बाइडन अब तक चार राज्यों में जीत हासिल कर चुके हैं। न्यू हैंपशर, दक्षिणी कैरोलाइना, नेवाडा के साथ मिशिगन में भी बाइडन ने जीत दर्ज की है। बुधवार को जॉर्जिया और वॉशिंगटन में भी बाइडन ने जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही राष्ट्रपति चुनाव में 2020 की तर्ज पर एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन के बीच मुकाबला होने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। गौरतलब है कि चार साल पहले साल 2020 में कराए गए राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को मात मिली और इसके बाद देश के इतिहास में संभवतः पहली बार कैपिटल हिल पर जमकर उपद्रव हुआ।

आरोपों के साथ चुनावी मैदान में होंगे ट्रंप

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और बाइडन के बीच 2020 के चुनाव अभियान के बाद दोबारा मुकाबला देखने को मिलेगा। हालांकि, ट्रंप इस बार 91 आरोपों के साथ चुनावी मैदान में होंगे। उन पर आरोप है कि उन्होंने 6 जनवरी, 2021 में अमेरिकी कैपिटल में हुई हिंसा में प्रमुख भूमिका निभाई थी। साथ ही उन्होंने 2016 के चुनाव से पहले एक पोर्न फिल्म स्टार को धन भुगतान किया था। इस बात को उन्होंने छुपाकर रखा था।

ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन में डॉक्टरों की कमी होगी दूर भारत के नौ शहरों में होगा प्रशिक्षण

ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) में चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए भारत से दो हजार चिकित्सक भेजे जाएंगे। इसके लिए भारत के नौ प्रमुख शहरों के बड़े अस्पतालों में प्रशिक्षण शुरू किए गए हैं। मुंबई, गुरुग्राम, नागपुर, इंदौर, चेन्नई, दिल्ली, कालीकट, बेंगलुरू और मैसुरू में चिकित्सकों का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा।

एनएचएस के अनुसार, भारतीय चिकित्सकों को फास्ट ट्रैक पीजी प्रोग्राम के तहत पहले बैच को प्रशिक्षण देगा। छह से बारह महीने की प्रशिक्षण के बाद इन चिकित्सकों को ब्रिटेन के अस्पतालों में नियुक्ति दी जाएगी। भारतीय चिकित्सक दो साल के लिए ब्रिटेन में नौकरी कर सकेंगे। एनएचएस की रिपोर्ट में कहा गया है कि एनएचएस ही इन

चिकित्सकों के लिए वीजा प्रदान करेगा। प्रशिक्षण पूरा करने वाले भारतीय पीजी चिकित्सकों के लिए सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि उन्हें पीएलएबी परीक्षा नहीं देना।

ब्रिटेन में काम करने के लिए यह अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा पास करना जरूरी होता है। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में अभी लगभग 25 हजार डॉक्टरों की कमी है। ब्रिटेन में अभी 30 हजार से ज्यादा भारतीय चिकित्सक काम कर रहे हैं। फास्ट ट्रैक पीजी प्रोग्राम के बाद आने वाले दस साल में भारतीय चिकित्सकों की संख्या दोगुनी होने की संभावना है। एनएचएस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत से आने आने वाले चिकित्सकों के लिए ब्रिटेन की प्रतिष्ठित साउथ वेल्स, बोल्टन और प्लेमाउथ यूनिवर्सिटी में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। एनएचएस ने ब्रिटेन के 23 वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो भारत में आकर पीजी डॉक्टरों को प्रशिक्षण देगी।

नागपुर के किंग्सवे अस्पताल, चेन्नई के सिम्स, गुरुग्राम के पार्क अस्पताल, फरीदाबाद के मेट्रो अस्पताल, कालीकट के एस्टर अस्पताल और इंदौर के अरबिन्दो अस्पताल में ट्रेनर ने डॉक्टरों को फाइनल कर दिया है। बता दें, ब्रिटेन के हेल्थकेयर की रीढ़, एनएचएस में प्रवासियों में सबसे ज्यादा संख्या भारतीय डॉक्टरों की है। भारतीय डॉक्टरों ने कोरोना काल में बेहतरीन काम किया था।

रूस की स्वतंत्रता को खतरा हुआ तो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेंगेः पुतिन

मॉस्को। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर रूसी राज्य, संप्रभुता या स्वतंत्रता को खतरा होता है तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। बुधवार तड़के जारी रूसी राज्य टेलीविजन के साथ एक इंटरव्यू में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका किसी भी ऐसे तनाव से बचेगा जो परमाणु युद्ध को जन्म दे सकता है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि रूस की परमाणु ताकतें



इसके लिए तैयार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कभी यूक्रेन में युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों का उपयोग करने पर विचार किया है, पुतिन ने जवाब दिया कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि मॉस्को यूक्रेन में अपने लक्ष्यों को हासिल करेगा और बातचीत के लिए दरवाजे खुले रखे, इस बात पर जोर दिया कि किसी भी सौदे के लिए पश्चिम से ठोस गारंटी की आवश्यकता होगी।

अग्नि युद्ध...

बाली : इंडोनेशिया के बाली के लेंबोक द्वीप में न्येपी दिवस के साथ हिंदू नव वर्ष की शुरुआत हुई। इस मौके पर अग्नि युद्ध की परंपरा 'पेरांग आपी' के तहत लोगों ने एक-दूसरे पर अंगार फेंके। बाली में मान्यता है कि ऐसा करने से बुरी आत्माएं दूर रहती हैं और साल भर खुशहाली में बीतता है। वर्ष का पहले दिन आत्म चिंतन के लिए लोग उपवास और मौन व्रत भी रखते हैं। इसके अलावा पूरे बाली में अवकाश रहता है। ● एजेंसी

एनसीसी का होगा विस्तार, रक्षा मंत्री ने दी पदों पर भर्ती को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। राजनाथ सिंह ने तीन लाख पदों पर कैडेट की भर्तियों को भी मंजूरी दी है। मीडिया के मुताबिक, इस विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सकता है। बता दें कि 1948 में एनसीसी में केवल 20,000 कैडेट थे, जो अब 20 लाख कैडेटों की स्वीकृत संख्या तक पहुंच गई है। इसी के साथ ही यह विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन बन जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किया जा रहा है, इसलिए यह विस्तार देश के युवाओं



- देशभर में बढ़ती मांग होगी पूरी स्वीकृति के बाद विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन होगा एनसीसी

की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

राष्ट्रीय कैडेट कोर विस्तार के इस विस्तार के दूरगामी प्रभाव से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों को भरा जाएगा और इससे एनसीसी के लिए महत्वपूर्ण संस्थानों की प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी। विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों की स्थापना और दो नई एनसीसी इकाइयों को शामिल करना शामिल है।

श्रीलंकाः अवैध रूप से काम करने पर 21 भारतीय गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंकाई अधिकारियों ने शिथिल पर्यटक वीजा मानदंडों का उल्लंघन करते हुए द्वीप राष्ट्र में अवैध रूप से एक ऑनलाइन विपणन केंद्र संचालित करने के आरोप में 21 भारतीयों को गिरफ्तार किया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 24 से 25 वर्ष की आयु के 21 भारतीय पुरुष (जो पर्यटक वीजा पर श्रीलंका में थे) को आव्रजन और प्रवासन विभाग ने मंगलवार को हिरासत में लिया। प्रारंभिक जांच के बाद, विभाग ने नेगोंबो शहर में एक किराए के घर पर छापा मारा, जहां गिरफ्तार किए गए लोग एक ऑनलाइन मार्केटिंग केंद्र संचालित करते पाए गए। घर को एक कार्यालय स्थान में बदल दिया गया था जहां कंप्यूटर और अन्य उपकरण लगाए गए थे।

जयशंकर की टिप्पणी के बाद चीन के बदले सुर, सीमा विवाद द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता

बीजिंग, एजेंसी। चीन ने कहा कि भारत अक्सर कहता है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। चीन-भारत सीमा मुद्दा पूरे द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। दोनों देशों को गलत निर्णय लेने से बचने के लिए आपसी विश्वास को बढ़ाना होगा।

गौरतलब है कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई दोनों सेनाओं के बीच झड़प के बाद द्विपक्षीय संबंधों में दरार आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी पर सवालों का जवाब देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि एलएसी पर सैनिकों की झड़प से हमारे लिए कोई फायदा नहीं हुआ। वांग ने कहा कि चीन ने कई बार इस बात पर जोर दिया है कि सीमा विवाद कभी भी पूरे चीन-भारत संबंधों को नहीं दर्शाता है। बता दें सोमवार को चीनी राजनयिक के सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा था कि मुझे लगता है कि यह हमारे साझा हित में है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इतनी अधिक सेनाएं नहीं होनी चाहिए।

पशुओं को खिलाने वाले दानों की रोटी के भरोसे जी रहे गाजावासी

राफा, एजेंसी

इजराइल हमास में पांच माह से चल रहे युद्ध में गाजा की 95 फीसदी आबादी भोजन के संकट से जूझ रही है। वहीं, रमजान में भी संघर्ष विराम नहीं होने से फिलिस्तीनी लोग डर के साए में हैं। पहले से राहत सामग्री की कमी का सामना कर रहे लोगों के लिए रमजान में हालात और बदतर हो गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, गाजा में महंगाई आसमान छू रही है। चावल 1900 रुपये और मैदा 1500 रुपये किलो पहुंच गई है। संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी के अनुसार, अधिकांश गाजावासी मवेशियों को खिलाए जाने वाले अनाज की रोटियां बनाकर खा रहे हैं। दिसंबर के बाद से हर रोज औसत सिर्फ 6 राहत ट्रक ही मिल रही है। युद्ध से पहले हर रोज गाजा

में 500 ट्रकों की जरूरत होती थी। वहीं, कुपोषण के चलते गाजा में मरने बाले बच्चों की संख्या 27 हो चुकी है। राहत सामग्री की लगातार कमी के चलते चीजों के दाम आम गाजावासियों की पहुंच से बाहर हो गए हैं। मक्के का आटा 944 रु. किलो और जौ 734 रु. प्रति किलो मिलता है। गाजा के लोग इन्हें मिलाकर पिटा रोटी बनाते हैं। युद्ध से पहले चावल 165 रुपए किलो था, अब 1900 रु. प्रति किलो हो गया है। मैदा पहले 62 रु. किलो था जो अब 1500 रु. किलो में बिक रहा है।

विज्ञान मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने कहा-वास्तविक रहस्य खुलना अभी बाकी

रहस्यमय ढंग से उबलने व घूमने लगा है बेटेल्गेयूज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : जीवन की अंतिम सांसे ले रहा तारा बेटेल्गेयूज ने वैज्ञानिकों को एक बार फिर उलझन में डाल दिया है। नए शोध के अनुसार अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में पहुचा यह विशाल तारा रहस्यमय ढंग से अब उबलने लगा है और बहुत तेजी से अपने आकार की तुलना में कहीं अधिक तेजी से घूमने भी लगा है।

बहरहाल इस बदलाव का वास्तविक रहस्य खुलना अभी बाकी है। यह विशाल तारा दुनिया के वैज्ञानिकों के आकर्षण के केंद्र में है। मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिक बेटेल्गेयूज पर नजर रखे हुए हैं। उनका कहना है कि बेटेल्गेयूज अत्यधिक गति से घूमता हुआ प्रतीत होता है। वास्तव में हिंसक रूप से उबलती इसकी सतह एक भ्रम भी हो सकता है। बेतेल्गेयूज पृथ्वी से 500 से 600 प्रकाश-वर्ष के बीच स्थित है। इसकी जांच पड़ताल के लिए अत्यधुनिक दूरबीनें लगाई गई हैं। मगर अभी कुछ परिणाम भर्मित करने वाले हैं। हमसे बहुत दूर होने की वजह से अभी स्पष्ट परिणाम सामने न आ रहे हों। मगर इतना कहा जा सकता है कि इस तारे में आने वाले बदलावों व अंत को लेकर वैज्ञानिक भविष्यवाणी कर सकते हैं। अब सिमुलेशन तकनीक के जरिए आगे का परीक्षण किया जाएगा। जिससे कुछ सार्थक नतीजे सामने आएंगे। सर्वविदित है बेटेल्गेयूज एक लाल महादानव तारा है, जो तब सुर्खियों में आया, जब इसकी चमक मंद पड़ने लगी थी। शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि किसी तारे का अंत होते देखना कोई रहस्यमय फिल्म देखने जैसा है। इस तारे के अभी तक आए सभी परिणाम बेहद रोमांचक है।



बेटेल्गेयूज में लाल रंग में आये बदलाव व चमकीले रंग में पुरानी तस्वीर।

पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में सबसे चमकीले तारों में से एक है बेटेल्गेयूज

बेटेल्गेयूज पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में सबसे चमकीले सितारों में से एक है। यह ओरियन बैल्ट का सदस्य है। जिस कारण इस तारे का अच्छी तरह से अध्ययन किया जा सकता है। अब यह अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में जा पहुचा है और कभी भी अंत हो सकता है। हम इसके अंत होने के गवाह बन पाएंगे? यह प्रश्न अभी भी अनुत्तरित है। इस दिशा में वैज्ञानिक सटीक पूर्वानुमान लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

जापान के पहले निजी उपग्रह में प्रक्षेपण के दौरान विस्फोट

टोक्यो, एजेंसी

जापान की एक कंपनी ने रॉकेट निर्माण के बाद अंतरिक्ष में दस्तक की योजना बनाई थी। हालांकि, काइरोस नाम के इस रॉकेट के प्रक्षेपण के तत्काल बाद जोरदार धमाका हुआ। बुधवार को प्रक्षेपण के चंद सेकेंड बाद हुए विस्फोट के कारण परियोजना अधर में लटक गई है।

जापान के सरकारी प्रसारक एनएचके के कैमरे पर काइरोस रॉकेट में धमारे की वीडियो फुटेज रिकॉर्ड हुई है। बता दें, इस रॉकेट की मदद से एक सरकारी उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने की योजना थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टोक्यो से शुरू हुआ स्टार्टअप- स्पेस वन उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित करने के मामले में देश की पहली निजी कंपनी बनना

चाहती थी। हालांकि, हादसे के कारण अरमानों पर पानी फिर गया है। खबरों के मुताबिक बुधवार को 18 मीटर लंबा रॉकेट काइरोस ठोस ईंधन के साथ प्रक्षेपित किया गया।

पश्चिमी जापान के वाकायामा प्रान्त से लॉन्च किए गए इस रॉकेट की मदद से एक छोटे सरकारी परीक्षण उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया जाना था। रिपोर्ट के मुताबिक प्रक्षेपण के चंद सेकेंड के बाद ही रॉकेट आग की लपटों में घिर गया। लॉन्च पैड के आसपास काले धुएं का गुबार देखा गया।